



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 281 (हैदराबाद, निज़ामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु.2-3 2079 रविवार, 25 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये


## अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की कोविड जांच शुरू

मुंबई/नागपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई और नागपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों पर दो साल से अधिक समय के बाद शनिवार से आने वाले यात्रियों के लिए फिर से मुफ्त कोविड-19 जांच शुरू की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय और राज्य दिशानिर्देशों के अनुसार याऑच्छिक रूप से परीक्षण किया जा रहा है। यात्रियों की पहचान उनकी संबंधित एयरलाइनों द्वारा की जा रही है और उनके आरटी-पीसीआर परीक्षणों के लिए टर्मिनलों में समर्पित क्षेत्रों में निर्देशित किया गया है, यात्रियों को अपने सैंपल्स जमा करने होंगे और अपनी आगे की यात्रा जारी रखनी होगी।

# मेडिकल कॉलेजों में बढ़ोत्तरी : मोदी



राजकोट, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्वामीनारायण गुरुकुल राजकोट संस्थान के 75वें 'अमृत महोत्सव' को वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कई अहम मुद्दों पर चर्चा कीं। पीएम मोदी ने स्वामीनारायण गुरुकुल के 75 वर्षों की यात्रा पूरी होने के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि देश आजाद होने के बाद हम पर जिम्मेदारी थी कि शिक्षा के क्षेत्र में हम अपने प्राचीन वैभव और महान गौरव को पुनर्जीवित करें। स्वामीनारायण गुरुकुल इसी गौरव का उत्कृष्ट उदहारण है।

**मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 65 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोत्तरी**

पीएम मोदी ने कहा कि आज नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से देश पहली बार उस शिक्षा व्यवस्था तैयार कर रहा है वह दूरदर्शी है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 65 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश पहली बार उस शिक्षा व्यवस्था को तैयार कर रहा है जो कि दूरदर्शी है। शून्य से अनंत तक, हमने हर क्षेत्र में शोध किए, नए निष्कर्ष निकाले और आज आजादी के इस अमृतकाल में देश, एजुकेशन इनफ्रास्ट्रक्चर हो या एजुकेशन पॉलिसी... हर स्तर पर काम कर रहा है।

### मुझे खुशी है कि 'स्वामीनारायण गुरुकुल, कन्या गुरुकुल' की शुरूआत कर रहा

जब विश्व में लैंगिक समानता जैसे शब्दों का जन्म भी नहीं हुआ था उस समय हमारे यहां गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषियां शास्त्रार्थ कर रही थीं। महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आत्रेयी भी पढ़ रही थीं। मुझे खुशी है कि स्वामीनारायण गुरुकुल इस पुरातन परंपरा को, आधुनिक भारत को आगे बढ़ाने के लिए 'कन्या गुरुकुल' की शुरूआत कर रहा है। मैं इसके लिए आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

**गुरुकुल ने छात्रों के मन-मस्तिष्क को अच्छे विचारों और मूल्यों से सींचा है :**

श्री स्वामीनारायण गुरुकुल राजकोट की यात्रा के 75 वर्ष ऐसे कालखंड में पूरे हो रहे हैं, जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष मना रहा है।

इस गुरुकुल ने छात्रों के मन-मस्तिष्क को अच्छे विचारों और मूल्यों से सींचा है, ताकि उनका समग्र विकास हो सके। जिस कालखंड में दुनिया के दूसरे देशों की पहचान वहां के राज्यों और राज-कुलों से होती थी, तब भारत को भारतभूमि के गुरुकुलों से पहचाना जाता था। खोज और शोध भारत की जीवन पद्धति का हिस्सा थे। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय हमारी गुरुकुल परंपरा के वैश्विक वैभव के पर्याय हुआ करते थे।

### कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी की 20 संपत्तियां कुर्क

श्रीनगर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के श्रीनगर के बरजुल्ला स्थित घर को श्रीनगर के डीएम के आदेश पर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने सील कर दिया है। घाटी में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) संगठन की कुल 20 संपत्तियां शनिवार को जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों द्वारा कुर्क की गईं।

अधिकारियों ने बताया, कुर्क की गई कुछ संपत्तियां दिवंगत सैयद अली शाह गिलानी के नाम पर थीं। ये संपत्तियां राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) की सिफारिशों पर घाटी के विभिन्न जिलों में कुर्क की गई थीं, जो आज बडगाम, पुलवामा, अवंतीपोरा, कुलगाम और श्रीनगर जिले के 20 स्थानों पर छापेमारी कर रही है। श्रीनगर के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ने पहले ही जेईआई की तीन संपत्तियों को सील करने का आदेश दे दिया है, जिसमें बरजुल्ला श्रीनगर में 17 मरला की मालिकाना भूमि पर निर्मित दो मंजिला आवासीय स्ट्रक्चर शामिल हैं।

# चीन समेत इन पांच देशों के यात्रियों का होगा आरटी-पीसीआर टेस्ट

## संक्रमित पाए जाने पर होंगे क्वारंटाइन

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि चीन, जापान, हांगकांग, बैंकॉक और दक्षिण कोरिया से भारत आने वाले लोगों का आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, इसको लेकर जल्द ही विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा।

मंडाविया ने कहा, हम विमानन मंत्रालय से इस मुद्दे पर बात कर रहे हैं। जिन यात्रियों की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आएगी या फिर जिनमें बुखार जैसे लक्षण मिलेंगे, उन्हें क्वारंटाइन किया जाएगा। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए विमानन मंत्रालय का एक आदेश जारी हुआ है।

इसके तहत वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति घोषित करने के लिए एयर सुविधा फॉर्म भरना अनिवार्य कर दिया गया है।



**अनिवार्य कोविड रिपोर्ट का सरकार ने किया खंडन :** कोरोना के बारे में फैलाई जा रही ही एक खबर का सरकार ने खंडन किया है। खबरों में कहा जा रहा था कि अधिक सक्रिय मामले वाले देशों से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर रिपोर्ट अनिवार्य होगी। इसके बाद ही उन्हें भारत आने की अनुमति मिलेगी। खबर का खंडन करते हुए केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि केंद्र सरकार ने कोरोना की रोकथाम के लिए हवाई अड्डों पर रैंडम टेस्टिंग समेत कई अनिवार्य कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए प्रसारित जानकारी सही नहीं है।

### चीन में 24 घंटे में 3.7 करोड़ मरीज मिले सड़कों पर रस्सी बांधकर ड्रिप लगाई जा रही

बीजिंग, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन में कोरोना से हालात बेकाबू हो गए हैं। ब्लूमबर्ग ने चीन की नेशनल हेल्थ कमीशन के हवाले से बताया है कि मंगलवार को यहां एक दिन में 3 करोड़ 70 लाख केसेस सामने आए थे। हालांकि, सरकारी आंकड़ों में इस दिन सिर्फ 3 हजार केस ही बताए गए। रिपोर्ट के मुताबिक, इस महीने के शुरूआती 20 दिनों में 24 करोड़ 80 लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं। इसके पहले जनवरी में एक दिन में 40 लाख कोरोना मरीज मिले थे।


चीन के बदतर हालात सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियोज बता रहे हैं। एक वीडियो में लोग संतरों के लिए धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। वहीं, एक क्लिप में पीपीई किट पहना बच्चा इधर-उधर घूम रहा है। कोरोना के डर के कारण लोग उसे अपने पास नहीं आने दे रहे। महामारी विशेषज्ञ एरिक फेगल-डिंग ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें एक अस्पताल में शवों का अंबार देखा जा सकता है। ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट जेनिफर जेंग ने भी एक क्लिप शेयर की है। इसमें दिख रहा है कि सड़कों पर रस्सी बांधकर लोगों को ड्रिप चढ़ाई जा रही है।

### चीन बॉर्डर पर बसे गांवों से पलायन रोकने की कवायद

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमावर्ती क्षेत्रों में 130 गांवों की पहचान की है। सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने कहा कि एलएसी के पास आदर्श गांवों के विकास का उद्देश्य 'रिवर्स माइग्रेशन' सुनिश्चित करना है और लोगों को बेहतर संभावनाओं के लिए क्षेत्र को छोड़कर जाने से रोकना है। कमांडर ने कहा कि सेना ने जिन गांवों को चुना है उन 130 गांवों में से 28 सिक्किम में हैं, बाकी अरुणाचल प्रदेश में हैं। अरुणाचल के काहो गांव में योजना का काम शुरू भी हो चुका है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब चीन नागरिक बस्तियों को बढ़ा रहा है। चीन की सीमा से लगे प्रमुख इलाकों में सड़क और दूरसंचार नेटवर्क विकसित करने के लिए काफी काम चल रहा है। केंद्र के अलावा, अरुणाचल सरकार भी आदर्श गांवों का विकास कर रही है। एलएसी से 100 किलोमीटर के भीतर किसी भी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मंजूरी के लिए 'सिंगल विंडो सिस्टम' बनाने पर काम चल रहा है।

# टीवी अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने की आत्महत्या

## टीवी सीरियल के सेट पर ही लगा ली फांसी



मुंबई, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। सोनी सब टीवी के सीरियल 'अलीबाबा: दास्तान ए काबुल' की लीड अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने शनिवार (24 दिसंबर) को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उन्होंने टीवी सीरियल के सेट पर ही फांसी लगा ली। मामले की जानकारी मिलते ही उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, आत्महत्या करने की वजह सामने नहीं आई है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि तुनिशा की उम्र महज 20 साल थी। उन्होंने बाल कलाकार के रूप में इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरूआत की थी और 'भारत का वीर पुत्र महाराणा प्रताप' सीरियल से डेब्यू किया था।

तुनिशा का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिवाड़ी के अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, तुनिशा इस वक्त सोनी सब टीवी के सीरियल 'अली बाबा: दास्तान ए काबुल' में अहम किरदार निभा रही थीं। वह इस सीरियल में शहजादी मरियम बनी थीं। इसके अलावा वह फितूर, बार-बार देखो, कहानी 2 : दुर्गा रानी सिंह, दबंग 3 आदि फिल्मों में भी नजर आई थीं। फितूर और बार-बार देखो में तुनिशा ने कटरीना कैफ की किशोरावस्था का किरदार निभाया था। इसके अलावा 'इंटरनेट वाला लव' सीरियल में तनिशा का किरदार काफी पसंद किया गया था।

# देश में कोरोना का खतरा : केंद्र का राज्यों को निर्देश

## ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी न हो, वेंटिलेटर दुरूस्त रखें

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। देश में कोरोना के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट पर है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों को लेटर भेजा है। इसमें लिखा है कि देश में कोरोना की रफ्तार धीमी है, लेकिन हमें आने वाली चुनौती के लिए पहले से ही तैयार रहना चाहिए। मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि ध्यान रखें कि ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी न आए। साथ ही वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सप्लाई की मशीनें दुरूस्त रखी जाएं।

इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि चीन, जापान, साउथ कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरी होगा। यदि इन देशों के किसी भी यात्री में कोविड-19 के लक्षण पाए जाते हैं या टेस्ट पॉजिटिव पाया जाता है तो इन लोगों को क्वारंटाइन किया जाएगा।

**पिछले 24 घंटों में 201 नए केस**

देश में पिछले 24 घंटों में 201 नए कोरोना केस सामने आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि भारत में एक्टिव मामले 3,397 हैं, जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है। रिकवरी रेट फिलहाल 98.8 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 183 लोग ठीक हुए हैं, जिससे ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,41,42,791 हो गई है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, 75 प्रतिशत लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाई**

दूसरी तरफ, वैक्सीन को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट आई है। इसमें बताया गया है कि देश में 75 प्रतिशत लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाई है। अभी तक किसी भी राज्य में बूस्टर डोज का कवरेज 50 प्रतिशत तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा में 40 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने बूस्टर डोज लगवा ली है। कोरोना महामारी से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने तीन दिनों में तीन हाईलेवल मीटिंग कीं। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक की। उन्होंने टी3 यानी टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट की रणनीति अपनाने पर जोर दिया।

चीन में इस समय कोरोना के बीएफ-7 सब-वैरिएंट से हर दिन 5 हजार मौतें हो रही हैं। यह वैरिएंट भारत में सितंबर में आ गया था। देश में इसके केवल 4 केस हैं। इनमें 3 गुजरात और 1 केस ओडिशा में है। बिना लक्षण के ये मरीज अब स्वस्थ हैं।

**27 दिसंबर को अस्पतालों में मॉक ड्रिल होगी :**

मांडविया ने राज्यों से 27 दिसंबर को अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं की मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। खासकर ऑक्सीजन प्लांट और वेंटिलेटर को लेकर राज्यों को आगाह किया। गौरतलब है कि 2020-21 में इन दो चीजों की भारी कमी हुई थी। ऐसे में केंद्र सरकार इन व्यवस्थाओं को पुख्ता रखना चाहती है।

सितंबर में भारत में कोरोना के रोजाना औसत 5 हजार से 7 हजार केस सामने आ रहे थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर रोजाना औसत 150 रह गई है। इनमें 787 नए मामले छह राज्यों (केरल में 51 केस, महाराष्ट्र में 20, कर्नाटक में 16, ओडिशा में 11, दिल्ली-राजस्थान में 10-10) में मिल रहे हैं। सक्रिय मरीज भी घटकर 3,380 रह गए हैं।

**ये कुल मरीजों के महज 0.01 प्रतिशत हैं।**

जीनोम सीक्वेंसिंग पर फोकस :

केंद्र ने राज्य सरकारों को कोरोना पॉजिटिव मामलों की जीनोम सीक्वेंसिंग करवाने के निर्देश दिए हैं। लगभग सभी राज्य सरकारों अब कोरोना पॉजिटिव केस के सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज रही हैं। जीनोम सीक्वेंसिंग से इस बात का पता लगाया जाएगा कि कोरोना के कितने नए वैरिएंट इस वक्त देश में मौजूद हैं।

**आईएमए ने कहा, लॉकडाउन की जरूरत नहीं :**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के डॉक्टर अनिल गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत में लॉकडाउन की जरूरत नहीं पड़ेगी। आईएमए के मुताबिक, चीन की तुलना में भारत के लोगों की इम्यूनिटी ज्यादा स्ट्रॉन्ग है। भारत की 95 प्रतिशत आबादी में कोरोना के खिलाफ इम्यूनिटी बनी है, ऐसे में देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा।




# लाल किले से राहुल गांधी बोले, देश में भाईचारा

## मीडिया हिंदू-मुस्लिम के नाम पर नफरत फैला रहा, इन्हें सरकार कंट्रोल कर रही

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में है। यहां शनिवार शाम उन्होंने लाल किले से जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मीडिया केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। वह चौबीसों घंटे हिंदू-मुस्लिम के नाम पर नफरत फैला रहा है, जबकि देश में सच्चाई यह नहीं है। मैंने इस यात्रा में पाया कि देश में लोगों के बीच भाईचारा है। सब एक दूसरे को प्यार करते हैं। यह मीडिया की गलती नहीं है, इनके पीछे जो शक्ति है वह इन्हें कंट्रोल कर रही है। यह सब वास्तविक समस्याओं से देश का ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है।




**देश में मोदी नहीं, अंबानी-अडाणी की सरकार है**

राहुल गांधी ने पूछा कि देश में नरेंद्र मोदी की सरकार नहीं है, यह अंबानी-अडाणी की सरकार है। मैं 2800 किलोमीटर पैदल चला हूं, मुझे कहीं नफरत नहीं दिखी। आज देश का युवा बेरोजगार है। अगर इस देश में युवाओं को कोई रोजगार दे सकता है तो देश के किसान और छोटे व्यापारी हैं। लेकिन इनके लिए देश की बैंकों के दरवाजे बंद रहते हैं। राहुल बोले जब मैं राजनीति में आया, तब मीडिया वाले चौबीस घंटे राहुल गांधी, राहुल गांधी करते थे। बीजेपी ने मेरी छवि खराब करने में हजारों करोड़ रुपये लगा दिए, मैं एक शब्द नहीं बोला। मैंने यह भी नहीं कहा कि यह गलत कह रहे हैं। पूरा मीडिया, वॉट्सऐप, फेसबुक पर मेरी छवि खराब करने में लग गए। लेकिन सच्चाई को छिपाने की कितनी भी कोशिश कर लो, कहीं न कहीं से सच्चाई बाहर आ ही जाती है। भाजपा पर तंज कसते हुए राहुल ने कहा मैंने गीता पढ़ी है, उपनिषद पढ़े हैं। उसमें गले लगाने की बात होती है। ये लोग डर फैला रहे हैं। डर किसानों के दिल में, युवाओं के दिल में, छोटे कारोबारियों के दिल में, माताओं के दिल में। ये लोग चौबीस घंटे देश में डर फैलाने की कोशिश करते हैं।

**हिंदुस्तान जैसी है भारत जोड़ो यात्रा :**

राहुल गांधी ने कहा कि मेरी इस यात्रा में कुत्ते, गाए-भैंस, सुअर सब जानवर आए लेकिन किसी को नहीं मारा गया। देश में कोई नफरत नहीं है। जैसा हिंदुस्तान है वैसी ही यह यात्रा है। कभी-कभी कोई गिरा तो उसे एक सेकेंड में लोग उन्हें उठा लेते थे। यह है हिंदुस्तान। शनिवार को यात्रा में अभिनेता कमल हासन, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा भी शामिल हुए। राहुल गांधी शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल, राजघाट, शक्ति स्थल, वीर भूमि और विजय घाट जाने वाले थे, लेकिन देर होने की वजह से अब राहुल आज इन लोगों की समाधियों पर श्रद्धांजलि देने जाएंगे। यात्रा के दौरान राहुल ने हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर चादर चढ़ाई।

>14





### कौन हैं चंदा गोचर?

**चंदा कोचर महज 22 साल की थीं, जब उन्होंने 1984 में आईसीआईसीआई बैंक में मैनेजमेंट ट्रेनी के तौर पर काम शुरू किया। 47 साल की उम्र तक वह सीईओ बन गई थी। कोचर किसी भारतीय बैंक की प्रमुख बनने वाली पहली महिला है। चंदा ने अपने कार्यकाल में कई अलग-अलग कंपनियों को लोन दिए थे।**

# चंदा और दीपक कोचर 3 दिन की सीबीआई कस्टडी में

## आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी पर लोन फ्रॉड का आरोप, शुक्रवार को हुई थी गिरफ्तारी

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। सेंट्रल ब्युरो ऑफ इन्व्हेस्टिगेशन (सीबीआई) ने अब आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को 3 दिन की हिरासत में ले लिया है। चंदा और दीपक कोचर को सीबीआई ने एक दिन पहले शुक्रवार को गिरफ्तार किया। वीडियोकॉन ग्रुप को रेगुलेशन के खिलाफ जाकर दिए गए करोड़ों रुपए के लोन के मामले में ये गिरफ्तारी हुई। जब ये लोन दिए गए थे, उस समय चंदा बैंक में सीईओ और एमडी के पद पर थीं। इन लोन्स के एनपीए होने से बैंक को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। चंदा और दीपक कोचर को शनिवार को सीबीआई की मुंबई स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद दोनों को सीबीआई ने 3 दिन यानी 24 से 26 दिसंबर तक की हिरासत में लिया है। बिजनेस टुडे की एक रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा गया था कि कोचर परिवार को एजेंसी हेडक्वार्टर बुलाया था और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई ने आरोप लगाया कि वे अपने जवाबों में टालमटोल कर रहे थे और जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे।

### एफआईआर में बतौर आरोपी दर्ज थे कोचर दंपति और धूत के नाम

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने चंदा कोचर, उनके पति और वीडियोकॉन समूह के वेणुगोपाल धूत के साथ-साथ नूपावर रिन्यूएबल्स, सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर में आरोपी के रूप में दर्ज किया था। चंदा कोचर पर मार्च 2018 में अपने पति को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए अपने पद के दुरुपयोग का भी आरोप लगा था। आरोपों के बाद चंदा ने अक्टूबर 2018 में आईसीआईसीआई बैंक के सी ई ओ और एमडी के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### धूत ने आईसीआईसीआई बैंक से मिले कर्ज का नूपावर में किया था निवेश

अधिकारियों ने बताया कि ऐसा आरोप है कि वीडियोकॉन के प्रवर्तक वेणुगोपाल धूत ने 2012 में आईसीआईसीआई बैंक से वीडियोकॉन ग्रुप को 3,250 करोड़ रुपये का कर्ज मिलने के बाद कथित तौर पर नूपावर में करोड़ों रुपये का निवेश किया। सीबीआई ने 2019 में एफआईआर दर्ज करने के बाद एक बयान में कहा था कि यह आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने आईसीआईसीआई बैंक को धोखा देने के लिए आपराधिक साजिश में निजी कंपनियों को कुछ ऋण मंजूर किए थे। बता दें कि मई 2020 में ईडी ने चंदा कोचर और उनके पति से करोड़ों रुपये के लोन और इससे जुड़े अन्य मामलों में पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद ईडी ने दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था। बता दें, 26 अगस्त 2009 को चंदा कोचर के कहने पर बैंक ने 300 करोड़ रुपये वीआईईएल का ऋण स्वीकृत किया गया था।

दीपक और चंदा कोचर पर आरोप है कि उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक की ओर से वीडियोकॉन को दिए गए लोन के जरिए फ्रॉड किया। ये लोन बाद में नॉन परफॉर्मिंग एसेट में बदल गए। इस मामले में दीपक और चंदा कोचर के खिलाफ सीबीआई, ईडी, एसएफआईओ और आयकर विभाग जांच कर रहे हैं। इसमें साल 2012 में वीडियोकॉन को दिया 3,250 करोड़ रुपए का लोन शामिल है। आरोपों के अनुसार, वीडियोकॉन ग्रुप के पूर्व चेयरमैन वेणुगोपाल धूत ने कोचर की कंपनी नूपॉवर रिन्यूएबल्स में वीडियोकॉन को लोन मिलने के बाद करोड़ों रुपए का निवेश किया था। लोन को एक कमेटी से मंजूरी दी गई थी, जिसमें चंदा कोचर भी एक मेंबर थीं। अक्टूबर 2018 में इस मामले को लेकर चंदा को इस्तीफा देना पड़ा था।

# आश्चर्य नहीं होगा अगर अनुराग ठाकुर कहें कि 'गोली मारो'

## कांग्रेस नेता चिदंबरम का पलटवार





नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। कोरोना संक्रमण के खतरे के बीच भारत जोड़ो यात्रा को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के बयान पर कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर अनुराग ठाकुर कुछ ऐसा कहें जैसा उन्होंने कुछ समय पहले कहा था-'गोली मारो...'। उन्होंने कहा, वह एक बड़े मंत्री हैं और हम छोटे लोग हैं। चिदंबरम ने कहा, आप भारत जोड़ो यात्रा को लोगों का जो समर्थन मिल रहा है उसे देखिए। हमारी यात्रा को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और लोग इकट्ठा हो रहे हैं।

### क्या कहा था अनुराग ठाकुर ने

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि चीन, कोरिया और जापान में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को केवल एक परिवार की चिंता है। यह समय कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का है। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या वह या कांग्रेस के अन्य नेता जो हिमाचल के सीएम के संपर्क में आए थे और जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, उन्हें क्वारंटाइन किया गया है? ठाकुर ने आगे कहा, कांग्रेस की यह यात्रा भ्रष्टाचारियों को जोड़ने के लिए है। उन्हें अपने परिवार की भलाई से पहले देश की भलाई के बारे में सोचना चाहिए।

### दिल्ली पहुंची भारत जोड़ो यात्रा

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा इस समय दिल्ली में है। शनिवार को भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली में प्रवेश करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि कुछ लोग नफरत फैला रहे हैं लेकिन देश का आम आदमी अब प्यार की बात कर रहा है. हर राज्य में लाखों लोग यात्रा में शामिल हुए हैं। मैंने आरएसएस-बीजेपी के लोगों से कहा है कि हम यहां आपके नफरत के 'बाजार' में प्यार की दुकान खोलने आए हैं। वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए किसी का भी स्वागत है, चाहे वह नितिन गडकरी जी हों, रक्षा मंत्री राजनाथ जी हों या पूर्व वीपी वेंकैया नायडू जी हों। कोई भी जो भारत को एकजुट करने और घृणा को दूर करने में विश्वास करता है, इस यात्रा में शामिल होने के लिए स्वागत है।

### सतना के दो गरीब परिवारों पर टूटा आफत का पहाड़, जहरीला चावल खाने से मर गई बकरियां

सतना, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। सतना में दो गरीब परिवारों पर आफत टूट पड़ी है। उनके रोजगार का एकमात्र साधन था बकरियां। गांव में जहरीला चावल खाने से उनकी यह बकरियां मर गई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला सतना जिले के लखनवाह ग्राम का है। मुलाजिम आदिवासी और भनगुट यादव का रोजगार बकरी पालन से चल रहा था। शुक्रवार को उन्होंने यूरिया मिला चावल खा लिया। इससे अब तक नौ बकरियों की मौत हो चुकी है। वेटरनरी डॉक्टर भी कुछ मदद नहीं कर सके। जब तक पहुंचते, तब तक बकरियों की स्थिति बद से बदतर हो चुकी थी। पता चला है कि यूरिया मिला चावल गांव के शासकीय उचित मूल्य दुकान के बाहर किसी ने फेंक दिया था। इन्हें बकरियों ने खा लिया और तड़प-तड़पकर जान दे दी। मुलाजिम आदिवासी की पांच और भुनगुट यादव की चार बकरियों की मौत हो चुकी है। इस हादसे के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

# जयललिता की करीबी शशिकला ने

## 2024 से पहले अन्नाद्रमुक को एकजुट करने के दिए संकेत, कहा- मिलकर लड़ेंगे चुनाव



चैन्नई, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। निष्कासित अन्नाद्रमुक नेता और तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री शशिकला ने 2024 में होने वाले आम चुनाव से पहले पार्टी के फिर से एकजुट होने को लेकर संकेत दिया. उन्होंने कहा कि एक बार फिर से सभी एआईएडीएमके (अन्नाद्रमुक) के साथ मिलकर आम चुनाव में उतरेंगे और जीत हासिल करेंगे. शशिकला ने चेन्नई के किलपौक चर्च में क्रिसमस प्रोग्राम में शिरकत की. इस दौरान उन्होंने चेन्नई किलपौक के वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को मुफ्त खाना भी बांटा. दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता की करीबी दोस्त और अन्नाद्रमुक (एआईडीएमके) नेता वीके शशिकला शुक्रवार को एक वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ क्रिसमस मानने पहुंची थीं. इस दौरान शशिकला ने पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की मौत के सिलसिले में अरुमुगास्वामी आयोग की ओर से समन किए जाने पर भी सवालों का जवाब दिया. शशिकला ने कहा, मुझे अरुमुगास्वामी आयोग की ओर से दो विकल्प दिए गए थे. इनमें व्यक्तिगत रूप से पेश होना या वकील के माध्यम से जवाब देना या सवालों के लिखित जवाब देने के लिए कहा गया था. मैंने एक लिखित पत्र के जरिये जवाब देना चुना है और सभी सवालों का जवाब दिया है.

### जयललिता की मौत को लेकर शशिकला का दावा?

जयललिता की सबसे विश्वासपात्र रहीं शशिकला ने इस दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि जयललिता की मौत के मामले में कुछ भी छिपाने वाली बात नहीं है. उन्होंने दावा किया कि जयललिता ने इलाज के लिए विदेश न जाने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें लगा कि चेन्नई में मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध हैं. हालांकि, हम उन्हें विदेश ले जाना चाहते थे लेकिन चेन्नई में इलाज कराने का फैसला पूरी तरह से जयललिता का था. उन्होंने दावा किया कि जयललिता की सेहत में सुधार के लक्षण दिख रहे थे और 19 दिसंबर को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने वाली थी लेकिन जब उनकी मौत हुई, उस समय वह टीवी देख रहीं थीं. गौरतलब है कि जयललिता का निधन 2016 में 5 दिसंबर को एक निजी अस्पताल में हुआ था.

### अन्नाद्रमुक में अंदरुनी टकराव

दरअसल, साल 2016 में जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक में सत्ता को लेकर अंदरुनी विवाद छिड़ गया. जयलिलता की करीबी दोस्त शशिकला ने पार्टी की कमान अपने हाथ में ले ली और मुख्यमंत्री की कुर्सी पर जा बैठीं. इसके बाद पलानीस्वामी और पनीरसेल्वम के बीच मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर पार्टी के भीतर खींचतान का सिलसिला शुरू हुआ, जो आज तक जारी है. इसकी वजह से एआईडीएमके की 2019 में बुरी हार हुई. पार्टी में अंदरूनी कलह मच गई. ओपीएस ने मुख्यमंत्री के उम्मीदवार पद को छोड़ दिया. ईपीएस को 2021 विधानसभा चुनाव में सीएम पद का प्रत्याशी बनाया गया. तभी से पार्टी ईपीएस और ओपीसी कैंप में बंट कर रह गई है.

## धोखे में रख नाबालिग लड़की से गैंगरेप, 6 गिरफ्तार

मुंबई, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के लोअरपरेल इलाके में एक 15 साल की नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप को घटना सामने आई है. गैंगरेप के इस दर्दनाक मामले में मुंबई पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. चौंकाने वाली बात यह है की छह आरोपियों में से 3 आरोपी नाबालिग हैं. जबकि तीन आरोपी बालिग हैं, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. तीन नाबालिग आरोपियों को मुंबई पुलिस ने डोंगरी इलाके में स्थित बच्चों के बाल सुधारगृह में शिफ्ट कर दिया है. इस माममें मुंबई पुलिस की जांच जारी है. नाबालिग लड़की से गैंगरेप के इस मामले में मुंबई पुलिस ने बताया है कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (डीए)(2)(एन), 114 और 34 और पॉक्सो की धारा 4, 5, 6, 8, 10, 12, 17 के तहत मामला दर्ज किया गया है. इनमें कई धाराएं गैर जमानती हैं. इस घटना को लेकर मुंबई पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुनील चंद्रमोरे व एनएम जोशी ने बताया की तीन बालिक आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था. अदालत ने तीनों को 30 दिसंबर तक के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है.

# मोनिका बनीं सोनीपत जिला परिषद की चेयरपर्सन

## वाइस चेयरमैन के लिए नहीं बनी सहमति, चुनाव टला



सोनीपत, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। सोनीपत में वार्ड 21 की जिला पार्षद मोनिका को सर्वसम्मति से जिला परिषद की चेयरपर्सन चुन लिया गया है। उन्हें सांसद रमेश कौशिक की मौजूदगी में डीसी ललित सिवाच व एडीसी अंकिता चौधरी ने जिला परिषद की चेयरपर्सन घोषित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजीव जैन, माई राम कौशिक, पुनित त्यागी आदि मौजूद रहे। वहीं, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन के लिए सर्वसम्मति न बन पाने की वजह से चुनाव को फिलहाल टाल दिया गया है। जिला परिषद चेयरपर्सन नियुक्त हुई मोनिका गांव झरोठ की रहने वाली हैं। उन्होंने 703 मतों से जीत दर्ज की थी। मोनिका के पति राजबीर दहिया पहले ब्लॉक समिति खरखौदा के चैयरमेन रह चुके हैं। मोनिका दहिया ने कहा कि गांवों में विकास कार्य तेजी से कराए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वह स्वयं महिला हैं तो ऐसे में वह महिलाओं की समस्या से वाकिफ है। महिलाओं की समस्याओं को दूर किया जाएगा।

### बुधनी के दो युवक लापता, नर्मदा नदी के हिंगलाज घाट पर मिले कपड़े और गाड़ी

सीहोर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के सीहोर के बुधनी में निजी कंपनी में काम करने वाले दो युवक लापता हो गए हैं। दोनों युवकों के कपड़े और गाड़ी नर्मदा नदी के हिंगलाज घाट पर मिले हैं। बुधनी पुलिस उनकी तलाश कर रही है। अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रोहित पाल नर्मदापुरम के आंचल खेड़ा और रितिक नागले हरदा जिले का रहने वाला है। पुलिस को शुक्रवार रात इनके गायब होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस के मुताबिक युवकों के कपड़े और गाड़ी नर्मदा नदी के हिंगलाज घाट पर मिले हैं। बुधनी पुलिस और होमगार्ड की टीम नर्मदा नदी में युवकों की तलाश में जुट गई है। जिसके बाद पुलिस को जांच में जो जानकारी और सामान मिले हैं, उसके आधार पर पुलिस अब नर्मदा नदी में इन युवकों की तलाश कर रही है।

# कर्नाटक सीमा विवाद पर महाराष्ट्र अगले सप्ताह पास करेगा प्रस्ताव




नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री शंभुराज देसाई ने कहा कि सरकार कर्नाटक सीमा विवाद को लेकर अगले सप्ताह एक प्रस्ताव पेश करेगी। पड़ोसी राज्य के प्रस्ताव की तुलना में यह '10 गुना अधिक प्रभावी' होगा। उन्होंने कहा, सोमवार को राज्य विधानमंडल में इस प्रस्ताव को पारित किया जाएगा। आबकारी मंत्री देसाई ने नागपुर में विधानमंडल परिसर में मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। कर्नाटक विस ने बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। इसमें पड़ोसी को एक इंच जमीन नहीं देने का संकल्प लिया गया।

### केरल : सबरीमाला मंदिर के लिए वार्षिक थंका अंकी यात्रा शुरू

**कोच्ची।** केरल में शुक्रवार को अरनमुला से सबरीमाला मंदिर तक वार्षिक शोभायात्रा 'थंका अंकी' शुरू हुई। सैकड़ों भक्तों ने इसमें भाग लिया। यात्रा 26 दिसंबर को सबरीमाला मंदिर पहुंचेगी। भगवान अय्यप्पा की मूर्ति पर सुशोभित होने वाली पवित्र सुनहरी पोशाक 'थंका अंकी' के साथ यह शोभायात्रा निकाली जाती है।

### धर्मगुरु दलाई लामा ने महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**बोधगया।** तिब्बत के आध्यात्मिक बौद्ध गुरु और नोबल शांति पुरस्कार विजेता दलाई लामा ने दो साल बाद बोधगया के महाबोधि मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। वे यहां करीब एक माह रहेंगे। रास्ते में बौद्ध भिक्षुओं और श्रद्धालुओं ने का उनका अभिवादन किया। महाबोधि मंदिर यूनेस्को की विश्व विरासत धरोहरों में से एक है। यहां 2,000 साल पहले महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था।

### तेलुगू अभिनेता कैकाला के निधन पर पीएम ने जताया दुख

**हैदराबाद।** खलनायक और चरित्र भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय रहे वयोवृद्ध तेलुगू अभिनेता कैकाला सत्यनारायण का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 87 साल के थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने शोक जताया और कहा कि अपने उत्कृष्ट अभिनय के लिए वह हर पीढ़ी के बीच लोकप्रिय थे। सत्यनारायण पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और शुक्रवार सुबह अंतिम सांस ली। सत्यनारायण ने छह दशक के अपने फिल्मी कॅरियर में करीब 700 फिल्मों में अभिनय किया।

### यूरिया घोटाला में कमलनाथ का भांजा 18 जनवरी को तलब

**भोपाल।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शुक्रवार को 685 करोड़ रुपये की दलाली और यूरिया घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी को 18 जनवरी को तलब किया है। विशेष जज विकास ढुल ने इस मामले में पूरक आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए पुरी को समन जारी कर अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है।

### छात्रा से दुष्कर्म में पूर्व प्राचार्य को 10 साल की कैद

**भवानीपटना/फूलबनी** (ओडिशा)। ओडिशा के कालाहांडी जिला अदालत ने सरकारी आवासीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य को एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का दोषी ठहराया है और 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पॉक्सो अदालत, भवानीपटना के विशेष

### 40 फीट गहरी खाई में गिरी श्रद्धालुओं से भरी कार, 8 लोगों की मौत

चेन्नई, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के थेनी जिले के कुमुली पर्वतीय क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया है। इस हादसे में एक कार 40 फुट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 8 श्रद्धालुओं की मौत हुई है और एक नौ साल का बच्चा घायल हुआ है। दरअसल अंदीपट्टी के पास संमुगसुंदरपुरम गांव के रहने वाले अयप्पा के 10 भक्त दर्शन के बाद घर जा रहे थे। तभी उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। घटना शुक्रवार देर रात की है। केवी मुरलीधरन, जिला कलेक्टर, थेनी ने कहा, '8 लोगों की मौत हो गई और 2 लोगों को बचाया गया और अस्पताल ले जाया गया।

## सतारा जिले में कार पुल से नीचे गिरी, भाजपा विधायक जयकुमार गोरे व तीन अन्य घायल





पुणे, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सतारा जिले में फलटन के पास भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक जयकुमार गोरे की कार शनिवार सुबह एक पुल से नीचे गिर जाने के कारण वह घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस कार में गोरे के अलावा उनके अंगरक्षक, ड्राइवर एवं एक अन्य भी सवार था और इस दुर्घटना में वे तीनों भी घायल हो गये. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''दुर्घटना शनिवार सुबह हुई. संभवतः चालक कार से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण कार लोनंद-फलटन मार्ग पर पुल से करीब 30 फुट नीचे नीचे गिर गई.'' उन्होंने बताया, ''दुर्घटना में विधायक गोरे और तीन अन्य घायल हो गए. गोरे को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया जबकि अन्य घायलों का दूसरे अस्पतालों में इलाज चल रहा है.'' गोरे सतारा जिले में मान विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं.

### आठ किलो हेरोइन के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार, लुधियाना एसटीएफ ने अमृतसर में मारे छापे

लुधियाना, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। नशा तस्करों के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत लुधियाना एसटीएफ की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसटीएफ की टीम ने अमृतसर में छापामारी कर दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 किलो हेरोइन बरामद की है। इस मामले में एसटीएफ की टीम ने अमृतसर के रहने वाले अनमोल सिंह और हीरा सिंह उर्फ राजगीर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार सुबह ही अमृतसर में की थी जिसके बाद दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# आम आदमी को एक और बड़ा झटका

## सांची दूध फिर दो रुपए महंगा हुआ



भोपाल, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। एमपी स्टेट डेयरी को-ऑपरेटिव फेडरेशन भोपाल ने सांची दूध के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए हैं। फेडरेशन ने सांची दूध दो रुपए महंगा कर दिया है। यह बढ़ी हुई दरें 25 दिसंबर से लागू होगी। बता दें पिछली बार 20 अक्टूबर को दूध के दाम बढ़ाए गए थे। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की तरफ से नए दरों के संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के अनुसार अब डायमंड दूध 500 एमएल 32 रुपए की जगह 33 रुपए का मिलेगा। फुल क्रीम दूध (गोल्ड) 500 एमएल 31 रुपए की जगह 32 रुपए और फुल क्रीम दूध (गोल्ड) एक लीटर 61 रुपए की जगह 63 रुपए में मिलेगा। वहीं, स्टैण्ड दूध (शक्ति) 500 एमएल 28 रुपए की जगह 29 रुपए, टोण्ड दूध (ताजा) 500 एमएल 25 रुपए की जगह 26 रुपए, डबल टोण्ड दूध (स्मार्ट) 500 एमएल 23 रुपए की जगह 24 रुपए, स्किम्ड मिल्ड लाईट 500 एमएल 20 रुपए की जगह 21 रुपए, चाह दूध 1 लीटर 54 रुपए की जगह 56 रुपए और चाय स्पेशल दूध 1 लीटर 49 रुपए की जगह 51 रुपए में मिलेगा। आदेश के अनुसार 25 दिसंबर को सांची दूध पर छपी हुई पुरानी दरों को रद्द माना जाएगा। वहीं, 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक अग्रिम कार्ड वाले उपभोक्ताओं को 15 जनवरी 2023 तक पुरानी दरें ही लागू होगी। 16 जनवरी से नए कार्ड पर नई दरें प्रभावशील होगी।

स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
रविवार, 25 दिसंबर, 2022 3

सुविचार
पद वहीं तक मान्य हैं जहाँ तक सदकार्यों का सम्बन्ध हैं। सदकार्यों से ही मानवता का श्रृंगार होना चाहिए।

## अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार, तीन करोड़ की संपत्ति बरामद



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी की बेगमपेट पुलिस के साथ हैदराबाद नारकोटिक एन्फोर्समेंट विंग की टीम ने दो अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार खादर मोहिउद्दीन और इब्राहिम शा तमिलनाडु के चेन्नई शहर के रहने वाले हैं। इनके पास से पुलिस ने कुल 3.1 किलोग्राम नकली एफेड्रिन (नियंत्रित पदार्थ), 23 सिम कार्ड, 12 नकली आधार कार्ड और 6 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। नार्थ जोन की डीसीपी चन्दना दीप्ति ने बताया कि बरामद सामाग्री का मूल्य करीब तीन करोड़ है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी खादर मोहिउद्दीन और इब्राहिम शा तमिलनाडु के चेन्नई शहर के रहने वाले हैं। वे पिछले दो वर्षों से अवैध अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के परिवहन में लिप्त हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड देशों में रहने वाले अंतर्राष्ट्रीय ड्रग डीलरों के साथ संपर्क विकसित किया और चेन्नई में छद्म एफेड्रिन (नियंत्रित पदार्थ) के आपूर्तिकर्ताओं के साथ संपर्क विकसित किया और हैदराबाद से संचालित विभिन्न कूरियर सेवाओं के माध्यम से छद्म एफेड्रिन को ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़लैंड देशों में नियमित रूप से पहुँचाया। हवाई अड्डों पर सीमा शुल्क जांच से बचने के लिए वे विभिन्न कूरियर सेवा प्रदाताओं के सहयोग से चूड़ी के डिब्बों में, फोटो फ्रेम, साड़ी और अन्य परिधान अस्तर में दवाओं की पैकेजिंग करके गुप्त रूप से अवैध परिवहन कर रहे थे। वे कूरियर सेवा प्रदाता ड्रग डीलरों का ओरिजिनल केवाईसी नहीं लेकर और फर्जी फोन नंबर तथा फर्जी केवाईसी रखकर फर्जी चालान बनाकर उनका सहयोग कर रहे थे। ड्रग ट्रांसपोर्टर जांच एजेंसियों की निगरानी से बचने के लिए नकली आधार कार्ड और फर्जी पहचान पर लिए गए कई सिम कार्ड का इस्तेमाल कर रहे थे। विश्वसनीय सूचना पर बेगमपेट पीएस के तहत हैदराबाद नारकोटिक एन्फोर्समेंट विंग ने बेगमपेट पुलिस कर्मचारियों के साथ ड्रग तस्करों को पकड़ा और उनके कब्जे से 3.1 किलोग्राम नकली एफेड्रिन (नियंत्रित पदार्थ), 23 सिम कार्ड, 12 नकली आधार कार्ड और 06 मोबाइल फोन जब्त किए।

## राचकोंडा में वर्ष 2022 में अपराध दर में हुई 19 प्रतिशत की वृद्धि



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा आयुक्तालय की 2022 की वार्षिक राउंड-अप रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 की तुलना में 2022 में कुल अपराध दर में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राचकोंडा आयुक्तालय के वार्षिक सम्मेलन में मीडिया से बात करते हुए राउंड-अप में शनिवार को पुलिस आयुक्त महेश भागवत ने कहा कि 2022 में जहां कुल अपराध में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं हत्या और अपहरण में क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की कमी आई। आंकड़ों के मुताबिक, बलात्कार के मामलों में 1.33 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि महिलाओं के खिलाफ अपराध में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और दहेज के मामलों में 5.88 प्रतिशत की कमी आई है। 2022 में साइबर क्राइम के मामलों में 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि धोखाधड़ी के मामलों में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सीपी भागवत ने यह भी कहा कि गैर इरादतन हत्या के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलों में 84 प्रतिशत की कमी आई है। महिलाओं की हत्या के मामलों में 63 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराध में 2 फीसदी की गिरावट आई है। बैठक में अराजकता संपत्ति अपराधों में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि संपत्ति अपराधों की वसूली दर 57 प्रतिशत से बढ़कर 63 प्रतिशत हो गई। एनडीपीएस मामलों के प्रवर्तन में 140 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि गेमिंग अधिनियम के मामलों के प्रवर्तन में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महेश भागवत के अनुसार, पिटा के मामलों में 3 प्रतिशत की कमी आई, जबकि गुटखा के मामलों में 131 फीसद की कमी आई। राचकोंडा यातायात के आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मृत्यु दर में 0.91 प्रतिशत की कमी आई। घातक दुर्घटनाओं में 0.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि ओआरआर पर घातक दुर्घटनाओं में 7.69 प्रतिशत की कमी आई और ओआरआर दुर्घटनाओं में मृत्यु में 31.58 प्रतिशत की कमी आई।

## छात्रों को हमेशा नया करने के लिए उत्सुक रहना चाहिए : पी. रघुराम

### सबसे बड़ा दान और सहयोग शिक्षा के क्षेत्र में होना चाहिए : डॉ. गिरीश कुमार संघी

### एस. डी. सिग्नोडिया कॉलेज की स्वर्ण-जयंती के उपलक्ष्य में स्वर्णोत्सव समारोह का भव्य आयोजन







हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित एस. डी. सिग्नोडिया कॉलेज के 50 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य में स्वर्ण-जयंती समारोह 'स्वर्णोत्सव' का आज सायंकाल भगवानदास मंडप, अग्रवाल शिक्षा समिति के प्रांगण में भव्य आयोजना हुआ। समारोह में तेलंगाना हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पी. रघुराम मुख्य अतिथि और अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ गिरीश कुमार संघी विशेष अतिथि रहे। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया ने समारोह की अध्यक्षता की। उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार अग्रवाल, चेयरमैन ट्रस्टी बोर्ड रमेश कुमार अग्रवाल, प्रबंध न्यासी डॉ. मोहन गुप्ता, मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल, राजेद्र प्रसाद अग्रवाल, दानदाता परिवार के सदस्य राजेन्द्र सिग्नोडिया, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएच. डॉल पंडाल मंचासीन रहे। सभी अतिथियों का स्वागत समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। समिति के मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने सभा संबोधित करते हुए दानदाता परिवार सदस्यों का आभार किया। समारोह में मुख्य अतिथि तेलंगाना हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पी. रघुराम ने शिक्षा नीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में गुणवत्ता घटने के कारण समाज को क्षति उठानी पड़ रही है। समाज में सभी चीजों में गुणवत्ता होनी चाहिए। समाज में सफल होने वाले व्यक्तियों से सीख लेकर लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के जमाने में गुणवत्तायुक्त शिक्षा बहुत आवश्यक है। आगे बढ़ने के लिए ईमानदारी, धार्मिक, तप, सोच, दीक्षा आदि को ध्यान में रखना आवश्यक है। छात्रों को हमेशा नया करने के लिए उत्सुक रहना चाहिए। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद तथा कॉलेज भूतपूर्व छात्र डॉ गिरीश कुमार संघी ने कहा कि अपने अनुभवों को साझा करते हुए समिति की नीतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि घर की तरह संस्था बनाना आसान है और उसे बेहतर तरीके से चलाना मुश्किल भरा काम है। पूर्व सांसद ने कहा कि आदमी आजीवन शिक्षा ग्रहण करता है। शिक्षा से बढ़कर कोई दान नहीं है। सबसे बड़ा दान और सहभागिता शिक्षा के क्षेत्र में होनी चाहिए। अगर आप चार छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा देते है तो उनका विकास हो जाएगा। उन्होंने महिला शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि घर की महिला शिक्षित हो तो परिवार का विकास और बच्चों की परविश भी अच्छी तरह होती है। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी बहुत जिज्ञासू और मेधावी है जिनकी योग्यता और क्षमताओं को देखकर हमें उन्हें शिक्षा देना चाहिए। दानदाता के परिवार के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्ति किया। मंचसीन पदाधिकारियों ने कॉलेज की विवरणिका का विमोचन किया। पुरस्कार वितरण के पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। एस.डी. सिग्नोडिया कॉलेज के वाणिज्य व्याख्याता डॉ. बद्रीविशाल शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। नेहा अग्रवाल ने विशेष अतिथियों का परिचय दिया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गोयल, अशोक चंद अग्रवाल, पूर्व चेयरमेन ट्रस्ट बोईनी महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूर्व मानद मंत्री हरि अग्रवाल, मुकुंदलाल अग्रवाल, पूर्व मानद मंत्री डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल, पूर्व मानद मंत्री अंजनी कुमार गोयल, पूर्व मानद मंत्री तुलजा प्रसाद विमल, पूर्व करेस्पांडेट एस.डी. सिग्नोडिया कॉलेज श्रवण कुमार नरेडी, पूर्व छात्र रमेश कुमार बंग, महेश बैंक के चेयरमेन चार्टेड अकाउटेंट वासू जालू एवं एम.डी. सिग्नोडिया कॉलेज के पूर्व प्राचार्य, प्राचार्या, पूर्व व्याख्या और पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। इस अवसर पर शिवशंकर अग्रवाल करेस्पांडेंट आर.के.डब्ल्यू.सी. शेष कुमार गोयल, बीबीएमएस के करेस्पांडेंट राजेश कुमार अग्रवाल, अग्रवाल ब्याइस हाईस्कूल के करेस्पांडेट महेश केडिया, एम.बी.के. करेस्पांडेंट, डॉ. ओमप्रकाश अग्रवाल, गोपाल, ट्रस्टी किरोड़िमल आदि उपस्थित रहे।

CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME

I, Niayti Pramanik Mother of JC 287525F Nb Sub RST Biswajit Pramanik,R/o:(V) Murarikalua,PO kelomal, Teh-Tamluk,Distt-Purba Medinipur,West- Bengal,PIN - 721627, Change my name from Niayti Pramanik to *Niyati Pramanik* for all Record purpose.

सावधान
पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## तेलंगाना के अजय ने दुबई में जीती 30 करोड़ रुपये की लॉटरी

हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के जगत्याल जिले का एक ड्राइवर दुबई में 30 करोड़ रुपये का लकी ड्रा जीतने के बाद करोड़पति बन गया। जगत्याल के बीरपुर मंडल के थुंगुर गांव का रहने वाला ओगुला अजय (31) चार साल पहले ड्राइवर का काम करने दुबई गया था। वह दुबई में एक ज्वैलरी कंपनी में कैब ड्राइवर के तौर पर जुड़ा था। अपने मालिक के एक सुझाव के बाद, उसने एमिरेट्स ड्रा मोबाइल ऐप इंस्टॉल किया और दो लॉटरी टिकट खरीदे। सौभाग्य से, उन्होंने लकी ड्रा में 15,000,000 संयुक्त अरब अमीरात दिरहम (30 करोड़ रुपये) जीते। खुशी में उनके दोस्त और परिवार के सदस्य गांव में जश्न मना रहे हैं।

## बीएच कोकापेट में गरीबों को भूमि आवंटित करने की मांग को लेकर पदयात्रा निकालेंगे



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी. हनुमंत राव ने आज घोषणा की कि वह कोकापेट से कीसरा तक एक पदयात्रा निकालेंगे, जिसमें मांग की जाएगी कि राज्य सरकार कोकापेट में गरीब लोगों को जबरन अधिग्रहीत भूमि वितरित करे। वीएच ने आरोप लगाया कि कोकापेट में एक एकड़ जमीन 40 करोड़ में बेची गई। राज्य सरकार ने जबरन जमीनों पर कब्जा कर लिया था। वरिष्ठ नेताओं से जुड़े पार्टी में हालिया विवाद पर टिप्पणी करते हुए वीएच ने कहा कि उन्होंने पार्टी आलाकमान के दूत दिग्विजय सिंह से पार्टी के मूल नेताओं के साथ न्याय करने का आग्रह किया था क्योंकि ऐसी संभावना थी कि कुछ नेता इसे छोड़ सकते हैं जिससे इसे नुकसान न पहुंचे। प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर टिप्पणी करते हुए वीएच ने यह स्पष्ट किया कि प्रियंका की रगों में इंदिरा गांधी का खून है और उन्होंने कहा कि प्रियंका की हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा 26 जनवरी, 2023 को शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य है राज्य के कमजोर वर्गों के लोगों को सशक्त बनाना।

## मूल्यांकन कवि गोष्ठी आज

हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगरद्वय के कवियों की सक्रिय एवं लोकप्रिय काव्य संस्था गीत चाँदनी की मूल्यांकन कवि गोष्ठी का आयोजन रविवार, 25 दिसंबर को गोशामहल स्थित हज़ारी भवन, हैदराबाद में सायं 4 बजे से संपन्न होगा। ज्ञातव्य है कि प्रतिमास अंतिम रविवार को नियमित रूप से देश-विदेश की साहित्यिक पत्रिकाओं पर मूल्यांकन गोष्ठी का आयोजन संस्थान द्वारा किया जाता है। आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए गीत चाँदनी के कार्यदर्शी और कार्यक्रम के संचालक-कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि इस बार मूल्यांकन गोष्ठी में हैदराबाद से प्रकाशित होने वाली बहुभाषी मासिक पत्रिका -वाक- दिसंबर, 2022 में प्रकाशित सामग्री पर हैदराबाद के विद्वान साहित्यकारों द्वारा चर्चा की जाएगी।

## सीएम जगन ने वाईएसआर घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की

कडप्पा, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी तीन दिवसीय कडप्पा दौरे पर हैं और जिले में कई विकास गतिविधियों का उद्घाटन करेंगे। शनिवार को सीएम वाईएस जगन आज इडुपुलापाया पहुंचे और डॉ वाईएसआर घाट का दौरा किया और अपने पिता स्वर्गीय वाईएस राजशेखर रेड्डी को पुष्पांजलि अर्पित की। वाईएसआरसीपी के कुछ नेताओं ने वाईएस जगन के साथ वाईएसआर घाट पर पूजा की। सीएम वाईएस जगन 35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुलिवेंदुला में डॉ वाईएसआर बस टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। सीएम वाईएस जगन अपने गृहनगर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ क्रिसमस मनाएंगे

## एयर पिस्टल से भयभीत करने वाले गिरफ्तार



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी कमिश्नर की टास्क फोर्स, सेंट्रल ज़ोन टीम, हैदराबाद की टीम ने एयर पिस्टल और चाकू दिखाकर धमकी देने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में मोहम्मद उस्मान-उल-हसनव सैयद मोहिउद्दीन अहमद अरबाज निवासी हुसैनी आलम शामिल है। गिरफ्तार लोगों ने 18 दिसंबर को एक व्यक्ति को एयर पिस्टल और चाकू दिखाकर भयभीत कर दिया था। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर विश्वसनीय सूचना पर सिटी कमिश्नर की टास्क फोर्स, सेंट्रल ज़ोन टीम के उपनिरीक्षक नवीन कुमार ने अपनी टीम के साथ दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों के पास से 1 एयर पिस्टल, 1 कटार, दुपहिया वाहन जब्त किया गया। दोनों आरोपियों व जब्त सामग्री को आगे की कार्रवाई हेतु एसएचओ, सैफाबाद थाने को सुपुर्द कर दिया गया।

दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है
पीयूबी/1145

सार्वजनिक अधिसूचना
प्रारूप 10-01

नीचे उल्लेखित खंड के पूर्ण हुए खंड पर स्थित रेलवे लाइंस एवं परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है :
**सेक्शन** : यात्रियों के सार्वजनिक परिवहन के लिए सिकन्दराबाद डिवीजन के केजेडजे - बीपीक्यू सेक्शन में मंचीरियाल पर एससीसीएल के आरकेपी II (सीओसीएम साइडिंग) के प्राइवेट साइडिंग के लिए रेलवे विद्युतीकरण की व्यवस्था।
दक्षिण मध्य रेलवे के मंचीरियाल, सिकन्दराबाद डिवीज़न पर एससीसीएल के आरकेपी II (सीओसीएम) के सभी 5 लाइंस सहित आरकेपी II (सीओसीएम) साइडिंग, ओएचई मास्ट लोकेशन से : आरकेपी II 6/18 (किमी / सीएच : 06/585.00) से आरकेपी II/14/8 (किमी/सीएच : 14/64.50) तक उपरोक्त खंड में 25 केवी, 50 एचजेड, ए.सी. सिरोपरी कर्षण वायरों को **27-12-2022** को या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा एवं इस तिथि से सिरोपरी कर्षण लाइनें हर वक्त सक्रिय मानी जाएँगी और कथित सिरोपरी लाइन के नजदीक कोई भी गैर अधिकृत व्यक्ति न जाएगा एवं न ही कार्य करेगा।

एसी. 25 केवी कर्षण का आरंभ
प्रारूप 10-02
''सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी''

निम्नांकित सेक्शन के मध्य 25 केवी एसी विद्युत कर्षण प्रारंभ करने के संबध में जनसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि :
को एतद्वारा सूचित किया जाता है :
**सेक्शन** : यात्रियों के सार्वजनिक परिवहन के लिए सिकन्दराबाद डिवीजन के केजेडजे - बीपीक्यू सेक्शन में मंचीरियाल पर एससीसीएल के आरकेपी II (सीओसीएम साइडिंग) के प्राइवेट साइडिंग के लिए रेलवे विद्युतीकरण की व्यवस्था।
एससीसीएल के आरकेपी II (सीओसीएम) के सभी 5 लाइंस सहित आरकेपी II (सीओसीएम) साइडिंग, ओएचई मास्ट लोकेशन से : आरकेपी II 6/18 (किमी / सीएच : 06/585.00) से आरकेपी II/14/8 (किमी/सीएच : 14/64.50) तक
अधिक ऊँचाई के लोड्स के सजीव कर्षण तार (कॉन्टेक्ट वायर) के संपर्क या खतरनाक सामीप्य में आने से रोकने के मद्देनजर **सभी लेवल क्रॉसिंगों पर हाईट गेजों को रोड लेवेल से अधिकतम 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर स्थापित किया गया है।**
जनसाधारण को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों की लोडिंग के उद्देश्य के लिए उपरोक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का अवलोकन करें और देखें कि किसी भी परिस्थिति में सड़क वाहनों में ले जा रहे भार हाईट गेजों का उल्लंघन ना करें।
**लोड के अधिक ऊँचाई के खतरे इस प्रकार हैं:**
**हाईट गेज को खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ ही रेलवे लाइन को बाधा।**
**ले जाये जा रहे उपकरण या सामग्रियों या स्वयं वाहन को खतरा।**
**कंडक्टरों के संपर्क में आने या घातक समीप्यता के कारण जान का जोखिम और आग का खतरा।**
सीनियर डिवीज़नल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (ट्रैक्शन डिस्ट्रिब्यूशन), सिकन्दराबाद
A 1520

## अमावस्या का मासिक अन्न प्रसाद का आयोजन संपन्न



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज, नाचाराम मल्लापुर शाखा द्वारा शनिवार को मल्लापुर मेन रोड गोयल स्टील के पास अमावस्या के उपलक्ष्य में मासिक अन्न प्रसाद का आयोजन किया गया।

अग्रसेन जी महाराज की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात अन्न प्रसाद का कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें भक्तों ने बड़ी श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण किया ओर हमें सेवा का मौका दिया। इस शुभ अवसर पर शाखा के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, मानद मंत्री सुनील कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश मित्तल, केंद्रीय सदस्य भुवनेश कुमार अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, सुरेश जीतपुरा, रितेश गोयल प्रदीप अग्रवाल, जवाला मोहन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सुरेश जाखनीवाल, विकास जाखनीवाल, पवन नासरिया, जवाला मोहन, मंदाकिनी अग्रवाल बबीता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल प्रेम, प्रवीण जाखनीवाल, तुषार ने भाग लेकर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री गौमाताय नमः
गावो विश्वस्य मातरः
दक्षिण भारत की सबसे बड़ी गौशालाओ मे एक जहाँ 1000 गौवंश व कबूतरों का संरक्षण होता है
श्री गौमाता यज्ञ व बारहवां वार्षिकोत्सव
: शुभस्थल :
श्री ब्रमरंभा मलिकार्जुना स्वामी गौशाला
श्री शिव मन्दिर के निकट बिरमगुडा, अमीनपूर मण्डल, संगारेड्डी जिला
: कार्यक्रम :
आज रविवार 25 दिसम्बर 2022
* गौपूजन प्रातः 9 बजे से *
* महाप्रसादी मध्यान् 12 बजे से *
: मुख्यअतिथि :
* महिपाल रेड्डी, विधायक पटेनचेरु *
* पांडुरंगा रेड्डी, म्युनिसिपल चेयरमैन अमीनपुर *
* भीम रेड्डी, डीएसपी पटेनचेरु *
: निवेदन : सभी गौभक्तो से निवेदन है कि सपरिवार पधारकर दान-पुण्यकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।।
निवेदक: श्री कामधेनु जीव रक्षा समिति ट्रस्ट (रजि.)
चेयरमैन: सोहनलाल दायमा 9393011989
प्रसिडेन्ट: ए.दामोदर रेड्डी 9948188397
P.Solankey

# अब मथुरा में सर्वे के आदेश

## दावा-मस्जिद के नीचे मंदिर

## कोर्ट ने 20 जनवरी तक रिपोर्ट मांगी, हिंदू पक्ष बोला- औरंगजेब ने ईदगाह बनवाई

मथुरा, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद में जिला कोर्ट ने शनिवार को बड़ा आदेश दिया। यहां भी वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर की तरह मस्जिद का सर्वे होगा। सीनियर डिवीजन की कोर्ट ने हिंदू सेना की याचिका पर यह आदेश दिया। रिपोर्ट 20 जनवरी को कोर्ट में पेश की जाएगी। सर्वे 2 जनवरी से होगा।

हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही ईदगाह में स्वास्तिक का चिह्न, मंदिर होने के प्रतीक के साथ मस्जिद के नीचे भगवान का गर्भ गृह है।


पक्षकार मनीष यादव और वकील महेंद्र प्रताप ने कहा कि शाही ईदगाह में हिंदू स्थापत्य कला के सबूत मौजूद हैं। ये वैज्ञानिक सर्वे के बाद सामने आ जाएंगे। अर्जी मथुरा के जिला अदालत में एक साल पहले दाखिल की गई थी।

**हिंदू पक्ष ने कहा- औरंगजेब ने मंदिर तोड़कर ईदगाह बनाई**

याचिका में कहा गया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर औरंगजेब ने मंदिर तोड़कर ईदगाह मस्जिद बनवाई थी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास अदालत के सामने पेश किया। उन्होंने 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ बनाम शाही ईदगाह के बीच हुए समझौते को भी अवैध बताते इसे खत्म किए जाने की मांग की।

**विवाद के कारण**

> शाही ईदगाह मस्जिद मथुरा शहर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर से सटी हुई है। इस स्थल को हिंदू धर्म में भगवान कृष्ण की जन्मस्थली माना जाता है। माना जाता है कि औरंगजेब ने श्रीकृष्ण जन्मस्थली पर बने प्राचीन केशवनाथ मंदिर को नष्ट कर 1669-70 में शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया था।




> 1935 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 13.37 एकड़ की विवादित भूमि बनारस के राजा कृष्ण दास को अलॉट कर दी थी। 1951 में श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने ये भूमि अधिग्रहीत कर ली थी। ये ट्रस्ट 1958 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और 1977 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के नाम से रजिस्टर्ड हुआ।

> 1968 में श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही ईदगाह कमेटी के बीच हुए समझौते में इस 13.37 एकड़ जमीन का स्वामित्व ट्रस्ट को मिला और ईदगाह मस्जिद का मैनेजमेंट ईदगाह कमेटी को दे दिया गया।

> अब इस मामले में दाखिल याचिका में ईदगाह मस्जिद का सर्वे और वीडियोग्राफी कराए जाने की मांग की गई है।

# निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई

## आरक्षण पर फैसला के लिए डेडिकेटेड कमीशन बनाने की मांग, छुट्टी के दिन सुनवाई के लिए खुली कोर्ट

लखनऊ, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में जनहित याचिकाओं पर आज सुनवाई चल रही है। निकाय चुनाव में रिजर्वेशन को लेकर शुरू हुई सुनवाई में सबसे पहले याचिकाकर्ता की वकील एलपी मिश्रा ने अपना पक्ष रखना शुरू किया। वकील ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण जो किया गया है वह राजनीतिक रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गई है। एक डेडीकेशन कमीशन बनाया जाए जो आरक्षण को लेकर फैसला करे। मौजूदा आरक्षण प्रणाली से पिछड़ा वर्ग के साथ न्याय नहीं हो रहा है। याचिकाकर्ता की वकील ने सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश सरकार-2021 केस में सुप्रीम कोर्ट का आदेश विस्तार से पढ़कर जज के सामने सुनाया। जज ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पढ़ने के बाद आगे की सुनवाई शुरू की। डेडीकेटेड आयोग पर सरकारी वकील ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनका रैपिड सर्वे डेडीकेटेड आयोग द्वारा किए गए ट्रिपल टेस्ट जैसा ही है। याचिकाकर्ता के पक्ष पर सरकारी वकील ने कहा कि महिला आरक्षण को होरिजेंटल आरक्षण बताया गया। फिर जज ने कहा इस इंडिविजुअल केस को अलग से सुना जाएगा, आज केवल ओबीसी रिजर्वेशन पर बात सुनी जाएगी।

**छुट्टी के दिन भी सुनवाई के लिए कोर्ट खुली**

शुक्रवार को भी निकाय चुनाव पर सुनवाई हुई। समय की कमी के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी थी। शीतकालीन अवकाश को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति या वरिष्ठ न्यायाधीश से जरूरी अनुमति लेकर इस मामले को 24 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

वैभव पांडे के अलावा 51 याचिकाएं वार्ड आरक्षण को लेकर दाखिल की जा चुकी हैं। फिलहाल अधिवक्ताओं का यह मानना है कि सभी याचिकाएं एक ही जैसे मुद्दों की आपत्तियों पर हैं। इसलिए इसको एक साथ ही सुना जा रहा है।

**सरकार के हलफनामे पर याचिकाकर्ताओं ने उठाए थे सवाल**

बीते मंगलवार को मामले की सुनवाई के समय राज्य सरकार का कहना था कि मांगे गए सारे जवाब, प्रति शपथपत्र में दाखिल कर दिए गए हैं। इस पर याचियों के वकीलों ने आपत्ति करते हुए सरकार से विस्तृत जवाब मांगे जाने की गुजारिश की, जिसे कोर्ट ने नहीं माना। उधर, राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने इस मामले को सुनवाई के बाद जल्द निस्तारित किए जाने का आग्रह किया था।


# 5 साल का बच्चा कोरोना संक्रमित

## जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए सैंपल दिल्ली लैब भेजा, वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ा

मेरठ, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मेरठ में एक 5 साल का बच्चा कोरोना संक्रमित मिला है। बच्चा मेरठ के न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती है। हालत इतनी गंभीर है। उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ा है। उसके सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली लैब भेजा गया है। बच्चे के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद मेरठ के स्वास्थ्य विभाग ने नए सिरे से अलर्ट जारी किया है।

**हाई न्यूमोनिया से पीड़ित है बच्चा**

बच्चा 22 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती हुआ। उसकी उम्र 5 साल है। बच्चा मूल रूप से बिजनौर का रहने वाला है। काफी दिन से बच्चे को न्यूमोनिया की समस्या है। परिजनों ने पहले बिजनौर में ही रहकर इलाज कराया। जब बच्चा ठीक नहीं हुआ तो उसे मेरठ रेफर किया



गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित उपाध्याय के अनुसार, बच्चे की हालत खराब है। इसलिए वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया है। बच्चे में सारे लक्षण कोरोना वाले हैं। बच्चे की आरटीपीसीआर में कोविड पॉजिटिव निकला है। बच्चे को सांस लेने में दिक्कत है। लंबे समय बाद इतने हाई न्यूमोनिया वाला मरीज आया है। इसमें कोविड की पुष्टि हुई है। जीनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट से ही कोविड वैरिएंट का पता चलेगा।

कोरोना का डर एक बार फिर लौट रहा है। इसको देखते हुए यूपी सरकार भी अलर्ट हो गई है। गुरुवार को करीब 8 महीने बाद सीएम योगी ने टीम-9 के साथ हाईलेवल मीटिंग की। इस दौरान सीएम ने आदेश दिया कि 1 पॉजिटिव केस आने पर कॉन्ट्रैक्ट में आए कम से कम 50 लोगों की जांच की जाए। हर पॉजिटिव केस की जीनोम सीक्वेंसिंग की जाए। कोविड टेस्टिंग और टीके की प्रिकॉशन डोज को बढ़ाएं। सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट दुरुस्त कर लिए जाएं।

चीन में फैले कोरोना के नए वैरिएंट बीएफ.7 ने दुनिया भर में हाहाकार मचा रखा है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए यूपी सरकार तैयार है। इसके लिए सीएम योगी आज हुए हाई लेवल मीटिंग बुलाई है।

इसी बीच आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर पद्मश्री प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को इस बार फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है।

# तेजस्वी के करीबी की गोली मारकर हत्या

## वैशाली में दुकान पर बैठे थे, पहले एक गोली मारी, लौटकर आया फिर 4 गोली और मारी

हाजीपुर (वैशाली), 24 दिसंबर (एजेंसियां)। वैशाली में शनिवार सुबह किराना दुकान पर बैठे बिजली विभाग कर्मचारी की बाइक सवार दो अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अजय तिवारी डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के करीबी बताए जाते हैं। अपराधियों ने पहले उन्हें एक गोली मारी। इसके बाद फिर लौटकर आए और 4 गोलियां और मारी। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार होकर दो अपराधी ग्राहक बन दुकान में आए और दुकानदार से सिगरेट मांगी। जैसे ही दुकानदार सिगरेट निकालने लगा, इसी बीच बदमाशों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया।

मृतक बिजली विभाग के कर्मचारी डिग्गी के सब डिविजनल बिजली ऑफिस में कार्यरत था। इसके अलावा वह किराने का दुकान भी चलाता था।मृतक की पहचान बिजली विभाग के कर्मी सदर थाना क्षेत्र के मीनापुर राई गांव निवासी स्व महेश तिवारी का 55 वर्षीय पुत्र अजय कुमार तिवारी के रूप में हुई। अजय तिवारी रोज की तरह सुबह केदार चौक पर स्थित अपने किराना के दुकान पर बैठे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे तीन अपराधी आए और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। उन्हें पांच गोली मारी गई। जिसमें से चार गोली सीने में लगी और एक गोली सिर में। जिसके कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि परिजनों अजय को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाने के पुलिस अधिकारी ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हाजीपुर बीजेपी विधायक अवधेश कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढांढस बांधते दिखे। मृतक अजय कुमार तिवारी के परिजनों ने बताया कि इसी दुकान पर बैठे उसके पिता महेश तिवारी को भी 4 साल पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक अजय तिवारी बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के करीबी कहे जाते थे।


उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के करीबी बताए जाते हैं अजय तिवारी

# बैडमिंटन ट्रॉफी जीतने पर लगे देशविरोधी नारे, पांच गिरफ्तार

आरा, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के भोजपुर जिले में एक टोला है नरबीरपुर। इस टोले के युवा नरबीरपुर को बढ़-चढ़ कर पाकिस्तान भी कह देते था। लेकिन, यह आपसी बातचीत में होता था। पहली बार यह खुलकर हुआ और नारेबाजी में पाकिस्तान जिंदाबाद का शोर मचा तो हंगामा शुरू हो गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले में अबतक मो. अरमान, मो. तनवीर आलम, कल्लू के अलावा सोनू नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**बैडमिंटन ट्रॉफी जीतने के बाद नारेबाजी**

वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा-सुना जा रहा है कि दर्जनों की संख्या में युवाओं की टोली ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए जुलूस निकाल कर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे जोर-जोर से लगा रही है। वायरल वीडियो जिले के चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर टोला का बताया जा रहा है। मंगलवार देर शाम यह नारेबाजी तब की गई, जब यह टोली बैडमिंटन टूर्नामेंट के बाद जीत की ट्राफी को लेकर लौट रही थी। बैडमिंटन टूर्नामेंट में चांदी के नरबीपुर टोला की टीम जीती थी।

**पांच युवक गिरफ्तार, बाकी की पहचान हो रही**

वायरल वीडियो की सूचना भोजपुर एसपी संजय कुमार सिंह तक पहुंची तो उन्होंने एक टीम का गठन कर जांच शुरू करा दी। जांच में वीडियो सही पाए जाने के बाद वीडियो में दिख रहे पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ में बाकी अज्ञात का नाम निकाला जा रहा है। बताया जाता है कि नरबीरपुर टोला में पाकिस्तान को चाहने वाले लोग ज्यादा हैं, जिसके कारण भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान भी यहां तनाव की स्थिति रहती है। कई बार पाकिस्तान की जीत पर यहां आतिशबाजी के कारण भी हंगामा हो चुका है।

# शहीद हुए जवानों के परिजनों को 50 लाख रुपये व एक सदस्य को नौकरी का एलान

लखनऊ, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिक्किम में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए सेना के जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने जनपद मुजफ्फरनगर निवासी सेना के जवान लोकेश कुमार, जनपद उन्नाव निवासी सेना के जवान श्याम सिंह यादव, जनपद एटा निवासी सेना के जवान भूपेन्द्र सिंह तथा जनपद ललितपुर निवासी सेना के जवान चरन सिंह के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शहीद सैनिकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने इन शहीदों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा शहीद लोकेश कुमार,



श्याम सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह तथा चरन सिंह के नाम पर उनके जनपद की एक सड़क का नामकरण करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहीद सैनिकों का अन्तिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। शहीद सैनिकों के अन्तिम संस्कार में राज्य सरकार के मंत्रीगण सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि देंगे।

# आजम खान की बढ़ी मुश्किल

## बेटे अब्दुल्ला के मामले में कोर्ट ने लगा दिया 10 हजार का जुर्माना

लखनऊ, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा नेता आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तजीन फातिमा पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

इस मामले में गवाहों की गवाही और बचाव पक्ष की ओर से जिरह होनी थी, जिसके चलते गवाह कोर्ट में मौजूद रहे, लेकिन बचाव पक्ष के वकील की गैर हाजिरी के चलते सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। आजम के वकील की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने आपत्ति जताई। इसके बाद बहस सुनी गई और कोर्ट ने आजम खान पर 10 हजार रुपये का हर्जाना लगा दिया।

इसके बाद 23 दिसबंर की तारीख सुनवाई के लिए मुकर्रर



की गई और आजम खान, उनके बेटे औप पत्नी तजीन फातिमा को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए गए। इस मामले में 2019 में अब्दुल्ला आजम की विधानसभा की सदस्यता रद्द हो गई थी। कोर्ट में यह केस चल रहा है, जिसके तहत एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम को खुद उपस्थित होने का आदेश दिया था। इसके चलते शुक्रवार को आजम खान अपने परिवार के साथ रामपुर कोर्ट परिसर में पहुंचे। बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाणपत्र होने के मामले में गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इस मुकदमे में आजम खान और उनकी पत्नी तजीन फातिमा भी आरोपी हैं।

आकाश सक्सेना के वकील ने बताया कि इस केस में दो गवाह नरेंद्र त्यागी और कृष्ण अवतार कोर्ट में पेश हुए थे। ये दोनों जांच अधिकारी थे। गुरुवार की सुनवाई के दौरान आजम के परिवार से कोई भी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। उनके वकील भी उपस्थित नहीं थे, जिस पर अदालत ने हर्जाना लगाते हुए शुक्रवार को सुनवाई करने और मुलजिम पक्ष को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया था।

# श्रृंगार गौरी में नियमित पूजा मामले में सुनवाई पूरी

## फैसला सुरक्षित, इलाहाबाद एचसी के फैसले पर सबकी नजर

प्रयागराज, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा के अधिकार मामले में दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। याचिका पर सुनवाई न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने की। पुनरीक्षण याचिका अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमिटी वाराणसी की तरफ से दाखिल की गई है। राखी सिंह व 9 अन्य महिलाओं ने पूजा के अधिकार को लेकर वाराणसी की जिला अदालत में सिविल वाद दायर किया था। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमिटी वाराणसी ने वाद की पोषणीयता पर आपत्ति करते हुए अर्जी दाखिल की कि कोर्ट को प्लेसेस ऑफ वर्शिप ऐक्ट 1991 के उपबंधों के तहत वाराणसी की अदालत को वाद सुनने का अधिकार नहीं है। अदालत ने कमिटी की अर्जी खारिज कर दी, जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता एस.एफ.ए नकवी, जहीर असगर, फातिमा अंजुम व विपक्षियों की तरफ से अधिवक्ता हरिशंकर जैन, विष्णु जैन, प्रदीप शर्मा, सौरभ तिवारी, प्रभाष पांडेय विनीत संकल्प, अपर महाधिवक्ता एम.सी चतुर्वेदी ने बहस की। याची के अधिवक्ता का तर्क था कि उपासना स्थल अधिनियम से नियमित पूजा प्रतिबंधित है। क्योंकि पूजा से स्थल की धार्मिक प्रकृति से छेड़छाड़ होगी जो कानूनन नहीं किया जा सकता। इसलिए यहां नियमित पूजा की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। नकवी ने मियाद कानून के आधार पर सिविल वाद को मियाद बाधित करार दिया। कहा कि चालाकी से पूजा के अधिकार की मांग में दाखिल सिविल वाद से विपक्षी के अधिकारों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की गई है। जिससे 1991 के कानून का उल्लघंन होगा। इसलिए जिला अदालत में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा के लिए दाखिल वाद सुनवाई योग्य नहीं है। मंदिर पक्ष यह स्पष्ट नहीं कर पाया है कि पूजा 1990 में रोकी गई या 1993 में रोकी गई।

अगर इन दोनों ही तिथियों में नियमित पूजा रोकी गई तो यह लिमिटेशन एक्ट से प्रतिबंधित है। सिविल वाद उपासना स्थल अधिनियम से भी प्रतिबंधित है। क्योंकि 15 अगस्त 1947 से ज्ञानवापी मस्जिद का वही स्टेटस बरकरार रहना चाहिए।

# सपा के एमवाई का बीजेपी के एम-वाई से होगा मुकाबला

## क्या अखिलेश यादव की राह होगी आसान?

लखनऊ, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी नए साल में अपने एम-वाई (मुस्लिम-यादव) आधार को मजबूत करने और बीजेपी के एम-वाई (मोदी-योगी) को चुनौती देने की कोशिश कर रही है। पिछला एक साल उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा है। सपा अब 2023 के लिए अपनी रणनीति पर फिर से काम कर रही है। सपा, संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन और शिवपाल सिंह यादव के साथ तालमेल के बाद 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी ड्राइंग रूम राजनेता होने के आरोपों का मुकाबला करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने महाराजगंज जिला जेल में स्थानांतरित किए जाने से एक दिन पहले कानपुर जेल में अपनी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी से मुलाकात की। वह झांसी जेल का दौरा भी करेंगे, जहां एक अन्य सपा विधायक दीपचंद यादव बंद हैं।



परेशानी और विवाद में फंसे पार्टी नेताओं से मिलने का अखिलेश यादव का फैसला स्पष्ट रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं को एक सकारात्मक संदेश देने के लिए बनाया गया है। 2022 के विधानसभा चुनावों के बाद यूपी में समाजवादी पार्टी ने अपने तीन सहयोगियों सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी), महान दल और जनवादी पार्टी को खो दिया है, लेकिन सपा ने शिवपाल को लाकर नुकसान की भरपाई कर ली है। शिवपाल यादव अपने संगठनात्मक कौशल और पार्टी कार्यकर्ताओं को लामबंद करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। मौका मिलने पर वह 2024 के चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सपा के पाले में उनकी वापसी से पार्टी के यादव वोट आधार में विभाजन को भी रोका जा सकेगा।

नाम न छापने की शर्त पर सपा के एक वरिष्ठ विधायक ने कहा, शिवपाल यादव की सपा में वापसी पार्टी के लिए अमृत साबित होगी और उन दिग्गजों को भी प्रेरित करेगी, जो अखिलेश-शिवपाल के बीच दूरियां बढ़ने के बाद अपने खोल में सिमट गए थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक अखिलेश आम चुनाव के लिए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के साथ अपनी दोस्ती को और मजबूत करने के अलावा नए सहयोगियों की ओर देख रहे हैं। वह बसपा और कांग्रेस की ओर देखने के बजाय आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) जैसी छोटी पार्टियों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। विधायक ने कहा, वे जानते हैं कि सपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो उत्तर प्रदेश में भाजपा को चुनौती दे सकती है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में सपा ने अपना वोट प्रतिशत बढ़ाया और अपनी सीटों को दोगुना किया, यह इस बात का सबूत है कि अकेले सपा ही भाजपा को चुनौती दे सकती है।

उन्होंने कहा कि 2024 के चुनावों के लिए सपा की रणनीति में एक और बड़ा बदलाव मुसलमानों का खुलकर समर्थन करने का उसका फैसला है। अखिलेश ने जब से पार्टी की कमान संभाली है, हिंदुत्व को बढ़ावा दे रहे हैं। मुस्लिम समर्थक छवि को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि अखिलेश अब मुसलमानों पर अत्याचार के खिलाफ बोल रहे हैं। उन्होंने महसूस किया है कि सपा को अपने दिवंगत पिता के मुस्लिम-यादव के जाति सूत्र का पालन करना चाहिए। उन्होंने जेल में इरफान सोलंकी से मुलाकात की, यह रणनीति का एक हिस्सा है।

## जमीनी विवाद में फायरिंग

बेतिया, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। बेतिया में जमीनी विवाद में फायरिंग हुई है। इस गोलीबारी की घटना में दो बच्ची समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों का इलाज बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल में चल रहा है। पूरा मामला जिले के जगदीशपुर ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटी पटेरा गांव का है। जहां शनिवार की दोपहर जमीनी विवाद में फायरिंग हुई। सूचना मिलते ही मौके पर सदर एसडीपीओ मुकुल परिमल पांडे दल बल के साथ पहुंचकर मामले की जांच में जुटे हुए हैं। उनके साथ कई थाने की पुलिस भी मौजूद है। गोलीबारी में घायल व्यक्तियों की पहचान नकटी पटेरा गांव निवासी हरि महतो के 12 वर्षीय पुत्री अमृता कुमारी इंद्रदेव महतो के 17 वर्षीय पुत्री बबीता कुमारी ढोड़ा महतो के 40 वर्षीय पत्नी मंजू देवी हिद्रया महतो के 50 वर्षीय पत्नी चंदा देवी एवं देवकी महत्व के 45 वर्षीय पत्नी शामा देवी के रूप में की गई हैं।

# नाबालिग की हत्या के 3 दोषियों को उम्र कैद की सजा

## 8 साल पहले अंजाम दी थी वारदात

बलिया, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की एक अदालत ने 15 वर्षीय किशोर की हत्या के आठ साल पुराने मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को यह जानकारी दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 25 जून 2014 की रात बलिया जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के विश्वनाथ इंटर कॉलेज के पास कक्षा 10 के छात्र सिद्धार्थ की धोखे से बुलाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सिद्धार्थ के चाचा उदय प्रताप सिंह की तहरीर पर सुभाष, कैलाश और श्रीकांत मुसहर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

सिद्धार्थ बलिया के मनियर थाना क्षेत्र के मल्हौवा गांव का रहने वाला था। पुलिस ने जांच के बाद अदालत में सुभाष, कैलाश और श्रीकांत मुसहर के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अधिवक्ता त्रिभुवन नाथ यादव ने बताया कि अपर जिला जज गोविंद मोहन की अदालत ने शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# पसमांदा मुसलमानों के बाद बीजेपी की नजर ईसाई वोटरों पर

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मिशन 2024 की तैयारियों में जुटी बीजेपी की नजर पसमांदा मुस्लमानों के बाद ईसाई वोटरों पर है. नई दिल्ली में आरएसएस की संस्था राष्ट्रीय ईसाई मंच ने चर्च के पादरियों और ईसाई नेताओं के लिए भोज का आयोजन किया. अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जॉन बरला ने खुद इसकी मेजबानी की. मोदी सरकार के आने के बाद ऐसा पहली बार हुआ, जब कोई मंत्री ईसाई नेताओं के लिए भोज की मेजबानी की हो. रिपोर्ट के मुताबिक केरल, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मध्य प्रदेश समेत 7 राज्यों के चर्च प्रमुखों को इस भोज के लिए आमंत्रण भेजा गया था.



### भोज क्रिसमस का पर राजनीतिक मायने क्यों?

2020-21 में चर्च और ईसाई समुदाय के लोगों पर देशभर में कई हमले हुए, जिसको लेकर केंद्र सरकार पर सवाल भी उठा. चर्च के प्रमुखों को भोज में बुलाकर बीजेपी सबका साथ, सबका विकास का संदेश देने की कोशिश कर रही है. कश्मीर समेत दक्षिण के कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं. यहां आदिवासी बेल्ट में ईसाई समुदाय के लोग कई सीटों पर निर्णायक भूमिका में है. भोज के बहाने बीजेपी ईसाई समुदाय को साथ काम करने का मैसेज दे रही है.

### नजर लोकसभा चुनाव पर, जहां 19 सीटों पर ईसाई वोटर्स प्रभावी

ईसाई समुदाय को साधने के पीछे की सबसे बड़ी वजह लोकसभा चुनाव 2024 है. झारखंड, केरल और पूर्वोंतर राज्यों में ईसाईयों की आबादी काफी तादाद में है. सीएसडीएस के डेटा के मुताबिक देश की 19 लोकसभा सीटें ऐसी है, जहां ईसाई आबादी 20% से ज्यादा है. इनमें 2 सीटें ऐसी है, जहां 85% के करीब ईसाई वोटर्स हैं. यानी 19 सीटों पर जीत हार का गणित ईसाई वोटर्स ही तय करते हैं.

### 2014 में पांच और 2019 में चार सीटें मिली

बीजेपी ने 2014 में ईसाई बहुल 19 में से 5 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस को 8 और अन्य को 6 सीटें मिली थी. 2019 में बीजेपी की सीटों की संख्या में जहां बढ़ोतरी हुई, वहीं ईसाई बहुल इलाके में सीटें कम हो गई. 2019 में 19 में से कांग्रेस को 10, बीजेपी को 4 और अन्य को 5 सीटों पर जीत मिली. झारखंड की दोनों लोकसभा सीटें खूंटी और लोहरदगा में बीजेपी ने जीत हासिल की थी.

### केरल में सबसे ज्यादा ईसाई, यहां के लिए अलग स्ट्रैटजी

2011 जनगणना के मुताबिक केरल की लगभग साढ़े 3 करोड़ की आबादी में लगभग 18 फीसदी ईसाई वोटर हैं. पिछले विधानसभा चुनाव में राज्य के दो प्रमुख मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियाई चर्च और दूसरे गुट जैकबाइट चर्च के बीच लड़ाई में एलडीएफ को फायदा मिल गया था. पार्टी इस बार दोनों चर्चों के बीच सुलह कराने में जुटी है. राज्य के 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां भाजपा को 11.3 फीसदी वोट मिले थे.

### पसमांदा के सहारे सपा का किला ढहा चुकी है

2024 से पहले बीजेपी ने पसमांदा मुस्लमानों को भी साधना शुरू कर दिया है. हाल ही में पसमांदा मुस्लमानों को साथ लेकर पार्टी ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की है. रामपुर और आजमगढ़ सपा का मजबूत गढ़ माना जाता था. दोनों सीट जीतने के बाद लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीजेपी अपना वोटबैंक बढ़ाने की कोशिश कर रही है. करीब 80 सीटें ऐसी है, जहां पसमांदा वोटर्स बहुयात संख्या में है. पसमांदा शब्द फारसी भाषा से लिया गया है, जिसका हिंदी में अर्थ पिछड़ा होता है. मुस्लमानों के कल्याण के लिए बनाई गई राजेंद्र सच्चर कमेटी ने रिपोर्ट में पसमांदा मुस्लमानों को लेकर बड़ा दावा किया था. रिपोर्ट में कहा गया था कि मुस्लिम समुदाय में 40% पसमांदा समाज के लोग हैं.

### अब जानिए राष्ट्रीय ईसाई मंच क्या है?

2019 के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ईसाई समुदायों को साधने के लिए राष्ट्रीय ईसाई मंच बनाया. इस मंच की कमान कभी सोनिया गांधी के करीबी रहे टॉम वडक्कन को दी गई है. वडक्कन बीजेपी के प्रवक्ता भी हैं और देशभर में ईसाई समुदायों के साथ लगातार बैठक भी करते हैं. संघ ने 2016 में पहली बार ईसाई मंच बनाने का पहल किया था, लेकिन चर्चों के बीच बात नहीं बन पाई थी. इसके बाद मुस्लिम मंच के कॉर्डिनेटर और प्रचारक इंद्रेश कुमार को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी.

# सागर में कांग्रेस को बड़ा झटका

## देवरी से पूर्व विधायक बृज बिहारी पटेरिया बीजेपी में शामिल



भोपाल, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनावों को एक साल बचा है। ऐसे में कांग्रेस में नेताओं की एक्जिट शुरू हो गई है। सागर जिले में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। देवरी से विधायक रहे बृज बिहारी पटेरिया ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने भाजपा में आमद दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देवरी से पूर्व विधायक बृज बिहारी पटेरिया को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह भी मौजूद थे। बृज बिहारी पटेरिया ने 1998 में कांग्रेस के टिकट देवरी विधानसभा का चुनाव जीता था। सागर जिले में कांग्रेस नेता लगातार पार्टी छोड़ रहे हैं। कुछ महीने पहले ही पूर्व मंत्री अरुणोदय चौबे ने कांग्रेस छोड़ी थी। हाल ही में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार पर कांग्रेस नेताओं पर दबाव बनाने के लिए झूठे प्रकरण बनाने और केस दर्ज करने का आरोप लगाया था। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा था कि शिवराज सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ राजनीतिक आधार पर उत्पीड़न कर रही हैं। झूठे प्रकरणों में एफआईआर हो रही है। कांग्रेस नेताओं को जेल में यातनाएं दी जा रही हैं और प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि पूरे प्रदेश के साथ ही सागर जिले के सुरखी, खुरई, रहली, दतिया जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ दबाव की राजनीति के तहत सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं।

# मास्क लगाकर ही होंगे माता वैष्णो देवी के दर्शन

## अटका आरती में भी होगा एसओपी का पालन



जम्मू, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। देश में बढ़ते कारोना के मामलों और नववर्ष पर माता वैष्णो देवी में भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी की संभावना के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड अलर्ट हो गया है। इसके मद्देनजर सभी भक्तों को दर्शन के दौरान एसओपी का पालन करना होगा। बिना मास्क पहने किसी भी श्रद्धालु को दर्शन की अनुमति नहीं मिलेगी। अटका आरती में भी सभी हितधारकों को मास्क पहनकर बैठना होगा। इसके साथ ही आरएफआईडी कार्ड न होने पर भी यात्रियों को वापस लौटा दिया जाएगा।श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के अफसरों ने बैठक कर रणनीति बनाई। इसमें कोविड एसओपी का पालन करने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर मंथन किया गया। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने नववर्ष के आगमन पर भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर उठाए गए उचित कदमों के बारे में जानकारी दी। इस बार यात्रियों के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। प्रभावी भीड़ प्रबंध, भवन में निकासी मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरों से कटड़ा से भवन तक पूरे मार्ग में निगरानी की जाएगी। सीईओ ने सुनिश्चित किया कि बिना आरएफआईडी कार्ड के किसी भी यात्री को दर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सुचना केंद्रों के माध्यम से भक्तों को बताया जा रहा है कि वे आधार शिविर कटड़ा में पंजीकरण कक्ष से आरएफआईडी रजिस्टेशन के बाद ही यात्रा शुरू करें। इसके बिना उन्हें रास्ते में ही रोक लिया जाएगा। श्राइन बोर्ड ने यात्रा पूरी करने के बाद इस कार्ड को वापस करने के लिए कहा है।

कार्ड वापस न करने वाले यात्रियों को 100 रुपये जुर्माना किया जाएगा। बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमार शर्मा ने सभी हितधारकों के साथ समन्वय बनाकर बेहतर भीड़ नियंत्रण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए। सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक पीएस रणपाइस ने नव वर्ष पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा बलों के समक्ष चुनौतियों को दर्शाया। बैठक में सीआरपीएफ के डीआईजी मनोज कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी नवनीत सिंह, कटड़ा के एसपी अमित भसीन भी मौजूद रहे।

# क्या गाय हिंदुओं की और बैल मुसलमानों का हो गया

## पठान विवाद पर फारुक अब्दुल्ला का तंज



जम्मू, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है. इस मुद्दे पर अब जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया देते हुए तंज कसा. फारूक अब्दुल्ला ने फिल्म के 'बेशरम रंग' गाने में दीपिका पादुकोण के भगवा कपड़े को लेकर जारी विवाद पर कहा कि क्या इसका मतलब यह है कि भगवा हिंदुओं का है और हरा रंग मुसलमानों का है? मौजूदा वक्त में शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' काफी विवादों में है और इस पर खूब राजनीति हो रही है.

फिल्म के 'बेशरम रंग' गाने के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि दीपिका पादुकोण के भगवा कपड़े हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं. जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने फिल्म पठान विवाद के बीच प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "शाहरुख खान की नई फिल्म 'पठान' में भगवा रंग के कपड़े पहनने पर विवाद छिड़ गया. क्या इसका मतलब यह है कि भगवा हिंदुओं का है और हरा मुसलमानों का? यह क्या है? गाय हिंदुओं की है और बैल मुसलमानों का?"

### अब्दुल बारी सिद्दीकी के बयान पर भी टिप्पणी

फारूक अब्दुल्ला ने आरजेडी नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के बयान पर भी टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि इसमें सच्चाई है कि देश में नफरत बढ़ी है, लेकिन देश छोड़ना समस्या का समाधान नहीं है. हमें एकजुट रहकर नफरत को खत्म करना है. अगर इस देश को बचाना है तो सभी धर्मों के लोगों को भाईचारे का पालन करना चाहिए. सिद्दीकी ने कहा था, "देश में मुसलमानों के लिए माहौल खराब है. मैंने विदेश में रह रहे अपने बच्चों को देश न लौटने की सलाह दी है." हालांकि, बाद में विवाद बढ़ने पर उन्होंने खेद जताया था.

### बीजेपी ने फिल्म के गाने पर जताई आपत्ति

बीजेपी नेता नरोत्तम मिश्रा ने गाने के खिलाफ आपत्ति जताते हुए सबसे पहले आरोप लगाया था कि यह एक गंदी मानसिकता को दर्शाता है. उन्होंने कहा था, "मुझे नहीं लगता कि यह सही है और मैं फिल्म के निर्देशक और निर्माताओं से इसे ठीक करने के लिए कहूंगा. इससे पहले भी दीपिका पादुकोण जेएनयू में 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के समर्थन में आई थीं और इसलिए उनकी मानसिकता सबके सामने आ चुकी है. मेरा मानना है कि इस गीत का नाम 'बेशरम रंग' भी अपने आप में आपत्तिजनक है. गाने के रंग, बोल और फिल्म के शीर्षक से भी समस्या है."

### विपक्ष ने बहस को निराधार बताया

फिल्म पठान विवाद पर हो रही सिसायत के बीच बीजेपी के कई नेताओं ने 'बेशरम रंग' गीत के खिलाफ बात करते हुए इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. वहीं, कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दलों के नेताओं ने बहस को निराधार करार दिया है.

# हरियाणा का जवान सिक्किम में शहीद

## हिसार के पूरे गांव में नहीं जला चूल्हा, 1 वर्षीय बेटे और बेटी से छिना पिता का साया



हिसार, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार जिले के सिंदोल गांव का सोमवीर सिक्किम हादसे में शहीद हो गया। सोमवीर की मौत पर पूरे गांव में रात को चूल्हा नहीं जला। गांव को उसके शहीद होने की सूचना शाम को मिली थी। हालांकि परिवार के सदस्यों को सोमवीर के शहीद होने की सूचना उसके यूनिट साथियों द्वारा सोशल मीडिया स्टेट्टस अपडेट करने से लगी। आर्मी की ओर से भी जवानों को सूचना देने के लिए भेजा गया। सोमवीर 26 जून 2015 को सेना में भर्ती हुआ था। शहीद सोमवार पिछले सप्ताह ही ड्यूटी पर गया था। उसका 1 साल का बेटा और 3 साल की बेटी है।

### भाई को भी प्रेरणा देकर आर्मी में करवाया भर्ती

सोमवीर का भाई सुरेंद्र भी 2018 में आर्मी में भर्ती हुआ। सुरेंद्र पुणे में तैनात है और आर्मी में हॉकी भी खेलता है। छोटे भाई को भी आर्मी में भर्ती करने की प्रेरणा सोमवीर ने ही दी। इतना ही नहीं उसे ब्लड रिलेशन कोटे से आर्मी में भर्ती करवाया।

### पिता करते थे मजदूरी

सोमवीर के पिता रामकिशन ठुकिया गांव में मेहनत मजदूरी करते थे। आर्मी में भर्ती होने के बाद ही परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक हुई। शहीद की माता का नाम शारदा देवी है। शहीद की पत्नी निशा देवी पहले उसके साथ सिक्किम में ही थी, पिछली बार जब वह गांव में आए तो वह घर पर ही रुक गई। सोमवीर खो-खो में स्टेट लेवल पर मेडल जीत चुका है। उन्होंने 12वीं तक की शिक्षा हासिल की थी।

# 'अदालत के फैसलों की रिपोर्टिंग और पब्लिशिंग अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा', केरल एचसी की अहम टिप्पणी




तिरुवनन्तपुरम, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार (23 दिसंबर) को एक फैसले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि अदालत के निर्णयों की रिपोर्टिंग और पब्लिशिंग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा हैं. कोर्ट के आदेशों या फैसलों को इंटरनेट पर अपलोड करने के खिलाफ 'भूलने के अधिकार' को लागू करने की मांग करने वाली याचिकाओं पर जस्टिस ए मोहम्मद मुस्ताक और जस्टिस शोबा अन्नम्मा एपेन की बेंच ने कहा कि कोर्ट रूम सभी के लिए खुला है. केरल हाईकोर्ट ने कहा कि कोर्ट हमारे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत निर्णयों के प्रकाशकों को उपलब्ध सुरक्षा की अनदेखी नहीं कर सकते. निर्णयों की रिपोर्टिंग और पब्लिशिंग अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा हैं और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है.

### केरल हाईकोर्ट की टिप्पणी

हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि जनता के विश्वास के आधार पर ज्यूडिशियरी की पहचान आम तौर पर न्यायिक कामकाज में सूचना के मुक्त प्रवाह के बिना संभव नहीं है. बेंच ने कहा कि अक्सर मीडिया अदालत की कार्यवाही की मिनट-दर-मिनट डिटेल्स के साथ ब्रेकिंग न्यूज की सुर्खियां बनाता है, जिसमें जज ने मामलों में कार्यवाही के दौरान क्या कहा, शामिल होता है. बेंच ने कहा, खुले न्याय में कोर्ट रूम को जनता को अपने कामकाज के बारे में राय बनाने का अवसर देना चाहिए. जनता के विश्वास को बनाने में यह सबसे महत्वपूर्ण विचार है. कोर्ट ने यह भी कहा कि सीपीसी की धारा 153-बी और सीआरपीसी की धारा 327 अदालतों को वैधानिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र बनाते हैं, जहां लोगों को कार्यवाही देखने और जनता की राय बनाने की इजाजत मिले. कोर्ट रूम को जनता के लिए खुला रखने का विचार ओपन कोर्ट सिद्धांत की रक्षा करना है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक मूलभूत पहलू है. जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि एक जज ने पार्टियों, सामग्री आदि के विवरण के साथ एक विशेष मामले का संचालन कैसे किया.

### कॉपीराइट का दावा नहीं- हाईकोर्ट

केरल हाईकोर्ट की बेंच ने आगे कहा कि संसद की ओर से इस संबंध में निर्धारित किसी भी कानून के अभाव में एक डिजिटल स्पेस में ओपन कोर्ट प्रणाली के विस्तार को ही निजता के अधिकारों का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता है. ओपन कोर्ट प्रणाली को मान्यता पहले से ही है. बेंच ने यह भी कहा कि अदालतों के पास निर्णयों पर कोई कॉपीराइट का दावा नहीं हो सकता है क्योंकि ये सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा हैं.

# पीएफआई से नुकसान वसूली करने में केरल सरकार ने की देरी, अब हाईकोर्ट से मांगी माफी

तिरुवनन्तपुरम, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पीएफआई से नुकसान वसूली करने में नाकाम रहने पर केरल सरकार ने हाई कोर्ट से माफी मांग ली है. केरल सरकार ने कहा कि अदालत के आदेश को लागू करने में जानबूझकर कोई विफलता नहीं की गई है. हालांकि, वह पीएफआई से नुकसान की भरपाई करने में नाकाम रही. केरल सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) वी. वेणु ने शुक्रवार (23 दिसंबर) को अदालत से इसके लिए और समय देने की अपील की. उन्होंने अदालत को सरकार की ओर वसूली के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में भी बताया और थोड़ा अतिरिक्त समय मांगा. उन्होंने कहा, वसूली के लिए सभी कदम 15 जनवरी से पहले किए जाएंगे. सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक महीने का समय दिया जाए.

### सरकार के रवैये से एचसी नाराज

सरकार के रवैये पर हाई कोर्ट ने नाराजगी जताई. अदालत ने कहा, राज्य सरकार को सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाना चाहिए और मामले को बाद की तारीख तक के लिए टालने से बचना चाहिए. कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि पहले के निर्देशों के अनुपालन के लिए दिया गया समय 31 जनवरी से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा. बता दें कि न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति सीपी मोहम्मद नियास की खंडपीठ ने पीएफआई के खिलाफ कार्यवाही का स्वतः संज्ञान लिया था.

### पीएफआई से वसूलने हैं 5.20 करोड़ रुपये

पीएफआई से हुए नुकसान का ब्यौरा पीठ ने सरकार से मांगा था. राज्य सरकार ने अदालत को बताया था कि पिछले दिनों एनआईए की कार्रवाई के विरोध में 23 सितंबर को पीएफआई के हिंसक प्रदर्शनों से 5.20 करोड़ रुपये की सरकारी संपत्ति को नुकसान हुआ था. जिसके बाद अदालत ने राज्य सरकार को पीएफआई से नुकसान की वसूली करने का आदेश दिया था. हिंसा के एवज में वसूली में देरी करने पर हाईकोर्ट ने कहा था कि हिंसा फैलाने वालों से सरकार को सख्ती से पेश आना चाहिए.

# रिटा. सब-इंस्पेक्टर सुसाइड केस

## इस वजह से की थी आत्महत्या, 4 आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर की सुसाइड के मामले में नया खुलासा हुआ है. रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर ने लोगों की ब्लैकमेलिंग के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की थी. पुलिस ने महिला,पुरुष,डॉक्टर सहित 10 लोगों पर मामला दर्ज किया है. सभी आरोपी ब्लैकमेल कर दुष्कर्म के झूठे केस में फंसा देने की धमकी दे रहे थे. आरोपियों ने धमकी देकर 10 लाख रुपये तक ऐंठ लिए थे. मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट को लेकर पुलिस जांच कर रही थी. वहीं, पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का 10 लोगों पर मामला दर्ज कर 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल, गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के पंचशील नगर निवासी जयश्रीराम मुजौरिया रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर थे. 22 नवंबर को अपने घर की चौथी मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगाकर जान दी थी. घटना का पता उस समय चला जब बेटा उन्हें तलाशते हुए ऊपर छत के कमरे पर पहुचा. जंहा रिटायर्ड दारोगा फांसी के फंदे पर लटके हुए थे, लेकिन जब तक उनकी मौत हो चुकी थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि मृतक ने सुसाइड करने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें आरोपी उन्हें झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहे थे और फोन पर धमकाने के साथ ही वह घर पर आकर धमका रहे थे. आरोपियों ने रिटायर्ड दरोगा को ब्लैकमेल कर करीब दस लाख रुपए से ज्यादा ऐंठ लिए थे और उसके बाद भी ब्लैकमेल कर उनके जीपीएफ का पूरा पैसा निकाल लिया था और इसी के बाद से दारोगा परेशान थे और उन्होंने जान दी थी.

# झाड़ियों में मिली नवजात भूख से बिलबिलाई तो थानेदार की पत्नी ने कराया स्तनपान, फोटो वायरल




ग्रेटर नोएडा, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित गर्ल्स हॉस्टल के पास मंगलवार को झाड़ियों में मिली बच्ची के माता-पिता का अब तक पता नहीं चला है। लेकिन बच्ची के मिलने के बाद थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह की पत्नी के बच्ची को स्तनपान कराने की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल फोटो में बच्ची थाना प्रभारी की पत्नी की गोद में हैं। फिलहाल बच्ची चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की देखरेख में है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि नईमुद्दीन नाम के एक व्यक्ति का गधा गुम हो गया था। मंगलवार को नईमुद्दीन गर्ल्स हॉस्टल के पास झाड़ियों में गधे को तलाशने पहुंचा था। तभी झाड़ियों में कुछ कुत्ते मंडराते दिखाई दिए। नईमुद्दीन ने पास जाकर देखा तो एक कपड़े में नवजात बच्ची लिपटी हुई थी। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को थाने लेकर आई, लेकिन बच्ची भूख के चलते बिलबिला रही थी और चुप नहीं हो रही थी। बच्ची के मिलने की जानकारी होने पर थाना प्रभारी की पत्नी भी वहां पहुंच गईं। बच्ची काफी देर तक भी भी चुप नहीं हुई तो थाना प्रभारी की पत्नी ने बच्ची को फीड कराया। उसी दौरान किसी ने यह फोटो खींच लिया। उनके इस कार्य की सोशल मीडिया पर प्रशंसा की जा रही है। थाना प्रभारी को तीन माह पहले ही पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई थी।

# एम्स के डॉक्टरों को हॉस्टल में मिल रहा 'कीड़े' वाला पानी, डायरेक्टर को पत्र लिखकर कही ये बात

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली के रेजिडेंट डॉक्टरों को उनके हॉस्टल में साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। हॉस्टल के नल के पानी से कथित तौर पर कीड़े निकल रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। डॉक्टरों ने इस समस्या के बारे में डायरेक्टर को एक पत्र लिखा है और इसे मेडिकल इमरजेंसी के तौर पर लेने की अपील की है क्योंकि इस पानी का इस्तेमाल सब्जियों, फलों को साफ करने और नहाने के लिए किया जाता है । पत्र में, रेजिडेंट डॉक्टरों ने कहा है कि पिछले एक हफ्ते से कुछ हॉस्टलों के पानी में जिंदा कीड़े पाए जा रहे हैं। ये समस्या लगातार हो रही है।

# टैटू से खुला राज

## गर्भवती दिव्या ने लिखवा रखा था- 'आई लव माई मॉम एंड पोप्स'... दाए कंधे पर लिखा था यह अक्षर



गाजियाबाद, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। गाजियाबाद के वसुंधरा के भोपुरा में गाड़ी सर्विस का गैराज चलाने वाले रमन ने अपनी लिव इन पार्टनर गर्भवती दिव्या (35) की हत्या की थी। इस मामले में इंदिरापुरम पुलिस की जांच की सुई आरोपी रमन के करीबियों पर भी घूम रही है। पुलिस को घटनास्थल के पास तीन-चार संदिग्ध मोबाइल की लोकेशन मिली है, जो उसके करीबी के बताए जा रहे हैं। मां बिट्टो ने मुकदमा दर्ज कराकर आरोपी के चाचा गजेंद्र सिंह उर्फ गज्जू व बहन पिंकी पर भी धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं, आरोपी रमन ने दो साल की बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में दिव्या को पत्नी बताया है। हालांकि दोनों की शादी के दस्तावेज पुलिस को नहीं मिले हैं। उधर, शनिवार को शिमला के कुमारसेन थाना पुलिस इंदिरापुरम थाने पहुंचकर आरोपी को अपने कब्जे में लेगी। पुलिस ने बताया कि बिट्टो के आरोपों पर पुलिस ने रमन की मोबाइल की सीडीआर व अन्य करीबियों की भी सर्विलांस लोकेशन खंगाली है। घटनास्थल के पास पुलिस को तीन-चार संदिग्ध मोबाइल की लोकेशन मिली है। हालांकि टीम उन पर काम कर रही है। जांच टीम को शक है कि यह नंबर आरोपी रमन के परिवार या किसी करीबियों के हो सकते हैं। जल्द ही पुलिस उनका खुलासा कर सकती है।

# करुणा और सेवा की साकार मूर्ति : मदर टेरेसा

अतुल कुमार



बिना किसी स्वार्थ के अपनी पूरी ज़िंदगी लोगों की सेवा में लगाने वाले बहुत कम लोग हैं ।इन विभूतियों ने पूरा जीवन अर्पित कर लोगों की सेवा को ध्येय बना मानवता के शानदार रूप को प्रस्तुत किया इन कुछ लोगों में मदर टेरेसा का नाम शामिल है । पूरा जीवन लोगों की सेवा में लगा ऐसी मिसाल कायम की जिसको आज भी याद किया जाता है ।उनके अनुसार " अगर आप सौ लोगों की मदद नहीं कर सकते तो केवल एक की ही मदद कर दो, बात यह नहीं है कि हम कितना देते हैं ,लेकिन हम कितना प्यार से देते हैं यह मायने रखता है " । समाज से ठुकराये उपेक्षित और अस्पृश्य लोगों के लिये वह मां स्वरूप थीं सेवा और करुणा उनकी संगिनी थीं दुनिया से खारिज दुखी पीडीत और अपाहिज जो अपने जीवन से खीज उठे हों उनकी छत्र छाया को पा उनके जीवन के सोते में नया झरना फूट पडता । कुष्ठ रोगियों से ले ऐड्स रोगियों तक जिनके घातक रोग को महाविनाश के रूप में दुत्कारा और धिक्कारा जाता हो वहीं वह मदर का रूप बन प्रकट होतीं ।

उनकी सेवा विशेषकर उन मुरझाते लोगों के लिये संजीवनी बनी जो लाचार असहाय और अनाथ थे ।सबसे पहले उन्होंने कोलकाता की झुग्गी झोपडियों में बीमारियों से जूझ रहे ऐसे लोगों की सेवा सुश्रुषा की जिनके निकट जाने में उनके अपने भी कतराते थे ।उनसे अछूतों जैसा व्यवहार होता ।रोगियों के प्रति इस टार्चर के विरोध में उठ खडी हुईं और उन्हें इस बात का एहसास करवाने लगीं कि पूरी तरह से वह उनकी बहन ,मौसी और मां हैं ।बहुत बडी बात होती है पल पल टूट रहे उपेक्षित मरीज़ के मन में इस मनोबल को फूंकना ,रोगी आधा वहीं ठीक हो जाता है जहां उसे भरोसा होता है कि हां उसका भी इस दुनिया में कोई है । खुशी से वे कहते यह हमारी " मदर" है।

सन 1943 में बंगाल में पडे अकाल ने उन्हें भीतर तक द्रवित किया इस घटना ने टेरेसा को विचलित किया और गरीबों के हितों की रक्षा और उनकी सेवा में पूरी तरह से डेडिकेट किया सन 1946 में जब कानवेंट के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रही थीं तब उन्हें अंदर की आवाज़ सुनायी दी कि उन्हें समाज सेवा करनी चाहिये और इसी प्रेरणा के कारण उन्होंने टीचींग का कार्य छोड दिया । ज़िंदगी का एक ही उद्देश्य था गरीबों ,बेघरों, अंधों और कमज़ोरों को खाना खिलाना ।और वह सभी जिनका समाज में कोई स्थान नहीं उनकी देखभाल करना पहली बार सन 1952 में उन्होंने मरणासन्न लोगों के लिये ऐसा घर बनाया जिससे उन्हें सम्मांनजनक मृत्यु मिल सके इस प्रकार कोलकाता कालीघाट में "निर्मल हृदय " की शुरुआत हुई जहां मरते लोगों की देखभाल होती इसके बाद कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिये सेवा केंद्रों की स्थापना की ।

सन 1960 में वह सबकी नज़रों में तब आयीं जब मेकलाम मगेरिज ने उनके सामाजिक कार्यों पर पुस्तक लिखी जिसका शीर्षक " समथिंग ब्यूटिफुल फार ग़ाड " था ।मानवीय सद्भावना और सहिष्णुता जैसे गुणों के कारण पहचान मिली ।उनका मानना था कि हम बडे और महान काम नहीं कर सकते लेकिन छोटे छोटे काम स्नेह से कर सकते हैं बच्चों को शिक्षित करने और समाज के पिछडों के लिये अनेक कार्य किये ।यद्यपि वह भारत की नहीं थीं लेकिन पहली बार सन 1929 में जब यहां आयीं तो यहां के लोगों से प्रेम कर बैठीं और यहीं जीवन बिताने का निर्णय लिया । शिक्षिका का काम छोडने के बाद पूरी तरह से दीन दुखियों और पीडीतों की सेवा में लग गयीं ।पटना से नर्सिंग की ट्रेनिंग ली और कोलकाता लौट अनाथ बच्चों के लिये आश्रम बनाया।रोगियों की खुद सेवा किया करतीं मरीज़ों के घाव को हाथ से साफ कर मरहम पट्टी करतीं ।वह कहतीं " हम सब भगवान के हाथ में एक कलम के समान हैं "



मदर टेरेसा खुद के लिये नहीं बल्कि दूसरों के लिये जीती थीं ।निस्वार्थ मां की तरह सेवा भाव और देखभाल करने वालीं उनके ममत्व का स्नेह पा मरीज़ आत्मविश्वास से भर उठते । वास्तव में पीडीतों के प्रति उनका व्यवहार इतना अपनेपन से भरा होता जैसे खोये हुए बच्चे को उसकी मां मिल गयी हो । सदैव सफेद नीली बार्डर की साडी और हमेशा पल्लू से ढंके सिर के बीच से वह तेजस्वी चेहरा जब भी मुस्कुराता तो एक नहीं अनेक जीवनों में खुशी की लहर दौड पडती आज उनके द्वारा शुरु किये गये कई सेवाभावी संस्थान कार्य्ररत हैं । पांच भाई बहनों में सबसे छोटी थीं शुरु से ही परिश्रमी ,अध्ययन शील और सेवा भाव से युक्त थीं उनका असली नाम अग्नेसे गोंकशे बोजशियु था ।उनकी धारणानुसार " प्यार की भूख रोटी की भूख से कहीं बडी है " उनसे प्रेरणा लेकर संसार के विभिन्न भागों से स्वयं सेवक तन मन धन से गरीबों की सेवा में लगे ।जब वह सिर्फ 12 साल की थीं तभी उन्हें यह अनुभव हो गया था कि वह सारा जीवन मानव सेवा में लगाएंगी ।वह कहतीं " आप जहां भी जाएं सिर्फ प्यार ही फैलाएं,जो भी आपके पास आये वह और ज़्यादा खुश हो कर लौटे "

प्रसंगानुसार एक दिन वह लंदन से आये एक डाक्टर को "निर्मल हृदय" { जहां कुष्ठ रोगियों का इलाज किया जाता ) का अवलोकन करा रही थीं तभी एक ऐसे कुष्ठ रोगी को वहां लाया गया जिसके शरीर पर कई जगह घाव हो गये थे उन घावों से खून और मवाद बह रहा था ।वह डाक्टर को वहीं छोड तुरंत उस रोगी के पास पहुंची और उसके घावों को साडी के पल्लू से पोंछने के बाद उन पर अपने हाथों से द्वाई लगाने लगीं तब तक वह डाक्टर भी वहां पहुंच गये कुष्ठ रोगी के घावों पर दवाई लगाते हुए देख कहा " मदर आप घावों पर दवाई लगाने से पहले कम से कम अपने हाथों पर दस्ताने तो पहन लेतीं "मदर टेरेसा ने डाक्टर से तुरंत प्रश्न किया "अगर आपका बेटा इस स्थिति में आपके पास लाया जाता तो क्या आप उसके घावों पर दवाई लगाने के लिये दस्ताने पहनने तक का इंतज़ार करते "? ऐसी मां थीं मदर टेरेसा।

26 अगस्त 1910 को अलबेनिया में जन्मीं मदर टेरेसा के पिता एक सफल कारोबारी थे ।सेवा की दूत मदर टेरेसा ममता की मूरत थीं दीन दुखियों की मसीहा और बीमार लोगों के जीने का सहारा व मुस्कान थीं यही उनकी सबसे बडी पहचान थी सिर्फ 12 सद्स्यों के साथ उन्होंने जिस संस्थान को खडा किया आज वही संस्थान 133 देशों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा हैं।यह काम वही लोग कर सकते हैं जो प्यार और सांत्वना की वर्षा करें भूखों को खिलायें अपाहिजों को गले लगाये ।उनके इन्हीं कार्यों के लिये उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

45 वर्षों तक निस्वार्थ भाव से इस कार्य को किया जिस दिन से अपना घर आयरलैंड छोडा, उस दिन से ले अपनी मृत्यु तक अपने परिवार के किसी भी सदस्य से कभी कोई मुलाकात नहीं की ।उनको एहसास हो गया कि उनका जन्म गरीबों और रोगियों की सेवा के लिये हुआ है ।जब उन्हें पता चला कि उन्हें नोबेल प्राइज़ मिलने वाला है तो प्राइज़ कमेटी से इस बात के लिये अनुरोध किया कि वे उन्हें इनाम देने के लिये किसी भी तरह का कोई समारोह आयोजित न करें बल्कि उसमें खर्च होने वाली $192000 की राशि को गरीबों की मदद के लिये दे दें । उनके इस निवेदन को पा आयोजक भी उनकी सेवा भावना के दृष्टिकोण से प्रभावित हो गये ।मदर टेरेसा का पूरा जीवन निष्काम सेवा के लिये सुनहरी मिसाल बना ।सन 1980 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न " से अलंकृत किया गया । वह प्रायः कहतीं " दया और प्रेम भरे शब्द छोटे हो सकते हैं लेकिन असल में उनके गूंज की कोई सीमा नहीं होती " करुणा और सेवा की इस महान साधिका ने 5 सितंबर 1979 को संसार को त्यागा ।

एक बार किसी ने उनसे पूछा कि आप अपने जीवन को किस रूप में लेती हैं ! तब बहुत सकुचाते हुए मदर टेरेसा ने कहा " मैं ईश्वर की एक बहुत छोटी सी पेंसिल हूं जिससे उसका महान संदेश लिखना चाहती हूं कि अपने काम के माध्यम से प्रेम और सद्भावना का प्रसार कीजीये " । वही किया ।

# काव्य कुंज

## सफ़र 2022 का



प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

365 सीढ़ियों में से बस अब
चंद सीढ़ियों का ही फासला है
मैं 2022, बीते दिनों की बात हो जाऊंगा,
जिंदगी का यही तो सफ़र है ।
चंदा के समान घटता - बढ़ता नहीं
आगे बढ़ता और बढ़ता ही जाता है
बसंत की मचलती, चंचल हवा उम्मीदें जगाती हैं
संघर्ष, असफलताएं, पतझड़ बन आशाओं को उड़ा ले जाती हैं
कई ख्वाहिशें जो जनवरी में देखे थे कुछ पूरी हुईं
कुछ का होना अभी बाकी है
मैं तो बस चलता जाता हूं खट्टा मीठा कड़वा तीखा
सब का स्वाद लेता जाता हूं ।
कितने मिले बिछड़े कितने कुछ याद करता
कुछ को छोड़ता जाता हूं
कितनी गलतियां कीं कितनों का दिल दुखाया !
सब सुधारना चाहता हूं ।
बीते दिनों की पगडंडी पर नया रास्ता बनाना चाहता हूं
जो चूक हुई है मुझसे वह बदल नहीं सकती
उस भूल को जरिया बना मंजिल को पाना चाहता हूं ।
हार कर जो हौसलें हुए थे मुझसे दूर
उन हौसलों को फिर से बुलाना चाहता हूं
नए वर्ष में कुछ कर दिखाना चाहता हूं ।
नया कुछ कर दिखाना चाहता हूं

## नसीहत



टी तारासिंह
हैदराबाद

पैसों के आगे पिछे
कब तक भागोगे
ये तुम्हारे पास नहीं रूकेगा
तकदीर के धनी हो तो
पैसा तुम्हारे पास आयेगा
संभाल कर रख लेना
आये धन दौलत शानो शौकत
इसके नशे में डुब ना जाना
पैसा चंचल है फिसलता रहता
घर रास्ता बदलता रहता
हसी देता हसता रहता
मुस्कुराहटें भी छीन लेता
दु:ख दर्द में हम सबको
नसीहतें आंसू दे जाता ।।

## मैं और मेरी तनहाई



डॉ सुलभा कोरे,
मुंबई

जब कभी बातों की, खिलखिलाहट की बात होती है
अक्सर लोग मुझे याद करते हैं
क्या बातें करती हैं, क्या ख़ुशमिज़ाज है
क्या खनक है हँसी में, बातों में तुनक
तब हर बार मैं अपने भीतरी सन्नाटे से
विद्रोह करते हुए निकलती हूँ
इन ठहाकों, बातों की सैर पर ।
घुलमिल जाती हूँ लोगों की भीड़ में
भीतर कोई आक्रोश सा रहता है, हरदम
कानों में, दिल में कहता रहता है
क्यों ख़ुद से यूँ बेवफ़ाई करती हो ?
चुप हो जाओ, चुप हो जाओ,
आम इंसान बन जाओ
और अचानक सब कुछ समेटकर
मैं सिमट जाती हूँ, अपनी ही खोज में
घुल जाती हूँ, एक अजीब ख़ामोशी लेकर
बैठ जाती हूँ, चुपचाप! ?
खिड़कियों से पीछे झरती दुनिया को छोड़,
आवाज़, कोलाहल से बेख़बर,
गुमसुम अकेली सी मैं और मेरी तनहाई !!

## क्या तुम......?



डॉ. डी. डी.
देसाई

क्या तुम समझ पाओगी इस हवा को ?
जो बहती हैं तेरी दिशा मे, लहलहाते खलिहनों से..
हर पत्ती हर फूल को छूकर, लहराती हुई तेरे बालों को,
कहती हैं हौले से तेरे कानों मे..
क्या तुम सुन पाओगी इसे..?
आधारों से गर्माहट लिए ,
फिजाओं से सिलवट लिए..
कलकल बहते झरने से संगीत लिए,
हृदय से निकला हैं गान..
क्या तुम सुन पाओगी इसे..?
चुनिंदा बगाणों से चुनकर,
महकती सुगंध से छीनकर,
अपसराओं की थाल से..
एक खूबसूरत फूल लिए..
दस्तक दे रहा हूँ मैं ..
क्या तुम सुन पाओगी इसे..?
धरती को पीठ दिखाकर,
सिरहाने की चूँगुल से
नींदों से चुराकर आसमान से,
तेरे नाम का सितारा लिए,
एक अपनासा सपना लाया हूँ,
क्या तुम देख पाओगी इसे...?
धड़कती हुई धड़कानों से..
अल्फाजों की कमी से..
घबराहट का चोला ओढ़े..
मेरे भावविभोर लफ्ज..
तेरे क़दमों मे दम तोड़ रहे हैं..
क्या तुम जिन्दा कर पाओगी इन्हें..?


## यही करना होगा



डॉ टी महादेव राव

सच्चाई का सामना करना होगा
अपनी खामियों से उभरना होगा
उंगली सामने वाले पे उठे ठीक है
हमें इंगित इशारों से संभलना होगा
खुद का अहम और बड़प्पन छोड़ें
बढ़ें जितने उतना ही झुकना होगा
क्या होगा दिल में रंजिश पालने से
छोटी सी ज़िंदगी मिलकर रहना होगा
नहीं है कोई तोप और न तुर्रम यहां
जाएंगे एक मंजिल पे समझना होगा
दो पल हंसी खुशी के बितालो दोस्त
न जाने कब फिर तुमसे मिलना होगा
दिल में बैर न हो चेहरे पे हो तबस्सुम
सबकी खुशी के लिए यही करना होगा

## जिंदगी के हर पल



संजीव ठाकुर,
रायपुर

जिंदगी के हर पल चमकदार नहीं होते,
जिंदगी में हर पल चमत्कार नहीं होते।
ईमान और पसीने से बनती है जिंदगी,
बेईमान कभी भी इज्जतदार नहीं होते।
अच्छी नियत साफ इरादे रखिए जनाब,
आस्तीन के सांप कभी वफादार नहीं होते ।
गर नमक खाया वतन का तो अदा कर पूरा
नमक हराम कभी अच्छे पहरेदार नहीं होते
जख्म पर अपने मरहम की उम्मीद मत कर
उठे हुए हर हाथ मददगार नहीं होते।
जमाने की चकाचौंध से फिसल मत जाना संजीव,
सफेद लिबास में हर कोई ईमानदार नहीं होते।

## वेदनाओं का शहर



सविता राज,
मुजफ्फरपुर बिहार

एक शहर देखा वेदनाओं का,
जहां मोल नहीं भावनाओं का,
दर्द थी वहां,घुटन थी,
बरसों तक खुशियां न पहुंच पाई वहां,
दर्द की वजहें बदलती रही,
दर्द दूर न हो सका,
अश्कों से सजल नयन
गहरी खामोशी लबों पर,भांति भांति के गम मिलें,
जो भी मौसम मिले नम मिले,
तन्हाई के मौसम ही सुहाने लगने लगे,
सुकून अकेलेपन से मिलने लगा,
लोगों का साथ भी अखरने लगा,
हौसला तोड़ते पत्थर के अल्फाजों से लोग,
मन कह रहा था, तोड़ दूं जंजीरे, बदल दूं लकीरें,
छोड़ दूं यातनाओं का शहर
आस्तिक मन भी नास्तिक होने लगा,
तभी एक सुक्ष्म रौशनी आई,
रौशनी थी वो बीते लम्हों की,खूबसूरत पलों की,
अपनों के संग बिताए दिनों की,
रोक लिया खो जाने से,
सर पर हाथ रखा स्व जनों के आशीष ने,
दु:ख सहने शक्ति दी स्व जनों के प्रेम ने,
जब पा लिया खुद को ,
तो थोड़ा सुलभ हो गया जीना,
दुखी मन अब मंदिर बना है,
जहां दु:ख सुख समान हुआ है।

## रवि की किरणें



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

नींद के जज़ीरे में देखा एक हसीन ख्वाब,
महकता आँगन, खिले खुशनसीब गुलाब,
कांटों बीच मुस्करा रहा,
न कोई गिला, शिकवा,
सवाल घिरी जिंदगी को मिला हसीन जवाब!
सूरज की नन्ही किरण घर वातायन से आई,
उठ मुसाफिर भोर हुई, समय की यही दुहाई,
जो सोता,वो खोता है, रह जाता हाथ मल
रोशनी कुछ पल की मेहमान रात अंधियारी आई।
काली रात है, लंबी रात है,हर धड़कन है घबराई,
दिन के उजाले में मेहनत कर ले तो बात बन आई
अंतिम साँस तक टूटे न आस,हिम्मत का दामन थाम,
रात घनेरी ढ़ल जाएगी, जब रवि की किरणें आई ।

## कर अरदास



दर्शन सिंह
हैदराबाद

लाख खुशियां पातशाहियां,
सतगुरू नदर करे
छोड़ इधर उधर की,.....
रश्मियां प्रखर करे
न जाने क्योंकर फ़िर असभ्य वैचारिकता
कर अरदास आज़ ..,
दीप्त प्रदीप्त सहर करे
जब तक भय सम्मुख न आवे, टालने का...
जब सामने हो,निडर हो जाएं, नेसनाबूद करे
मस्तिष्क में सत्यता, हृदय में पवित्रता
तूफानों का झंझावात, किला फ़तह करे
कोई दरवाजा बंद करे, किश्ती बीच मझधार
सशक्त कदम,शतप्रतिशत विजय विश्वस्त करे
मैं की हवा लगी, न दवा लगी न दुआ लगी
भवरों संग बह गए बंधु, स्वयं को बेदम करे
श्रेष्ठ वही है जो बुरी स्थिति में फिसले नहीं
आड़े तिरछे तमाम फंदे, चकनाचूर क्रशड करे
उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथै
उठो जागो,विपरीत बहो, गर्जन पलपल करे
न ही कश्चित विजानाति किं कस्य..भविष्यति
इसलिए वंदे मातरम, नायाब... अम्बर करे
कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी
थाम तिरंगा,उड़े चलो, बाधाएं तरतीब करे।।

## विश्वप्रेम का मर्म



कुमुद बाला,
हैदराबाद

प्रेमभक्ति देख मेमने की यीशु ने ,
विश्व प्रेम का मर्म समझा
हर जीव से मानव प्रेम करे ,
यीशु ने बताना धर्म समझा
माता है अपनी प्रकृति हमें ,
दिल से करना चाहिए सम्मान
यीशु की मानव प्रेमभक्ति का ,
सभी को रखना चाहिए मान
मिलन आत्मा - परमात्मा का , है भक्ति की चरम पराकाष्ठा
प्रेम दीपक दिल में जला , हासिल करना चाहिए आत्मज्ञान
क्षणभंगुर जीवन में उन्होंने , भावों का तार्किक मर्म समझा
हर जीव से मानव प्रेम करे , यीशु ने बताना धर्म समझा
जंगल में शुभ मंगल रहे और हर पंछी की उन्मुक्त उड़ान रहे
मानवता की पराकाष्ठा और चेहरे पर भव्य मुस्कान रहे
विकास की ओर बढ़ाएं कदम , पर्यावरण शुद्ध आह्वान रहे
पंच तत्व में समाहित ब्रह्माण्ड की दृष्टि , सदा आयुष्मान रहे
पवित्र आकाशगंगा सा हृदय ले उन्होंने ,बौद्धिक कर्म समझा
हर जीव से मानव प्रेम करे , यीशु ने बताना धर्म समझा
श्रीराम - कृष्ण - हनुमान - महावीर ,सबने प्रेमज्योति जलाई
रसखान- कबीर- मीराँ- शबरी ने,हमतक वह ज्योति पहुँचाई
ईश्वर को समझ मूसा - बुद्ध ने , निर्वाण प्राप्ति की राह बताई
प्रेम सर्वोच्च सभी धर्मों में , हरेक ने प्राप्ति की युक्ति लगाई
साधु - संत ने धुनि रमाई , मदर टेरेसा ने मानव धर्म समझा
प्रेमभक्ति देख मेमने की यीशु ने , विश्व प्रेम का मर्म समझा
हर जीव से मानव प्रेम करे , यीशु ने बताना धर्म समझा

## फ़िर आया नया साल



रेणुका अग्रवाल

घर घर दीप जले हैं आज।
ख़ुशियोँ के फ़ूल खिले हैं आज।
ये साल हो मुबारक़ सबको,
एक दूजे के गले मिले हैं आज।
सब मिल एक पेड़ लगाओ।
ज़मीं को प्रदूषण मुक्त कराओ।
है नया साल एक शपथ उठाओ,
बेटियों की सब आबरू बचाओ।
मंदिर में भगवा ध्वजा फहरावे।
अपना सनातन धर्म बचावे।
चैत महीना प्रथम नवरात्र आवे,
युगादि नया साल हम मनावे।
एक जनवरी भी शुभ दिन होता है।
पश्चिम में नया साल होता है।
हम भी इस दिन ख़ुशी मनाते,
देकर लेकर ,उपहार हम भी हर्षाते।
मिठाई खाओ औऱ ख़िलाओ।
केक सब मिल बांटों खाओ।
ये मीठा मीठा स्वादिष्ट व्यंजन है।
लगाते चेहरे पर जैसे रँगन है।
ख़ूब कमाई हो रही है।
बेटियाँ माँ के घर हो रही है।
न शादी,न घर बसे उनका,
ये नई हवा बह रही है।
धन्य है माँ बाप हमारे।
संतान को रखते कुँवारे।
भूल गए सब धर्म अपना।
परिवार नियोजन,इनका सपना।

## नववर्ष की मंगल कामना



श्री कमलेश झा

मंगल कामना नववर्ष
पर हर दिन मंगलमय हो ।
समाज और परिवार में
छण छण मंगलमय हो।।
विश्वाश बढे अपनों के ऊपर
अपनों से सम्मान मिले ।
जीवन के इस परिवर्तन में
मुख्य भूमिका का सम्मान मिले।।
बरगद बनकर परिवार समाज में
छाया बनकर साथ मिले ।
जब आश्रय की जिसे जरूरत
छाया बनकर साथ मिले।।
नववर्ष के प्रथम दिवस
खुशियों का सौगात मिले।
चकाचोंध हो जीवन में अपनो का भी साथ मिले।।
बसंत के नव पल्लव सा कोमल सा स्पर्श रहे।
ओश बून्द सा प्यार उमड़कर अपनो पर छिड़काव करे।।
स्वस्थ रहें तन से औऱ मन की शांति बनी रहे।
जीवन माला के हर मोती में नव नूतन अनुभव मिले।।
समाज जुड़े समाजिक बंधन में आपस का सौहार्द बढे ।
नेकी और सद्कर्मो से समाज प्रगति पथ के राह बढे ।।
मान बड़े भारत माता का विदेशों में नाम बढ़े।
कर्म पताका देश के लालों का चीख चीख कर गान करे ।।
छल कपट और मक्कारी का नव भारत में न जगह मिले ।
देश के गद्दारो को गद्दारी का उचित इनाम मिले ।।

## जिंदगी का सफर



गजानन पाण्डेय

ये दिल है दिल में भावनाएं हैं
एक - दूसरे के लिए प्यार है
प्यार से जीवन - संसार है ।
न प्यार हो तो जीवन बेजार है
नफरत की आग में
झुलस जाता संसार है ।
न कोई रहता साथ है, बस याद रह जाता व्यवहार है ।
यादों में, यही भावनाएं
अच्छे व्यवहार व संस्कार से जुडता समाज है ।
तब उस व्यक्ति पर गर्व होता है
और जिंदगी का सफर, एक मिशन बन जाता है
हर व्यक्ति को जीने का सबक दे जाता है
आदमी मानव से महामानव बनता है ।

## क्या सोचे थे क्या हो गया !



रमेश गायकवाड
रागा, हैदराबाद

पाल पोस कर बड़ा किये
परिश्रम से भविष्य बनाये
पढ़ा लिखाकर बुद्धिजीवी बनाए
मेहनत से उच्च शिक्षित बनाए
मां-बाप अपनी जिम्मेदारी निभाये
अरमान आसमान पर छा गये
नौकरी पाकर कमाने लगे पैसे
कुछ दिन में चार चांद लग गए
हिम्मत हुई चैन की सांस लिए
आशा हुई फर्ज पूरा निभाएंगे
शादी के लायक हो घर बसाएंगे
मन में खुशी हुई चिंता से दूर होंगे
पैसे अनगिनत खूब कमाने लगे
उसी राह में विलायत जा बसने लगे
कुछ दिन बाद घर सूना सूना होने लगा
मौसम सुहाना अब नाम के वास्ते रहा
कभी-कभी मां बाप भी विलायत जा पहुंचे
चार दिन की चांदनी फिर वापस आ जाते
घर में चिंता छा गई सहारा कोई नहीं
बढ़ती उम्र में मां-बाप बेसहारा होते गए
दुनिया बढ़ने लगी दिल समा नहीं रहा
कंप्यूटर वीडियो कॉल से पूछने लगे
पास ना होने से आंखें नमी होने लगी
मानो बगिया के फूल मुरझाने लगे
दर्द प्यार का बांटने कोई नहीं सहारा
पर वृद्धाश्रम में रहने का संदेश आया
दिल तार-तार हो गया पर क्या करें
अपनी तकदीर पर बार-बार रो पड़े
आखिरी दम पर ऐसी क्या स्थिति हो गई
क्या सोचे थे क्या हो गया !

## जिंदगी का सफर



लवली आनंद,
बिहार

अब जीवन के सफ़र में
मैं तन्हा ही चलना चाहती हूँ।
कोई पुकारे या ना पुकारे
मैं पीछे मुड़ना नही चाहती।
मंज़िल पाने की इस होड़ा होड़ी में
मैं मंज़िल तक के सफ़र में
तन्हा ही चलना चाहती हूँ।
ज़िन्दगी इक अजब मोड़ पर खरी है
मैं इस मोड़ पर लड़खड़ाना नही चाहती हूँ।
मुश्किल है ये दौर मेरी ज़िंदगी की
यकीनन दुख के बादल भी छटेंगे
मैं इस यकीन को जिंदा रखना चाहती हूं।
मेरे किरदार की ब्यथा बहुत भारी है
मैं इस किरदार की स्रोता खुद बनना चाहती हूँ।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# कोविड में बदल सकता है पैरों का रंग

## जीभ हो जाएगी कटीली, चीन में कोरोना मचा रहा हाहाकार

कोविड को आए करीब तीन साल बीत चुके हैं। ज्यादातर लोग जान चुके हैं कि अगर गले में दर्द के साथ जुकाम, भयंकर खांसी, सांस लेने में तकलीफ, बुखार और बदन दर्द हो रहा है तो कोविड हो सकता है। इसके बावजूद इस सच को नकार नहीं सकते कि कुछ अजीबोगरीब लक्षण कोविड से हमेशा जुड़े रहे हैं। आज हम ऐसे ही 5 सिम्पटम्स की बात कर रहे हैं जो कोविड के लक्षण हो सकते हैं।

हेयरी टंग या कटीली जीभ

कोविड का एक सिम्पटम्स जिसने काफी लोगों को परेशान किया, वो है हेयरी टंग। सैन फ्रांसिस्को की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के इन्फेक्शियस डिजीज स्पेशलिस्ट डॉ पीटर चिन-होंग के अनुसार कोविड से पहले भी वायरल इंफेक्शन, स्मोकिंग, एंटीबॉयोटिक और खराब हाइजीन के कारण हेयरी टंग की समस्या लोगों को हुई है, लेकिन कोरोना के दौरान कुछ लोग इससे परेशान दिखे।

लक्षणः इसमें जीभ पर काले बाल जैसे उग आते हैं। कई लोगों को जीभ पर जलन भी महसूस होती है। हालांकि, कुछ ही दिनों में यह ठीक भी हो जाती है। इसके अलावा कई लोगों के मुंह में सफेद परत भी जमा हो सकती है। यह परत न सिर्फ जीभ पर बल्कि पूरे मुंह में जमा हो सकती है। इसका ट्रीटमेंट आमतौर पर 10 से 14 दिन का होता है।

कारणः हमारी जीभ की सेल्स जल्दी-जल्दी खुद को बदलती हैं। मगर जब पुरानी डेड सेल्स जीभ पर बनी रहें और जीभ पर परत बना लें तो हेयरी टंग या कटीली जीभ की समस्या होती है। यह परत मोटी हो जाती है और इस पर काले बाल जैसी ग्रोथ हो जाती है। कई बार फंगल इंफेक्शन की वजह से मुंह में सफेद रंग की परत भी जमा हो जाती है। कमजोर इम्यूनिटी और एंटीबॉयोटिक्स के इस्तेमाल से ऐसी समस्या होती है। क्या करें : हेयरी टंग की समस्या से बचने के लिए ओरल हाईजीन का ध्यान रखें। टंग क्लीनर या टूथ ब्रश से जीभ को अच्छी तरह साफ करें। स्मोकिंग और तम्बाकू से दूर रहें। भारत में कोरोना के कुछ मरीजों में हेयरी टंग या कटीली जीभ का लक्षण देखा गया है।



नसों में झनझनाहट : कोविड के मरीजों को कई बार ऐसा लगता है कि उन्हें ढेरों सुईयां चुभोई जा रही हैं। वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च में सामने आया कि ये प्रॉब्लम उन लोगों में ज्यादा देखी गई, जिन्हें कोविड है या पहले कोविड हो चुका है। इसमें हाथों-पैरों की नसों में झनझनाहट, दर्द और हाथ-पैर सुन्न हो जाता है। डॉक्टर्स कहते हैं कि कोविड से लड़ने वाली इम्यून सेल्स नसों को प्रभावित करती हैं। ऐसा भी हो सकता है कि कोरोना वायरस हाथ-पैर में जाने वाली नसों को नुकसान पहुंचा रहा हो।

नसों में सिर्फ झनझनाहट हो रही है तो घबराने की जरूरत नहीं है। अगर नसों में दर्द है तो डॉक्टर को दिखाएं। ऐसे में अक्सर डॉक्टर टायलिनोल और मोट्रिन नाम की दवाएं देते हैं। अगर कोविड की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद भी नसों में दर्द बहुत ज्यादा है तो डॉक्टर से सलाह लें। भारतीय पेशेंट को भी नसों में झनझनाहट महसूस हुई।

कोविड के मरीजों की स्किन पर रैशेज या लाल चकत्ते भी हो सकते हैं। इसके अलावा कई तरह की दूसरी स्किन संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। चेहरे पर खुजली वाले दाने, चिकनपॉक्स जैसे दाने, एक पैटर्न में रैशेज, सूजन, रैशज का हार्ड हो जाना शामिल हैं। फिलहाल कोविड ही इसका कारण बताया जा रहा है। नार्थवेस्टर्न मेडिसिन कोम्प्रीहेंसिव कोविड-19 सेंटर के को-डायरेक्टर डॉ मार्क साला सलाह देते हैं कि अगर स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स कोविड ठीक होने के बाद भी बनी हुई हैं तो एक अच्छे डर्मेटोलॉजिस्ट यानी स्किन रोग विशेषज्ञ को दिखाएं। भारत में कुछ कोरोना पेशेंट्स को रैशेज हुए।

कोविड का एक लक्षण बाल झड़ना भी है। कोविड पॉजिटिव और कोविड से रिकवर हो चुके लोगों में बाल झड़ने की समस्या देखी गई है। रोजाना 50 से 100 बाल झड़ना नॉर्मल है। इससे ज्यादा झड़े तो डॉक्टर को दिखाएं। क्लीवलैंड क्लीनिक की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. शिल्पी खेतरपाल ने बताया कि बाल झड़ने की मुख्य वजह शारीरिक और मानसिक तनाव है। यह अभी साफ नहीं है कि कोरोना वायरस से या उससे जुड़े स्ट्रेस की वजह से बाल झड़ रहे हैं। डॉ. शिल्पी खेतरपाल ने कहा कि बाल झड़ रहे हैं और बहुत ज्यादा झड़ चुके हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है। जो बाल झड़े हैं वो कुछ समय में वापस भी आ जाएंगे।

भारत में कोरोना के लक्षण में हेयर लॉस भी कुछ लोगों ने महसूस किया। कोविड से संक्रमित होने के बाद कई लोगों के पैरों में यह समस्या हो सकती है। इंफेक्शन के ठीक होने पर कोविड टो की कंडीशन में आराम हो जाता है। पैरों की अंगुलियों में रैशेज और छाले निकल आते हैं। इसमें पैरों की अंगुलियां सूज जाती हैं और नीली पड़ जाती हैं। जिन लोगों में ये लक्षण देखें गए हैं वो गंभीर संक्रमण से गुजर रहे थे। कुछ डॉक्टरों की थ्योरी है कि कोविड की वजह से हमारे शरीर की छोटी ब्लड वैसल्स में खून के थक्के जम जाते हैं। इस वजह से ब्लड सप्लाई रुक जाती है और पैरों का रंग नीला पड़ जाता है। सूजन खुद ही ठीक हो जाएगी, इसलिए उसे लेकर परेशान न हों। इसके लिए हाईड्रोकोर्टीसोन क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। भारत के कुछ कोरोना पेशेंट ने इंफेक्शन के दौरान अपने पैरों के रंग को बदलते हुए देखा।

उल्लेखनीय है कि देश में एक बार फिर से कोरोना का खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं। मसलन जो लोग वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं, वे कितना सुरक्षित हैं? क्या उन्हें बूस्टर डोज की जरूरत होगी? जिन्हें पहले कोरोना हो चुका है, उन्हें कितना खतरा है? बता दें कि कोरोना की वजह से चीन की स्थिति डरावनी है।

चीन में अगले कुछ महीनों में 80 करोड़ लोग कोरोना संक्रमित हो सकते हैं। लंदन की ग्लोबल हेल्थ इंटेलिजेंस कंपनी एयरफिनिटी ने इसकी वजह चीन में कम वैक्सीनेशन और एंटीबॉडीज में कमी बताया। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा रोकने की अपील की है। इसके लिए कोरोना महामारी बढ़ने का हवाला दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राहुल को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि देश में एक बार फिर से कोरोना का खतरा बढ़ता जा रहा है, हेल्थ इमरजेंसी के हालात हैं। देश को बचाने के लिए यात्रा रोक दें।

# क्या 'ईश्वर' की धारणा 'भगवान' से अलग है?




वेदों में 'भगवान' शब्द का कोई उल्लेख नहीं है। हालांकि वेदों में परमात्मा की धारणा की विविध प्रकार से जांच की गई है, लेकिन उनमें भगवान की कोई निश्चित धारणा नहीं है। यह धारणा हम केवल पुराणों में पाते हैं। वेद 4000 वर्ष पहले और पुराण 2000 वर्ष पहले रचे गए। वेद अनुष्ठानों से अधिक आसक्त थे। लेकिन पौराणिक काल तक सर्वशक्तिमान के प्रति समर्पण के विचार को बहुत महत्व दिया जाने लगा, जिन्हें अक्सर 'भगवान' के रूप में पहचाना गया। बौद्ध और जैन धर्मों में 'भगवान' शब्द का उपाधि के रूप में उपयोग होता है। दोनों मठवासी धर्मों में परमात्मा की धारणा को कोई महत्व नहीं दिया जाता। इसके बदले में वे सांसारिक जीवन के बंधनों से मुक्त होने में अधिक रुचि रखते हैं। जो लोग यह कर पाते हैं, उन्हें भगवान कहा जाता है। इसलिए जैन धर्म में भगवान महावीर और बौद्ध धर्म में भगवान बुद्ध का उल्लेख है। इन मठवासी संप्रदायों में भगवान सार्वभौमिक ज्ञान अर्थात कैवल्य प्राप्त करते हैं। इसलिए वे उन भय और इच्छाओं में नहीं फंसते जो साधारण लोगों को पीड़ित करते हैं। बुद्धिमानों में सबसे बुद्धिमान व्यक्ति को भगवान कहा जाता है।

हिंदू धर्म में भगवान शब्द बहुधा विष्णु को संदर्भित करता है। वे परमात्मा हैं, जो राम और कृष्ण के रूप में विश्व से कुछ मांगे बिना उसके साथ जुड़ते हैं। हम यज्ञ नामक वैदिक अनुष्ठान के माध्यम से हिंदू धर्म में भगवान का अर्थ समझ सकते हैं। यज्ञ इस समझ पर आधारित है कि सभी जीवों को भूख लगती है। यज्ञ के माध्यम से इन भूखे जीवों में आदान-प्रदान होता है। यज्ञ शुरू करने वाले यजमान देवों का आवाहन कर उन्हें खिलाते हैं। इस प्रकार, देव यजमान को खिलाने के लिए बाध्य हो जाते हैं। लगभग 2500 वर्ष पहले जब मठवासी संप्रदायों का उद्गम हुआ, तब लोग इस बात पर विचार करने लगे कि क्या भूख को वश में करना संभव था। बुद्ध ने माना कि भूख इच्छा है। जैन धर्म के जिनों ने माना कि भूख वह बंधन थी जो जीवों को उच्च लोक प्राप्त करने से रोकती थी। हिंदुओं ने एक ऐसे व्यक्ति की कल्पना की जो भूख से परे जा चुके हैं और इसलिए जो देवों से श्रेष्ठ हैं। ये महा-देव अर्थात ईश्वर अर्थात शिव हैं। क्योंकि शिव को कभी भूख नहीं लगती थी और इसलिए उनके लिए यज्ञ में भाग लेने का कोई कारण नहीं था। यज्ञ में भाग लेने वाले परमात्मा को भूखों के लिए सहानुभूतिशील होना आवश्यक था। ये परमात्मा विष्णु हैं। इस प्रकार, ईश्वर (शिव) और भगवान (विष्णु) देवत्व के दो पहलुओं के मूर्त रूप हैं।

भगवान शब्द का स्रोत 'भाग' शब्द में है। हर मनुष्य इस जीवन की प्रसन्नता का एक भाग अपने लिए चाहता है। हमें अक्सर लगता है कि हमें जो भाग मिला है, वह दूसरों को मिले भाग से कम है। जब अपनी संपत्ति बांटने का समय आता है, तब हम नहीं जानते कि किसे कितना भाग मिलना चाहिए। केवल परमात्मा जानते हैं कि कर्म के आधार पर किसे कितनी संपत्ति मिलनी चाहिए। केवल वे उचित 'भाग' तय कर सकते हैं और इसलिए उन्हें भगवान कहते हैं। भाग का अर्थ गर्भ या सांसारिक आनंद या भाग्य भी है। दूसरे शब्दों में कहना हो तो भाग शब्द सांसारिक विश्व को संदर्भित करता है। संपूर्ण सांसारिक आनंद, संपत्ति और भाग्य इस गर्भ रूपी विश्व में स्थित है। भगवान वे परमात्मा हैं, जो इस सांसारिक विश्व, उसमें स्थित इंद्रिय आनंदों और भाग्य के साथ जुड़ते हैं। भगवान विश्व से पीछे नहीं हटते हैं।

वे शिव, बुद्ध और महावीर के विपरीत वैसे संन्यासी नहीं हैं। भगवान को पूजने वालों को भगवत कहा जाने लगा। उनका शिलालेखों में सबसे पहला उल्लेख मध्य प्रदेश के विदिशा में पाए जाने वाले एक शिलालेख में मिलता है। गरुड़ स्तंभ पर ब्राह्मी लिपि में वासुदेव (विष्णु-कृष्ण) को समर्पित इस शिलालेख को 100 ईसा पूर्व तक कालांकित किया गया है।

# बढ़ती महंगाई, मंदी और मेहनताना




उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में जहां लगभग चार हजार डालर प्रतिमाह प्राप्त होता है, वहीं उभरती अर्थव्यवस्थाओं- जिसमें भारत भी शामिल है- में लगभग अठारह सौ डालर प्रतिमाह मिलता है। इस अध्ययन में यह भी पता चला है कि कोविड-19 के दौरान साढ़े सात से साढ़े नौ करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में चले गए हैं।

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने दो रिपोर्टें जारी की हैं, जिनमें महामारी के बाद वैश्विक रोजगार की स्थितियों के बारे में चर्चा की गई है। दरअसल, कोविड-19 के चलते बहुत सारे लोगों का रोजगार छिन गया और परिस्थितियां काफी खराब होती चली गइं। महामारी का प्रभाव कम होने के बाद कुछ लोग तो वापस रोजगार से जुड़ गए, मगर अब भी बहुत सारे लोगों को उनका खोया रोजगार नहीं मिल पाया है।

आइएलओ की रिपोर्ट, 'ग्लोबल वेज रिपोर्ट 2022-23 : वेतन और क्रयशक्ति पर मुद्रास्फीति और कोविड-19 का प्रभाव' के अनुसार, 2022 की पहली छमाही में वास्तविक रूप से मासिक वेतन में 0.9 फीसद की गिरावट आई है। यह इस बात का संकेत है कि इक्कीसवीं सदी में पहली बार वास्तविक मजदूरी वृद्धि नकारात्मक स्तर तक गिर गई है, क्योंकि वास्तविक उत्पादकता वृद्धि और वास्तविक वेतन वृद्धि के बीच असमानता बढ़ रही है।

इस रिपोर्ट में जुड़वां संकट की बात की गई है, जिसमें मुद्रास्फीति और आर्थिक मंदी की स्थितियां शामिल हैं। दरअसल, महामारी के कारण वैश्विक स्तर पर चल रही आर्थिक गतिविधियां धीमी होती चली गइं। दूसरी तरफ महंगाई बढ़ती रही, क्योंकि मांग और आपूर्ति का नियम टूटते ही महंगाई बढ़ जाती है। परिणाम स्वरूप दुनिया भर में वास्तविक मासिक वेतन में आश्चर्यजनक रूप से गिरावट देखने को मिली। इस स्थिति के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध और वैश्विक ऊर्जा संकट को भी जिम्मेदार माना जा रहा है। कोविड महामारी की वजह से स्थितियां पहले ही ज्यादा खराब हो रही थीं, उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हो गया, जिससे वैश्विक हालात और बिगड़ गए। निम्न आय वाले देश विशेष रूप से इससे प्रभावित हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की दूसरी रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया महाद्वीप क्षेत्र में 2022 में लगभग 2.2 करोड़ नौकरियों का नुकसान हुआ है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सबसे कम वेतन पाने वालों की क्रय शक्ति को बनाए नहीं रखा जाता है, तो आय, असमानता और गरीबी में और बढ़ोतरी होगी। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन सामाजिक न्याय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एक महत्त्वपूर्ण संगठन है, जो लोगों के श्रम और रोजगार से संबंधित आंकड़े एकत्रित करता और उनसे जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उपाय सुझाता है, जिनके अनुरूप देशों की सरकारें और नीति निर्माता अपनी नीतियों को सुधार कर लोगों को रोजगार और श्रम से जोड़ सकते हैं। आइएलओ की स्थापना 1919 में वार्सा संधि के तहत की गई थी और आगे चल कर 1946 में इसको संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी के रूप में स्थापित किया गया। वर्तमान में इसके 187 सदस्य देश हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। लोगों के वेतन पर आइएलओ की ये रिपोर्ट बताती हैं कि कर्मचारियों के वास्तविक और न्यूनतम वेतन में काफी अंतर बना हुआ है। दरअसल, न्यूनतम वेतन वह सामान्य वेतन होता है, जो किसी कर्मचारी को उसके नियोक्ता द्वारा मासिक या वार्षिक स्तर पर गणना करके प्रदान किया जाता है। न्यूनतम वेतन में अगर किसी भी स्तर पर वृद्धि होती है तो उसमें महंगाई को समायोजित नहीं किया जाता। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई में होने वाली वृद्धि के हिसाब से ही वेतन में वृद्धि की जानी चाहिए, क्योंकि अगर महंगाई के हिसाब से व्यक्ति के वेतन में बढ़ोतरी नहीं होगी, तो वास्तव में उसके वेतन में गिरावट ही आएगी। मसलन, अगर वेतन में वृद्धि केवल एक फीसद हुई हो और महंगाई दस फीसद बढ़ गई हो, तो हम देखते हैं कि उसकी वेतन वृद्धि नकारात्मक ही रहती है। इसलिए जरूरी है कि महंगाई में जितने फीसद की बढ़ोतरी हुई हो, उसकी गणना करके उसके हिसाब से वेतन में वृद्धि की जानी चाहिए।

भारत में न्यूनतम वेतन 2006 के 4,398 रुपए से बढ़ कर 2021 में 17,017 रुपए प्रतिमाह हो गया। यह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय का डेटा है। जब इसमें मुद्रास्फीति आंकी गई तो वास्तविक वेतन वृद्धि 2006 के 9.3 फीसद से गिरकर 2021 में –0.2 फीसद पर आ गई। इस तरह वेतन और महंगाई में बढ़ोतरी का औसत निकाला गया तो पता चला कि वास्तव में उसकी आय कम हो गई है। चीन में 2019 में विकास दर 5.6 फीसद से घटकर 2022 में 2 फीसद रह गई है। भारत में भी महामारी के बाद नकारात्मक वृद्धि देखी गई, यानी भारत की जो अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही थी, वह घटने लगी है। रिपोर्ट के अनुसार, कम आय वाले लोगों और परिवारों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है, क्योंकि अधिकांश आय जीवन की आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च हो जाती है।

# शीर्ष नक्षत्रों का टकराव टालने में ही देशहित



पिछले कुछ दिनों से केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के जजों के बीच अपनी-अपनी ताकत को लेकर घमासान मचा हुआ है। उसी घमासान के बीच सुप्रीम कोर्ट के वकील और सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने आग में घी डालते हुए उसकी तपिश को और बढ़ा दिया है। प्रशांत भूषण ने बिना लाग-लपेट के केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह जजों को ब्लैकमेल ने के ए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। प्रशांत भूषण ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद में बापू साहेब कलदाते की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि जब सरकार को लगता है कि कोई न्यायाधीश उनके हिसाब से काम नहीं करेगा, तो वह ऐसे न्यायाधीशों को शीर्ष स्थान पर नियुक्त करने की अनुमति नहीं देती है। वकील और सामाजिक कार्यकर्ता ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि आयोग से अथवा अन्य निकायों से सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों को नियुक्ति का लालच देकर उनके निर्णय को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है, लेकिन वर्तमान सरकार ने नया तरीका अपनाया है। अब सभी न्यायाधीशों की फाइल तैयार की जाती है और आईबी आयकर विभाग सीबीआई प्रवर्तन निदेशालय जैसी जांच एजेंसियों से न्यायाधीशों या उनके रिश्तेदारों की कमजोरियों का पता लगाने के लिए कहा जाता है। उन्होंने दावा किया कि यदि ऐसी कोई कमजोरी सामने आती है तो उसका इस्तेमाल उस जज को ब्लैकमेल करने के लिए किया जाता है।

वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह सोशल मीडिया के प्लेटफार्म से कहते हैं कि सरकार साम-दाम-दण्ड-भेद और बदनामी करके चाहती है कि किसी तरह सुप्रीम कोर्ट उनके अधीन हो। उनका कहना है कि एक निष्पक्ष बची हुई संस्था सुप्रीम कोर्ट ही थी, जहां रात-रात भर फाइलों को पढ़कर अथक परिश्रम करके न्यायाधीश निष्पक्ष निर्णय देते हैं। यह बात केंद्र सरकार को गवारा नहीं है, और इससे उसको डर पैदा हो गया है। श्री सिंह का कहना है कि सारी समस्या की जड़ में एक व्यक्ति विशेष की चरण वंदना है। सरकार से जुड़े सभी चाहते हैं कि इस व्यक्ति विशेष की जो जितनी चरण वंदना करेगा, वह उतना प्रभावशाली आज के समय में माना जाएगा। साथ ही यह भी कहा जाता है कि समस्याओं में एक सर्वाधिक विशेष समस्या आज कोलेजियम सिस्टम की है। तो आइए अब समझने का प्रयास करते हैं कि कोलेजियम सिस्टम है क्या ? कोलेजियम भारत के चीफ़ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम जजों का एक समूह है। ये पांच लोग मिलकर तय करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में कौन जज होगा। ये नियुक्तियाँ हाईकोर्ट से की जाती हैं और सीधे तौर पर भी किसी अनुभवी वकील को भी हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया जा सकता है। कॉलेजियम सिस्टम 1993 में अपनाया गया था। भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपनाई गई न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम प्रणाली 1993 में न्यायिक प्रणाली में लोकतंत्र सुनिश्चित करने के लिए स्थापित की गई थी। भारत में कॉलेजियम प्रणाली को "न्यायाधीश-चयन-न्यायाधीश भी कहा जाता है, यह वह प्रणाली है जिसके द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण केवल न्यायाधीशों द्वारा किया जाता है। कॉलेजियम प्रणाली न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है जो सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के माध्यम से विकसित हुई है, न कि संसद के अधिनियम या संविधान के प्रावधान द्वारा। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्व देश के प्रधान न्यायाधीश द्वारा किया जाता है और इसमें न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोटर्स में जजों की नियुक्ति के मैकेनिज्म पर हमला करते हुए केंद्रीय कानून मंत्री किरन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा कि कॉलेजियम प्रणाली भारत के संविधान से अलग है और देश के लोगों द्वारा समर्थित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार से केवल कॉलेजियम द्वारा सुझाए गए नामों पर हस्ताक्षर/अनुमोदन की उम्मीद नहीं की जा सकती है। कानून मंत्री ने कहा "अगर आप उम्मीद करते हैं कि सरकार केवल कॉलेजियम द्वारा सिफारिश किए जाने के कारण न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने वाले नाम पर हस्ताक्षर करेगी, तो सरकार की भूमिका क्या है? हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कॉलेजियम प्रणाली का सम्मान करती है और यह तब तक ऐसा करना जारी रखेगी जब तक कि इसे एक बेहतर प्रणाली द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जाता है। कार्यपालिका और न्यायपालिका में टकराव से इंकार, कहा- सवाल राष्ट्र सेवा का है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्चता (कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच) के लिए किसी भी लड़ाई का कोई सवाल ही नहीं है, और एकमात्र सवाल राष्ट्र की सेवा का है। इसके अलावा, इस आरोप का जवाब देते हुए कि सरकार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की विभिन्न सिफारिशों पर 'बैठती' है, कानून मंत्री रिजिजू ने कहा कि यह कभी नहीं कहना चाहिए कि सरकार फाइलों पर बैठी। जजों की नियुक्ति और कोलेजियम सिस्टम को लेकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाई चंद्रचूड़ और कानून मंत्री किरन रिजिजू के बीच बयानबाजी चल रही है।

संसद में कॉलेजियम सिस्टम पर बोलते कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने जजों की नियुक्ति पर कई सवाल उठाए हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट सरकार के सवालों से बचाव कर रही है और अपने स्तर पर तर्क दे रही है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू के एक बयान पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, "सुप्रीम कोर्ट के लिए कोई मामला छोटा नहीं है। अगर हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में कार्रवाई नहीं करते हैं और राहत देते हैं, तो हम यहां क्या कर रहे हैं? न्यायिक नियुक्तियों के विषय पर कार्यपालिका के साथ न्यायपालिका के बढ़ते टकराव के बीच सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन लोकूर कहते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता के उल्लंघन के प्रयास काम नहीं करेंगे। न्यायपालिका की आलोचना करने वाले कानून मंत्री किरेन रिजेजू के हाल के बयानों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि ये पूरी तरह से अकारण है, इसलिए यह बयान चौकाने वाला है।

पूर्व न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता संविधान की मूल संरचना का हिस्सा है। इसलिए यदि किसी कारणवश न्यायपालिका की स्वतंत्रता छीनने का कोई प्रयास किया जाता है तो यह लोकतंत्र पर हमला है। वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने भी यह साफ कर दिया है कि वर्तमान कोलेजियम में बेशक कमियां है, लेकिन सरकार का इसे पूर्ण स्वतंत्रता देना उपयुक्त तरीका नहीं है।

वैज्ञानिक इस साक्ष्य को स्वीकार करते हैं कि जब आसमान में दो नक्षत्र टकराते हैं तो उसका असर पृथ्वी पर रहने वाले मानव सहित छोटे-छोटे जीव-जंतुओं पर निश्चित रूप से पड़ता है। जो स्थिति फिलहाल विधायिका और न्यायपालिका के बीच बनती जा रही है उसका प्रभाव तो सामान्य जनता पर पड़ना स्वाभाविक ही है । वैसे न्यायपालिका और सरकार के मध्य टकराव से आम जनता अनजान है, लेकिन क्या ऐसा लंबे समय तक रह सकेगा ? बात तो कुछ समय बाद सार्वजनिक होगी ही। फिर विधायिका के साथ-साथ न्यायपालिका की प्रतिष्ठा पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? एक सामान्य राय पता करने पर जो जानकारी मिली वह मंथन करने योग्य है-कुछ लोगों का कहना है कि यदि न्यायपालिका अपने जजों की नियुक्ति स्वयं करती है तो उससे सरकार को क्या फर्क पड़ता है? क्योंकि विश्व के प्रायः सभी देशों में न्यायपालिका को स्वतंत्र माना जाता है। भारत में भी यही माना जाता है।


वहीं कुछ राजनीतिज्ञ सोच वालों का कहना है कि यदि सरकार न्यायाधीशों की नियुक्ति में हस्तक्षेप करती ही है तो उससे न्यायिक प्रक्रिया पर क्या फर्क पड़ेगा ? न्यायमूर्ति को ईश्वर का प्रतिरूप भारत में माना गया है, इसलिए वे उस रूप में अपने धर्म का निर्वाह करें। जो भी हो इस पर शीघ्र से शीघ्र दोनों पक्षों को बैठकर जनहित में निर्णय लेना होगा। क्योंकि;जितनी देरी होगी दोनों पक्षों में कटाक्ष उतना ही बढ़ेगा और समाज का उतना ही अहित होगा। चूंकि दोनों पक्षों में श्रेष्ठ बुद्धिजीवी वर्ग के व्यक्ति ही शामिल हैं, अतः भारतीय जन-मानस की रक्षा करना उनका ही दायित्व है,और इस बात को किसी भी कीमत पर प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं बनाया जाना चाहिए। इसलिए मामले का हल ढूढ़ने का कार्य शीघ्र से शीघ्र किया जाना चाहिए- आज देश हित में यही सर्वश्रेष्ठ होगा।

# भगवान शिव ने क्यों काटा अपने ही ससुर दक्ष प्रजापति का सिर

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भगवान शिव के अनेक नाम हैं जैसे शंकर, महादेव, महेश, उमापति आदि। और उन्हीं नामों में से एक नाम है भोलेनाथ, भोले इसलिए क्योंकि बाबा बहुत सरल हैं और सुलभता से ही अपने भक्तों से प्रसन्न हो, उन्हें मन चाहे वर की प्राप्ति करा देते हैं। परंतु भोले बाबा जितने सरल हैं, उनका क्रोध भी उतना ही तीव्र है। यही कारण है कि भगवान शिव को प्रलयन्कर भी कहा जाता है और उनका काम भी सृष्टि का संहार करना है। भगवान शिव के क्रोध के शिकार दैत्य तो क्या देवता भी अनेकों बार हुए हैं परंतु क्या आप जानते हैं कि एक बार भगवान शिव ने अपने ही ससुर दक्ष प्रजापति का सिर क्रोधवश काट दिया था? अगर नहीं तो आइये बताते हैं आपको इस प्रसंग के बारे में।

### कौन थे दक्ष प्रजापति?

दक्ष प्रजापति, ब्रह्मा जी के पुत्र थे एवं माता सती के पिता थे और सती के पिता होने के नाते भगवान शिव के ससुर भी हुए। दक्ष को माता सती का भगवान शिव से विवाह करना नहीं भाया, जिसके कारण उन्होंने विवाह के पश्चात उनसे अपने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।




### जब सती बिना निमंत्रण पहुंची दक्ष के घर,

एक बार की बात है, माता सती और भोलेनाथ कैलाश पर विराजमान थे, तभी कहीं से उन्हें यह सूचना मिली कि राजा दक्ष ने अपने महल में एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया है, जिसमें सभी देव, देवता, यक्ष, गन्धर्व आदि को निमंत्रित किया गया है। खुदको निमंत्रण ना मिलने के कारण माता सती थोड़ी सकुचाईं और बात को संभालने के लिए शिव से बोली, "पिता के घर जाने के लिए पुत्री को कब से निमंत्रण की आवश्यकता पड़नेने लगी? पिताजी ने अनुष्ठान रखा है और मायके गए हुए काफी समय भी हो गया। अतः मैं तो मायके जाऊंगी।" भोलेनाथ के समझाने पर भी सती नहीं मानीं और राजा दक्ष के घर पहुंच गईं।

### भगवान शिव को आया क्रोध

भगवान शिव यज्ञस्थली में उपस्थित हो गये, माता सती का जला हुआ पार्थिव देख भगवान शिव के गुस्से का ज्वालामुखी राजा दक्ष पर फूट गया, जिसके कारण भगवान शिव ने उसका सर काट दिया। उसके बाद भी भगवान शिव की क्रोधाग्नि शांत नहीं हुई और वो माता सती का जला हुआ पार्थिव लेकर सम्पूर्ण पृथ्वी पर भ्रमण करने लगे, जिससे उनका क्रोध बढ़ता ही जा रहा था।

### श्रीहरि ने भेजा सुदर्शन चक्र

यह देख भगवान श्रीहरि ने अपने सुदर्शन चक्र को उनके पिछे छोड़ा और सुदर्शन ने एक-एक कर सती के श्रीअंग काटना शुरू कर दिए, पृथ्वी पर जिन 52 जगह माता सती के श्रीअंग गिरे, वहां 52 शक्तिपीठों की स्थापना हुई, जोकि आज भी आस्था का मुख्य केंद्र हैं।

### माता सती ने तजे प्राण

वहां जाकर मां ने देखा की विष्णु, ब्रह्मा समेत सभी देवताओं का आसन लगा है परंतु भगवान शिव का कहीं नाम भी नहीं। तभी राजा दक्ष ने भी सती से दुर्व्यवहार किया। जिससे रुष्ट होकर माता सती ने हवन कुंड में कूद कर अपने प्राणों की आहुति दे दी। यह बात जब भगवान शिव को पता लगी तो उनके क्रोध का ठिकाना नहीं रहा।

### दिया दक्ष को जीवन दान



काफी समय बाद देवों की स्तुति के कारण बाबा भोलेनाथ का क्रोध शांत हुआ, तब उनके पास ब्रह्मा जी पधारे। ब्रह्मा जी ने भगवान शिव को सती के पुनर्जन्म के बारे में बताकर पहले तो प्रसन्न किया और फिर अपने पुत्र दक्ष के प्राणों की भीख मांगी, तब भोलेनाथ ने दक्ष के सर की जगह एक बकरे का सर लगा दिया और प्रजापति दक्ष को जीवन दान दिया।

# महात्मा बुद्ध ने खोजी थी विपश्यना साधना की विधि



भारतीय ऋषि- मुनियों व संत-महात्माओं ने साधना की कई पद्धतियां विकसित की हैं। जो मोक्ष व ज्ञान प्राप्ति में सहायक मानी गई हैं। ऐसी ही एक पद्धति विपश्यना साधना है, जो आत्म निरीक्षण व आत्म शुद्धि के जरिये मोक्ष या निर्वाण प्राप्ति का मार्ग मानी जाती है। ये साधना यूं तो बेहद प्राचीन मानी जाती है, पर इसकी फिर से खोज करने का श्रेय महात्मा गौतम बुद्ध को दिया जाता है। आज हम आपको उसी साधना के बारे में बताने जा रहे हैं।

### क्या है विपश्यना साधना

विपश्यना का अर्थ है- जो जैसा है उसे उसी रूप में जान लेना। यह अंतर्मन की गहराइयों में जाकर आत्म-निरीक्षण करते हुए आत्म शुद्धि की साधना है। जो साधक को मुक्ति की ओर ले जाती है। इसमें अपनी सांसों का निरीक्षण करता हुआ साधक अंर्तमन में तटस्थ भाव से दृष्टा की तरह हर पल की घटनाओं का निरीक्षण करता है। इससे धीरे-धीरे चित्त की शुद्धि के साथ सद्गुणों की वृद्धि होती है, जिससे इंसान मुक्ति की तरफ बढ़ता है।

### कर्मकांड व सांप्रदायिकता से दूर

विपश्यना साधना किसी धर्म व संप्रदाय से नहीं बंधकर सभी के ग्रहण करने योग्य कही गई है। इसे सभी के लिए समान रूप से कल्याणकारी कहा गया है। ये कर्मकांड से भी बिल्कुल अलग है, जो केवल आत्मज्ञान पर बल देती है।

### दुख मुक्ति का उपाय

बौद्ध धर्म दुखों के कारण व उन्हें दूर करने के उपायों पर आधारित है। इसके लिए विपश्यना विधि सबसे उपयुक्त मानी गई है, जिसमें साधक हर घटना व परिस्थिति को एक दृष्टा के रूप में देखता है। यह मन को निर्मल तथा सुख- दुख से उपरति यानी अलग कर देता है। जिससे साधक जीवन के हर उतार- चढ़ाव का सामना शांति व संतुलन से कर सकता है। विपश्यना को दुख के तीन मूल कारणों राग, द्वेष व अविद्या से दूर करने का उपाय माना गया है।

## सपने में मकान दिखाई देने का क्या है संकेत? क्या कहता है स्वप्न शास्त्र

हर व्यक्ति सपना देखता है। सपने व्यक्ति के जीवन का हिस्सा होते हैं। हर आने वाले सपने का कोई न कोई मतलब जरूर निकलता है। कुछ सपने ऐसे होते हैं, जो हमको हमारे भविष्य के बारे में संकेत देते हैं। कुछ सपने हमें हमारे वर्तमान और बीते हुए समय के बारे में भी बताते हैं। कुछ सपने हमारे आने वाले अच्छे बदलावों के बारे में हमें संकेत करते हैं। विज्ञान के मुताबिक रात में व्यक्ति अक्सर वही सपने देखा करता है, जिसके बारे में वह दिनभर सोचता है। इन्हीं सपनों और इच्छाओं में से एक है अपना खुद का घर होना। हर व्यक्ति चाहता है कि उसका सपनों का एक घर हो और इसके लिए अथक मेहनत भी करता है। यदि आपको भी सपने में घर दिखाई देता है तो इसके क्या मायने निकलते हैं? स्वप्न शास्त्र के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अपने सपने में मकान बनते हुए देखता है तो यह सपना उसके लिए शुभ माना जाता है। सपने में मकान देखना अच्छा होता है। इसका मतलब है कि आने वाले वक्त में आपको अच्छी खुशखबरी मिलने वाली है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

# आपको भी सपने में दिखाई देता है पीपल का पेड़ ?क्या है इसका अर्थ



सपनों को लेकर अक्सर आपने यह सुना होगा कि यदि हम सपने में कोई चीज देखते हैं तो वह आने वाले भविष्य को लेकर कोई ना कोई संकेत जरूर देती है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार व्यक्ति को कई तरह के सपने आते हैं उन सभी सपनों का कोई ना कोई अर्थ जरूर होता है। सपने में दिखाई देने वाली वस्तु किस तरफ इशारा करती है यह उस वस्तु पर निर्भर करता है।

### सपने में पीपल का पेड़ दिखना

यदि आपको सपने में पीपल का पेड़ दिखाई देता है तो यह एक शुभ संकेत है। आने वाले दिनों में आपकी सारी समस्याएं दूर होने वाली है और आपको सुख शांति प्राप्त होने वाली है।

### सपने में पीपल के पत्ते दिखाई देना

यदि आपको सपने में पीपल के पत्ते दिखाई दे रहे हैं तो खुश हो जाइए। इस सपने का अर्थ है कि आपको कहीं से पैसा मिलने वाला है। आपकी सोई हुई किस्मत जागने वाली है।

### एक साथ कई पीपल के पेड़ देखना

यदि आपको सपने में एक साथ कई पीपल के पेड़ दिखाई दे रहे हैं तो इसका मतलब है कि नौकरी में आपकी तरक्की होने वाली है। आपको व्यापार में बहुत फायदा होने वाला है।

पीपल के पेड़ को पानी देते हुए देखना

यदि आप सपने में खुद को पीपल के पेड़ को पानी में देते हुए देखते हैं तो इसका मतलब है कि आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होने वाली है।

### पीपल के पेड़ को काटना

यदि सपने में आप खुद को पीपल का पेड़ काटते हुए देखते हैं तो यह सपना अशुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार सपने में पीपल का पेड़ काटते हुए देखने से व्यापार में नुकसान और आर्थिक तंगी शुरू हो जाती है।

### पीपल के पेड़ पर चढ़ता हुआ देखना

यदि आप सपने में खुद को पीपल के पेड़ पर चढ़ता हुआ देखते हैं तो इसका मतलब है कि आपको सफलता की प्राप्ति होने वाली है।

### पीपल के पेड़ से नीचे उतरना

यदि आप अपने आप को पीपल के पेड़ से नीचे उतरता हुआ देखते हैं तो इसका मतलब है कि आप असफल होने वाले हैं।

### पीपल के पेड़ की परिक्रमा करना

यदि आप अपने आप को पीपल के पेड़ की परिक्रमा करते हुए देखते हैं तो उसका मतलब है कि आपके जीवन में सारी समस्याएं खत्म होने वाली है और आप चिंता मुक्त होने वाले हैं।

## गंगा के स्पर्श मात्र से धुल जाते हैं मनुष्यों के पाप, भगवान श्रीकृष्ण ने दिया था यह वरदान

हिंदू धर्म में गंगा नदी को देवी मां के रूप में पूजा जाता है। पुराणों व श्रुतियों में इसे सबसे पवित्र नदी कहा गया है, जिसमें नहाने से मनुष्य के सारे पाप धुलने की मान्यता है। गंगा में नहाने ही नहीं, उसकी वायु के स्पर्श और नाम लेने से भी व्यक्ति हर पाप से मुक्त हो जाता है, जिसका वरदान खुद भगवान श्रीकृष्ण ने गंगा नदी को दिया था। इसी से संबंधित कथा आज हम आपको बताने जा रहे हैं।देवी भागवत पुराण में गंगा नदी के पृथ्वी पर आगमन की कथा का वर्णन है, जिसके अनुसार भगवान राम के पूर्वज सगर के रानी वैदर्भी से उत्पन्न 60 हजार पुत्र कपिल मुनि के श्राप से मृत्यु को प्राप्त हो गए थे। इससे सगर काफी दुखी हुए, जिन्हें देख उनकी दूसरी रानी शैव्या के पुत्र असमंजस ने अपने भाइयों के उद्धार के लिए गंगा नदी को पृथ्वी पर लाने का तप किया पर बीच में ही उन्होंने देह त्याग दी। इसके बाद उनके पुत्र अंशुमान और फिर भागीरथ ने घोर तप किया। अंत में भगवान श्रीकृष्ण प्रकट हुए और उन्होंने भागीरथ की प्रार्थना पर गंगा को पृथ्वी पर रहने की आज्ञा दी। देवी भागवत पुराण के अनुसार, तभी श्रीकृष्ण ने गंगा को वरदान दिये थे। देवी भागवत पुराण व श्रुति के अनुसार श्रीकृष्ण कहते हैं कि भारत वर्ष में मनुष्यों द्वारा उपार्जित करोड़ों जन्मों के पाप गंगा की वायु के स्पर्श मात्र से नष्ट हो जाते हैं।

# कैसे हुआ मां दुर्गा का प्राकट्य?

## मातारानी की महिमा कथा

इस ब्रह्मांड की शक्ति देवी दुर्गा हैं, जिन्होंने समय-समय पर विभिन्न रूप धरकर प्रकृति और सृष्टि के संरक्षण का कार्यभार संभाला। जब किसी दैत्य के सामने देवताओं के युद्ध कौशल कम पड़ गए तो स्वयं मां आदिशक्ति भवानी ने अपने पुत्रों का रक्षण किया। देवी दुर्गा का रौद्र रूप अपने भक्तों का रक्षण और दुष्टों का संहार करता है, जबकि माता का वात्सल्य से परिपूर्ण रूप भक्तों को अत्यंत प्रेम भाव से संजो कर रखता है। मान्यता है, पंच देवों में से एक, देवी दुर्गा सर्वशक्तिशाली हैं, जो ना सिर्फ नारी शक्ति का स्वरूप हैं, बल्कि भक्तों की आस्था का परम पात्र भी हैं।

### क्यों हुआ देवी का प्रादुर्भाव,

एक समय पर महिषासुर नामक एक भयंकर राक्षस ने चारों ओर हाहाकार मचा दिया, वह जहां तहां मौत का नाच नचाता और उसके गण ऋषियों के यज्ञों में विघ्न उत्पन्न करते थे। महिषासुर को वरदान प्राप्त था कि कोई भी देव, पशु या नर उसका वध नहीं कर सकता था, इसलिए स्वयं त्रिदेव भी उसको मारने में असमर्थ थे। निरंकुश दैत्यराज महिषासुर ने अपने वरदान को कवच के रूप में प्रयोग करते हुए देवलोक में भी अपना आधिपत्य जमा लिया और देवों को वहां से निकाल फेंका। देवताओं के यज्ञ भाग को भी उसने अपने वश में कर लिया।

### देव गए त्रिदेवों के पास

दैत्यराज से परेशान होने के बाद सभी देवता त्रिदेवों के पास गए और उनकी स्तुति करने लगे। सभी देवताओं के मुख पर चिंता का कारण त्रिदेव पहले से जानते थे। यह सब हाल जानकर भगवान शिव मुस्कुराए और बोले "हे नारायण! अब देवी आदिशक्ति के प्रादुर्भाव का समय हो गया है। अब समय है कि हम सभी अपने तेज से इस जग की रक्षिका देवी दुर्गा का आह्वान करें।" यह सुनकर स्वयं ब्रह्मदेव और नारायण ने भी हामी भरी।

### देवी दुर्गा का प्रादुर्भाव

इसके बाद स्वयं भगवान शिव, भगवान विष्णु और ब्रह्मदेव के शरीर से तेज उत्पन्न हुआ और वो एक जगह आकर मिल गया। इसके बाद वहां जितने भी देवता उपस्थित थे, सभी के शरीर से महातेज उत्पन्न हुआ और सभी त्रिदेवों के उस परम तेज में आ मिले। उस दिव्य तेज ने एक सुंदर स्त्री का स्वरूप ले लिया। महादेव के तेज से माता का मुख, नारायण के तेज से आठों भुजाएं, ब्रह्मदेव के तेज से चरण, यमराज के तेज से मस्तक और केश, चंद्रमा के तेज से माता के स्तन, देवराज के तेज से माता की कमर, वरुण के तेज से जांघें और इसी तरह से अन्य देवताओं के तेज से माता के अन्य अंग उत्पन्न हुए।

### सभी ने मिलकर माता को श्रेष्ठ अस्त्र-वस्त्र दिए

महादेव ने अपने त्रिशूल से शूल, नारायण ने अपने चक्र से एक दिव्य चक्र, ब्रह्मदेव ने एक दिव्य कमंडल, देवराज इंद्र ने एक दिव्य और शक्तिशाली वज्र, सागर ने सुंदर रत्नों से सजे आभूषण, कभी मैले न होने वाले वस्त्र और मुकुट दिए। वरुण देव ने शंख, हिमालय ने माता को सवारी रूप में सिंह और इसी प्रकार देवशिल्पी विश्वकर्मा ने माता को दिव्य अस्त्र और शस्त्र निर्माण कर दिए। माता का यह स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और भयंकर था।

### महिषासुर का वध

देवी दुर्गा के इस विशाल और भव्य स्वरूप को देखकर



सभी देवों ने करबद्ध होकर उनकी स्तुति की तथा देवी पर पुष्पवर्षा की। माता ने प्रसन्न होकर कहा "हे देवों! कहो मेरा प्रादुर्भाव किस प्रयोजन से किया है, मैं अत्यंत प्रसन्न हूं, मुझे बताओ, मैं अभी तुम्हारी समस्या का हल किए देती हूं।" जिसके बाद देवों ने सारा हाल कह सुनाया, इसके बाद रणक्षेत्र में माता ने विकराल रूप धारण कर पहले दैत्यराज की सेना का विध्वंस किया और बाद में महिषासुर को भी मार दिया।

# ऑफिस में की ये 3 गलतियां तो छिन सकती है लीडरशिप, संभलकर रहें

अपने करियर के किसी मुकाम पर हर कोई लीडर बनना चाहता है, लेकिन ये इतना आसान नहीं है क्योंकि लीडरशिप एक जिम्मेदारी है जिसे हलके में नहीं लिया जा सकता। चाणक्य कहते हैं कि इस संसार में सारा खेल कुर्सी का है। लीडर की कुर्सी पाने के लिए व्यक्ति सालों मेहनत करता है, जतन करता है। चाणक्य कहते हैं कि एक अच्छा लीडर वो होता है जो रास्ता जानता है, खुद भी उस रास्ते पर चलता है और दूसरों को सही रास्ता दिखाता है। चाणक्य ने बताया है कि लीडरशिप की जिम्मेदारी संभालते हुए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, नहीं तो आपकी गलतियां सिर से लीडरशिप का ताज छीन लेगी।

### निर्णय लेने में असमर्थ

एक लीडर के तौर पर ये बहुत जरूरी है कि सही समय पर सही निर्णय लें, क्योंकि आपके निर्णयों पर ही टीम की परफॉर्मेंस निर्भर करती है। जो इस कार्य में असमर्थ होते हैं वे लोग लीडर बनने में असफल हो जाते हैं। चाणक्य के अनुसार परिस्थिति का अच्छी तरह से विश्लेषण कर उसके सभी आयामों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेता है उससे हो सकता है कई लोग नाखुश हों लेकिन बड़े स्तर पर आपका डिसिजन कंपनी को फायदा पहुंचाएगा। निर्णय लेने में देरी करना आपकी योग्यता पर सवाल खड़े करता है।



### गलतियों को बार-बार दोहराना


गलतियां सबसे होती है, लेकिन एक ही गलती को बार-बार करने पर माफ नहीं किया जा सकता क्योंकि वह आदत बन जाती है। ऐसे में खुद की गलतियों से सबक लेना बहुत जरूरी है। कुर्सी पाने की इस होड़ में दूसरे मौके की तलाश में बैठे रहते हैं, एक ही गलती को दोहराना दूसरों को फायदा पहुंचाने है। एक काबिल लीडर बने रहने के लिए हर काम के प्रति अपनी जवाबदेही स्वीकारना जरूरी है, इसलिए कभी भी जिम्मेदारी लेने से पीछे न हटें।

### जमाने के साथ बदलें

कहावत है जैसा देश वैसा भेस, इसे जितनी जल्दी समझ लें आपके लिए अच्छा होगा। चाणक्य कहते हैं कि वक्त के साथ अपनी कार्यशैली में भी बदलाव करते रहना चाहिए। नया नहीं सीखेंगे तो दूसरों से मुकाबला नहीं कर पाएंगे। जो नई तकनीक सीखने में कोताही बरतते हैं, खुद को अपडेट और अपग्रेड नहीं करते उनकी जल्द बहुत जल्द छिन जाती है।

# 'साउथ बनाम बॉलीवुड' नहीं चाहते केजीएफ स्टार यश


## बोले- तुलना करने से होगा नुकसान



साउथ और बॉलीवुड की फिल्मों को लेकर काफी समय से बहस चल रही है। बॉक्स ऑफिस साल की शुरुआत से ही साउथ के लिए बढ़िया साबित हुआ, तो बॉलीवुड की कई फिल्में ढेर हो गईं। इसी वजह से साउथ सिनेमा और बॉलीवुड के बीच दूरियां बढ़ती चली जा रही हैं । इस मुद्दे पर काफी समय से बहस चल रही है कि आखिर क्या वजह है कि बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले साउथ की फिल्में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। अब इस पर केजीएफ स्टार यश ने अपना पक्ष रखा है।

मीडिया से बातचीत के दौरान यश ने लोगों से अपील की कि हमको नॉर्थ और साउथ की तुलना करना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहता कर्नाटक के लोग किसी दूसरी इंडस्ट्री को नीचा दिखाएं, क्योंकि हमने भी ऐसा फेस किया है। पहले जब हमारी फिल्में नहीं चला करती थीं, हमारे साथ भी ऐसा ही बर्ताव किया जाता था। हमने यहां तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है।' अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए यश कहते हैं कि मुझे अच्छा नहीं लगता जब कोई बॉलीवुड का मजाक उड़ाना शुरू कर देता है सिर्फ यह कहते हुए कि बॉलीवुड कुछ नहीं है, यह सरासर गलत है। मैंने वहां से बहुत कुछ सीखा है। इसके आगे यश कहते हैं कि एक अच्छे देश से होने के नाते हमें बेहतरीन फिल्में और थिएटर्स बनाने चाहिए। और साथ ही हमें एक दूसरे से अपनी तुलना न करते हुए बल्कि इस चीज पर फोकस करना चाहिए कि हम कैसे एक साथ मिलकर दुनियाभर में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। यश ने युवा पीढ़ी को सलाह देते हुए कहा कि खुद से मत लड़ो, बाहर जाओ और दुनिया से लड़ो। वर्कफ्रंट की बात करें तो यश की फिल्म 'केजीएफ 1' जो साल 2018 में आई थी तो उसका सीक्वल 'केजीएफ चैप्टर 2' इसी साल रिलीज हुआ था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। रॉकी भाई बन यश दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहे थे। 'केजीएफ चैप्टर 2' यश के साथ में रवीना टंडन, श्रीनिधि शेट्टी और संजय दत्त भी नजर आए थे।

# रणवीर की मूवी में खाली कुर्सियों और तंबू का घेरा



**सर्कस मूवी रिव्यू**
**कलाकारः रणवीर सिंह , वरुण शर्मा , पाखी हेगड़े , जैकलीन फर्नांडीज , संजय मिश्रा , मुकेश तिवारी , मुरली शर्मा और और दीपिका पादुकोण आदि।**
**निर्देशक :रोहित शेट्टी**
**निर्माता :रोहित शेट्टी , भूषण कुमार और कृष्ण कुमार**

नाट्य शास्त्र के नौ रसों में हास्य रस सबसे कठिन रस माना जाता है। इसके अवयवों के आधार पर देखें तो भले इसका स्थायी भाव हास ही हो पर आलंबन, उद्दीपन, अनुभाव और संचारी भावों के अनुसार हास्य रस उत्पन्न करने के कारक भी अलग अलग होते हैं। आसान तरीके से इसे समझना चाहें तो कटाक्ष, व्यंग्य, भोंडापन और विद्रूप हास्य को कहानी का आधार बनाकर ऋषिकेश मुखर्जी से लेकर दादा कोंडके और डेविड धवन तक तमाम निर्देशकों ने सिनेमा में हास्य की अलग अलग प्रस्तुतियां की हैं। रोहित शेट्टी की नई फिल्म 'सर्कस' हर तरह के हास्य पर एक दृश्य से दूसरे दृश्य में कूदती रहती है। हास्य में घटनाओं के साथ पात्रों की आकृतियों, बातचीत और चेष्टाओं से भी हास भाव उत्पन्न होता है और रोहित शेट्टी की लेखन टीम यहां दिग्भ्रमित इसलिए हो गई है कि उन्हें रोहित शेट्टी के फिल्म 'अंगूर' का आधुनिक संस्करण बनाने की कोशिशों को लेकर स्पष्ट दिशा ही शुरू से नहीं पता है। फिल्म 'सर्कस' हिंदी और दक्षिण भारतीय सिनेमा की तमाम हास्य फिल्मों के कॉकटेल जैसी फिल्म है जिसके अवयव संतुलित मात्रा में न होने से इसका कोई स्पष्ट रंग उभरकर सामने नहीं आ पाता।

**उत्सुकता नहीं जगा पाई 'सर्कस'**

रोहित शेट्टी नामचीन निर्देशक हैं। फिल्म 'जमीन' से अपना करियर शुरू करने वाले रोहित की फिल्मों में अजय देवगन स्थायी भाव की तरह रहे। फिर रोहित के भाव बढ़े तो उन्होंने रणवीर सिंह को साथ लिया। रणवीर सिंह के साथ दिक्कत ये है कि उनके चाहने वाले उन्हें बड़ा होकर अमिताभ बच्चन बनता देखना चाहते रहे और मजा उन्हें गोविंदा बनने में ज्यादा आ रहा है। सिनेमा में काम करने वालों को लेकर दर्शकों की उत्सुकता ही फिल्मों की सफलता का पहला संकेत होती है। उधर, रणवीर सिंह जो कुछ सार्वजनिक जीवन में रोज करते रहते हैं, वही अब वह अपनी फिल्मों में कर रहे हैं तो उत्सुकता नाम की चिड़िया उनके अभिनय उपवन से फुर्र हो चुकी है। पहले '83' फिर 'जयेशभाई जोरदार' और अब 'सर्कस'। राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकर' जैसा सर्कस भी फिल्म में नहीं है। 1942 से शुरू होने वाली इस कहानी मे दिखने वाला सर्कस बहुत नकली है और ऐसा इसलिए क्योंकि इस पूरे सर्कस में जानवरों की झलक तक नहीं दिखती।

**परवरिश से संस्कार की कहानी**

कहानी 'सर्कस' की कुछ यूं है कि 1942 में एक वैज्ञानिक सरोगेसी की बात अपने समय के वैज्ञानिकों को समझा रहा है। अनाथालय में पला बढ़ा ये वैज्ञानिक फिर ये सिद्ध करना चाहता है कि संस्कार वंशानुगत नहीं बल्कि परवरिश से आते हैं। हिंदी सिनेमा में ये बात अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना की फिल्म 'परवरिश' में पहले भी समझाई जा चुकी है। 'सर्कस' में दो जोड़ी जुड़वा बच्चों की दो अलग अलग जोड़ियां बना दी जाती हैं और दोनों एक ही राज्य के दो पड़ोसी शहरों में पलने बढ़ने लगते हैं। बड़े होकर दोनों के रास्ते उस चौराहे पर आकर एक दूसरे का रास्ता काटते हैं जिसे प्रेम कहते हैं। एक पांच साल से शादीशुदा है। उसकी राइटर बीवी मां नहीं बन सकती और बच्चा गोद लेने में उसका विश्वास नहीं है। दूसरा अभी प्रेम के रास्ते में हैं और उसके मंजिल तक पहुंचने में सबसे बड़ा रोड़ा प्रेमिका का पिता है। फिर, फिल्म 'अंगूर' की ही तरह बहुत सारे पैसों के पीछे लगा 'गैंग' है। दूसरे की पत्नी के साथ रात बिताने का प्रसंग है और हीरों के हार को लेकर



होने वाला भ्रम है। इसके बाद क्या होना है, सब जानते हैं।

**रोहित शेट्टी का खराब निर्देशन**

रोहित शेट्टी के करियर की ये 15वीं फिल्म है और जिस तरह की ये फिल्म है उसे देखते हुए ये फिल्म 'जमीन' और 'बोल बच्चन' के बाद उनकी तीसरी विफल फिल्म बनती दिख रही है। रोहित का सिनेमा लार्जर से भी लार्जर दैन लाइफ फिल्मों का सिनेमा रहा है। यहां उनके साथ दिक्कत उस जमाने को फिर से रचने की रही जिसे समझने के लिए उनके पास एक मात्र साधन हिंदी सिनेमा ही रहा।

**रणवीर पर भारी पड़े संजय मिश्रा**

फिल्म रणवीर सिंह की है लेकिन काम इस फिल्म में सबसे बढ़िया संजय मिश्रा का है। मुकेश तिवारी भी प्रभावित करते हैं। सिद्धार्थ जाधव ओवर एक्टिंग का शिकार हैं। टीकू तलसानिया, बृजेंद्र काला की जोड़ी 'अंगूर' में सी एस दुबे और यूनुस परवेज जैसा असर नहीं छोड़ पाती है। बस ले देकर संजय ही हैं जिनके हाव भाव लोगों को थोड़ा बहुत हंसा पाते हैं।

# फिल्म 'मेजर' फेम एक्टर अदिवि शेष ने खोले तेलुगू इंडस्ट्री के दिलचस्प राज

## बोले- यहां आउटसाइडर्स को नहीं मिलते लीड रोल?



फिल्म 'मेजर' फेम एक्टर अदिवि शेष अपने अभिनय के साथ-साथ स्क्रिप्ट राइटिंग के लिए भी जाने जाते हैं। हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान अदिवि ने तेलुगू सिनेमा को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर कीं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी फिल्मों को खुद लिखने का फैसला क्यों लिया? अदिवि ने कहा कि तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में ऑडिशन का कोई कल्चर नहीं है, खासकर आउटसाइडर्स के लिए। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म में सारे लीड रोल पर फिल्मी परिवारों के एक्टर्स का कब्जा रहता है।

अदिवि ने हाल ही में कहा कि तेलुगू इंडस्ट्री में आउटसाइडर्स के लिए ऑडिशन देने का मौका नहीं होता। उनके लिए ऑडिशन भी सिर्फ हीरो के किसी दोस्त या इसी तरह के किरदारों तक के लिए ही सीमित होते हैं। अदिवि ने कहा कि उनके जैसा कोई हीरो एक अच्छी स्क्रिप्ट के लिए काफी बाद की पसंद बन पाता है।

अदिवि ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी फिल्मों को खुद लिखना शुरू करने की वजह बताई और कहा 'मेरी पिछली छह में से चार फिल्मों में मैंने डायरेक्टर्स के साथ मिलकर सह-लेखन किया है।' उन्होंने कहा,'जब आप बाहर से आते हैं, तो लोग आपको रोल ऑफर नहीं करते। आपके ऊपर विचार नहीं किया जाएगा। मैं इससे थक गया था। ऊपर से वहां पर (तेलुगू इंडस्ट्री) एक-एक परिवार में दस-दस हीरो होते हैं। ऐसे में किसी अच्छी स्क्रिप्ट के लिए आप बहुत बाद की पसंद बनते हैं। वहां अच्छी स्क्रिप्ट सिर्फ 20 हैं, इसलिए लिखना शुरू करना और आसान हो गया।'

अदिवि ने कहा, 'तेलुगू इंडस्ट्री में ऑडिशन का कल्चर नहीं है। कम से कम लीड रोल के लिए तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। वे पहले से बुक रहते हैं। आपको हीरो के दोस्त जैसे रोल मिलते हैं। मैं इंडस्ट्री के इस तरीके पर कुछ कंट्रोल चाहता था। इसलिए स्क्रिप्ट राइटिंग शुरू की।'

# 'झूमे जो पठान' के कोरियोग्राफर ने शाहरुख के एब्स को लेकर किया बड़ा खुलासा



'झूमे जो पठान' गाने को कोरियोग्राफ करने वाले कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस का कहना है कि सुपरस्टार शाहरुख खान इस गाने में अपने ऐब्स दिखाने में काफी संकोच कर रहे थे बॉस्को ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख के साथ एक तस्वीर साझा की इस तस्वीर में वह सुपरस्टार के बगल में खड़े दिखाई दे रहे हैं इस तस्वीर में शाहरुख अपने ऐब्स दिखा रहे हैं. इसमें कोरियोग्राफर ने लिखा है, "यह निस्संदेह मेरे इंस्टा पेज पर मौजूद सबसे अच्छी तस्वीरों में से एक है इस तस्वीर को पाने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूं, मुझे पता है कि आप इसे क्लिक करने में बहुत शमीर्ले थे और आप अपने एब्स दिखाने में भी बहुत शमीर्ले थे यह एक अनमोल पल है, मेरे लिए जीवन भर के लिए".

"इस तस्वीर के लिए हमारी चाल और पोज देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद शाहरुख खान तस्वीरों का पूरा श्रेय पूजा ददलानी को दिया जाता है आशा है कि हम सभी अपने शानदार पठान का आनंद लेंगे दीपिका पादुकोण आप ग्लैमर शाइनिंग और सुपर हॉट दिखने की मिसाल हैं मेरी टीम को मेरी शुभकामनाएं". 'ओम शांति ओम', 'चेन्नई एक्सप्रेस' और 'हैप्पी न्यू ईयर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बाद 'पठान' में शाहरुख और दीपिका पादुकोण की जोड़ी एक बार फिर से नजर आ रही है इन दोनों की जोड़ी हिंदी सिनेमा की ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से सबसे हिट जोड़ी में से एक है।'पठान' में एक भारतीय जासूस की कहानी दिखाई गई है।

# ऊपर तक ड्रेस में लगा था इस एक्ट्रेस के इतना डीप कट कि देखने वाले बस देखते रह गये




टीवी की 'नागिन' **तेजस्वी प्रकाश** जब भी कैमरे के सामने आती हैं तो अपनी अदाओं का ऐसा जादू चलाती हैं कि देखने वाले बस उन्हें देखते ही रह जाते हैं. इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ जब तेजस्वी प्रकाश कैमरे के सामने रिवीलिंग गाउन पहनकर आईं. तेजस्वी की इस गाउन में इतनी जगह कट लगे हुए थे कि वो उनके लुक को और भी ज्यादा बोल्ड बना रहे थे. बावजूद इसके एक्ट्रेस कैमरे के सामने किलर पोज देने से बिल्कुल भी कतराई नहीं और ऐसे-ऐसे पोज दिए कि देखने वाले बस उनकी तारीफ करते रह गए. देखिए तेजस्वी प्रकाश की लेटेस्ट फोटोज जो उनके फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ाने के लिए काफी हैं.

इन फोटोज में तेजस्वी प्रकाश डार्क ब्लू कलर की शिमरी गाउन पहनी हुई हैं. एक्ट्रेस की ये गाउन हर तरफ से खुली है जिसकी वजह एक्ट्रेस की ड्रेस में लगे हद से ज्यादा लगे कट हैं. इस गाउन को पहनकर तेजस्वी प्रकाश कैमरे के सामने अपने किलर अदाओं का ऐसा जादू चला रही हैं जिसे देखकर फैंस मदहोश हो रहे हैं. तेजस्वी प्रकाश की ये ड्रेस एक तरफ से ऑफ शोल्डर है तो वहीं पैर के साइड से हाई थाई स्लिट है जो उनके लुक को सुपरबोल्ड बना रही है. खास बात है कि ड्रेस हाई थाई स्लिट होने के बावजूद भी तेजस्वी पैर को ऊपर उठाकर ऐसे-ऐसे पोज दे रही हैं जो काफी ज्यादा हॉट है. इस ड्रेस के साथ अपने लुक को पूरा करने के लिए तेजस्वी प्रकाश बालों को बांधे नजर आईं. साथ ही सटल मेकअप के साथ हाथ में बैंगल और कान में इयररिंग्स पहने दिखीं. इन तस्वीरों को तेजस्वी प्रकाश ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. कैप्शन में लिखा- 'ऑलवेज टेक दैट चॉन्स.' आपको बता दें, तेजस्वी प्रकाश इन दिनों करण कुंद्रा को डेट कर रही हैं. इन दोनों की लव स्टोरी की शुरुआत बिग बॉस से हुई थी.

# 5 हजार करोड़ के करीब पहुंचा अवतार-2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन

## भारत में भी आंकड़ा 200 करोड़ के करीब



अवतार द वे ऑफ वाटर ने पहले हफ्ते में पूरी दुनियाभर में 600 मिलियन यानी करीब पांच हजार करोड़ का बिजनेस कर लिया है। भारत में फिल्म शानदार कमाई कर रही है। फर्स्ट वीक में फिल्म ने 193.60 करोड़ का टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। पहले हफ्ते में भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ये दूसरी हॉलीवुड फिल्म बन गई है। 260.40 करोड़ के साथ एवेंजर्स एंडगेम अभी भी पहले नंबर पर है। इतना ही नहीं इसने पहले हफ्ते में ही कई बॉलीवुड फिल्मों के लाइफ टाइम कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है।

**फर्स्ट वीक में बेस्ट कलेक्शन वाली दूसरी हॉलीवुड फिल्म बनी**

पहले वीक में अवतार 2 ने 193.60 करोड़ का टोटल कलेक्शन करके एवेंजर्स इनफिनिटी वॉर, स्पाइटर मैन नो वे होम और डॉ. स्ट्रेंज-इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस जैसी फिल्मों के पहले हफ्ते की कमाई को पीछे छोड़ दिया है। अवतार 2 के आगे अब सिर्फ एवेंजर्स एंडगेम है जिसने पहले हफ्ते में पूरे इंडिया में 260.40 करोड़ का कलेक्शन किया था।

**पहले हफ्ते में कई बॉलीवुड फिल्मों को किया पीछे**

अवतार 2 ने सिर्फ हॉलीवुड फिल्मों को ही नहीं बल्कि 2022 में रिलीज हुई कई बॉलीवुड फिल्मों के लाइफ टाइम कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। इसने गंगूबाई काठियावाड़ी, भूल भुलैया 2 जैसी फिल्मों के टोटल कलेक्शन को रिलीज के पहले हफ्ते में ही पीछे छोड़ दिया है। इसके आगे बस ब्रह्मास्त्र, द कश्मीर फाइल्स और दृश्यम 2 जैसी फिल्में हैं।

भारत में फिल्म को इंग्लिश और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज किया गया है। फिल्म में सैम वाशिंगटन, जोई सल्डाना, स्टीफन लैंग, क्लिफ कर्टिस और केट विंसलेट ने अहम भूमिका निभाई है।

# वाई श्रेणी की सिक्योरिटी के साथ सैर पर निकले विवेक, यूजर्स बोले- टैक्सपेयर का पैसा बर्बाद



फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने अपनी सुबह की सैर का एक वीडियो साझा किया है। फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के निर्देशक अकेले सुबह की सैर पर नहीं निकले थे, बल्कि वह वाई श्रेणी की सिक्योरिटी के साथ गए थे। वीडियो में दिख रहा है कि विवेक अग्निहोत्री फोन पर बात कर रहे थे। जब वह पैदल ही शहर में घूम रहे थे, तब सुरक्षाकर्मियों से घिरे हुए थे और गाड़ियां उनके पीछे चल रही थीं।

निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने इस वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक हिंदू बहुसंख्यक देश में कश्मीर में हिंदुओं के नरसंहार को दिखाने और पलायन पर आधारित फिल्म बनाने की कीमत चुकानी पड़ती है।

अभिव्यक्ति की आजादी।' इसके साथ ही विवेक ने खुद को देश में कैद बताया और फतवा का हैशटैग भी जोड़ा।

**यूजर्स ने किया ट्रोल**

विवेक अग्निहोत्री के इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'ओह माय टैक्स मनी।' वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, 'टैक्सपेयर के पैसों की बर्बादी।' एक अन्य ने लिखा, 'अपनी फिल्म टैक्स फ्री करके हमारे टैक्स के पैसे से सिक्योरिटी ले रहे हैं।' वहीं कुछ यूजर्स ने सिक्योरिटी का दिखावा करने के लिए विवेक अग्निहोत्री को फटकार भी लगाई।

विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' इस साल रिलीज हुई थी। इस पर हुए विवाद के बाद विवेक को वाई श्रेणी की सिक्योरिटी दी गई, जिसमें पांच कमांडो शामिल हैं।

इस फिल्म में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। 'द कश्मीर फाइल्स' ने बॉक्स ऑफिस पर 340 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की थी।

# नीना गुप्ता के साथ स्टेज पर हुआ कुछ ऐसा, नहीं रुकी दर्शकों की हंसी



बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में शुमार नीना गुप्ता ने बीते कुछ साल में अपने काम से दर्शकों के दिलों में अलग जगह बनाई है। अपने बेहतरीन काम के चलते नीना कई अवॉर्ड शो में नॉमिनेट की गईं। हाल ही में नीना एक अवॉर्ड लेते हुए बेहद कंफ्यूज नजर आईं, जिसके बाद वह अपनी इस हरकत पर खूब हंसीं। दरअसल, हाल ही में फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स हुए, जिसमें नीना गुप्ता को कई कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया। इस दौरान नीना गुप्ता को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया, जिसे लेते समय वह बहुत कंफ्यूज हो गईं कि उन्हें किस सीरीज के लिए यह अवॉर्ड दिया गया। अवॉर्ड लेने के बाद जब उन्होंने स्पीच शुरू की तो वहां पर मौजूद दर्शकों ने उन्हें टोका, जिसका मजेदार वीडियो मसाबा गुप्ता यानी नीना गुप्ता की बेटी ने शेयर किया।

**नीना गुप्ता ने जीता बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड**

नीना गुप्ता ने फिल्म फेयर ओटीटी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता है, जिसके बाद उन्होंने अवॉर्ड लेते हुए कहा कि यह अवॉर्ड मुझे मसाबा के लिए मिला है न.. मसाबा मसाबा। नीना गुप्ता की बातें सुनकर वहां मौजूद दर्शकों ने उन्हें टोका, जिसके बाद अभिनेत्री बेहद कंफ्यूज हो गईं।

**कई बार हुईं नॉमिनेट**

दरअसल, मंच पर स्पीच के दौरान दर्शकों ने उन्हें टोकते हुए कहा कि यह अवॉर्ड आपको पंचायत 2 के लिए दिया गया है। यह सुनकर नीना बेहद कंफ्यूज नजर आईं। उन्होंने कहा कि मैंने यह अवॉर्ड किसके लिए जीता है, पहले मुझे यह बताइए। तभी वहां मौजूद शो के होस्ट मनीष पॉल ने हंसते हुए कहा कि नीना को इतनी बार नॉमिनेट किया गया कि वह कंफ्यूज हो गई हैं। हालांकि, मनीष पॉल के साथ शो को होस्ट कर रहीं गौहर खान ने नीना गुप्ता की तारीफ करते हुए कहा कि वह एक स्टार हैं। इसके बाद मनीष पॉल ने बताया कि आपको यह अवॉर्ड पंचायत 2 के लिए दिया गया है।

**कंफ्यूजन दूर होने पर हंसीं नीना गुप्ता**

इसके बाद नीना गुप्ता इशारा करते हुए कहा कि लेकिन इसमें तो मसाबा मसाबा.. ओह! अच्छा मैंने यह अवॉर्ड पंचायत 2 के लिए जीता है। ओ माय गॉड। मैं चाहती हूं कि मैं दोनों के लिए अवॉर्ड जीतूं, लेकिन ऐसा तो हो नहीं सकता है, लेकिन ठीक है। हो सकता है कि मसाबा का चांस है, अभी मसाबा मसाबा में। मम्मी तो हूं ही न। थैंक्यू, मैंने तो बहुत गड़बड़ कर दी आज, चलिए कोई बात नहीं। तो यह अवॉर्ड मुझे पंचायत 2 के लिए दिया गया है।





# 44 भारतीय स्टार्टअप्स ने 16 हजार कर्मचारियों को हटाया

**दुनियाभर में इस साल 930 कंपनियों ने की 1.46 लाख कर्मचारियों की छंटनी**

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। इस साल देश में 44 स्टार्टअप ने करीब 16 हजार कर्मचारियों की छंटनी की है। इसमें से आधी हिस्सेदारी 14 एडटेक कंपनियों की रही। इन्होंने करीब 7 हजार कर्मचारियों को काम से निकाला। बायजूस जैसे यूनिकॉर्न इस मामले में दूसरे स्थान पर रहे। छंटनी पर नजर रखने वाली वेबसाइट लेऑफ्स के मुताबिक, दुनियाभर में इस साल अब तक 930 कंपनियों ने 1,46,407 कर्मचारियों को हटाया है। इसकी मुख्य वजह 2021 में जरूरत से ज्यादा कर्मचारियों की भर्ती रही। हालांकि, इसी बीच आईटी कंपनी एक्सेंचर ने 1,57,000 कर्मचारियों को प्रमोशन भी दिया। इसमें 60,000 से ज्यादा कर्मचारी भारत के हैं।



बायजूस जैसे यूनिकॉर्न इस मामले में दूसरे स्थान पर

**नए साल में आईटी सेक्टर देगा 1.5 लाख जॉब गिफ्ट**

मार्च 2023 के अंत तक टीसीएस , इन्फोसिस, विप्रो और एचसीएल टेक जैसी भारतीय आईटी कंपनियां 1.5 लाख से ज्यादा फ्रेशर्स को नौकरी देने वाली हैं।

| स्थान | 22 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | 24 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | सील्वर (1केजी) |
|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 50,250 रुपये | 54,820 रुपये | 74,700 रुपये |
| बैंगलोर | 50,250 रुपये | 54,820 रुपये | 74,700 रुपये |
| केरल | 50,250 रुपये | 54,820 रुपये | 74,700 रुपये |
| विशाखापत्तनम | 50,250 रुपये | 54,820 रुपये | 74,700 रुपये |

| स्थान | पेट्रोल पर लीटर | डीजल पर लीटर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | 109.67 रुपये | 97.82 रुपये |
| दिल्ली | 96.72 रुपये | 89.62 रुपये |
| चेन्नई | 102.63 रुपये | 94.24 रुपये |
| मुंबई | 106.31 रुपये | 97.28 रुपये |
| बेंगलुरू | 101.94 रुपये | 87.89 रुपये |

# भारत को विकसित देश बनने में बीस साल लगेगा

## आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने लगाया ये अनुमान



नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने शनिवार को कहा कि 8-9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ भारत को विकसित देश बनने में 20 साल का समय लग सकता है। रंगराजन ने कहा कि उच्च मध्यम आय वाले देश के स्तर तक पहुंचने के लिए दो साल और लगेंगे। विकसित देश के रूप में वर्गीकृत होने के लिए प्रति व्यक्ति सालाना आय न्यूनतम 13,205 डॉलर होनी चाहिए और इसे हासिल करने में दो दशक से अधिक समय लग जाएंगे। आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुल उत्पादन स्तर पर भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह अपने आप में एक प्रभावशाली उपलब्धि है। लेकिन प्रति व्यक्ति आय के मामले में आईएमएफ के अनुसार भारत का स्थान 197 देशों में 142वां है। उन्होंने कहा, 'नीति निर्माताओं का तत्काल ध्यान अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर बढ़ाने पर होना चाहिए। 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की प्राप्ति एक अच्छा अल्पकालिक आकांक्षी लक्ष्य है। यह कम से कम पांच साल तक 9 प्रतिशत की सतत वृद्धि दर हासिल करने से संभव हो सकेगा।

फिर भी यह लक्ष्य हासिल करने के बाद भी भारत की प्रति व्यक्ति सालाना आय केवल 3472 अमरीकी डालर होगी और हमें अभी भी निम्न मध्यम आय वाले देश के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमें इस तरह लंबा सफर तय करना है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'यह दिखाता है कि हमें निश्चित रूप से तेजी से चलने की जरूरत है। कोविड-19 के बाद और रूस के यूक्रेन युद्ध के बाद, भारत के भविष्य के विकास के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वृद्धि दर को बढ़ाकर सात प्रतिशत करने की जरूरत है और फिर इसके बाद आठ से नौ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है जो संभव है और भारत ने अतीत में दिखाया है कि वह छह से सात साल की सतत अवधि में इस तरह की वृद्धि दर हासिल कर सकता है।

# 31 मार्च के बाद आधार से गैर लिंक पैन निष्क्रिय होंगे, आयकर विभाग ने जारी किया परामर्श

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने शनिवार को परामर्श जारी किया कि जो पैन अगले साल मार्च के अंत तक आधार से नहीं जुड़ेंगे, उन्हें निष्क्रिय कर दिया जाएगा। आयकर विभाग ने एक सार्वजनिक परामर्श में कहा, "आधार से पैन लिंक करना अनिवार्य है, वह जरूरी है। देरी न करें, इसे आज ही लिंक करें!" आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार, सभी पैन धारकों के लिए, जो छूट श्रेणी में नहीं आते हैं, उन्हें 31 मार्च 2023 से पहले अपने पैन को आधार से जोड़ना अनिवार्य है। 1 अप्रैल 2023 से आधार से अनलिंक पैन निष्क्रिय हो जाएगा। मई 2017 में केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना के अनुसार, असम, जम्मू और कश्मीर और मेघालय राज्यों में रहने वाले व्यक्तियों, अनिवासी (आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार ), पिछले वर्ष के दौरान किसी भी समय 80 वर्ष या उससे अधिक की आयु पूरा करने वालों और ऐसे व्यक्ति जो भारत के नागरिक नहीं हैं उन्हें ससे छूट मिलेगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की 30 मार्च को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि एक बार पैन निष्क्रिय हो जाने के बाद कोई व्यक्ति आयकर कानून के तहत सभी परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा और उसे कई तरह के प्रभाव झेलने होंगे। निष्क्रिय पैन का उपयोग करके व्यक्ति आयकर रिटर्न दाखिल करने में सक्षम नहीं होंगे। लंबित रिटर्न भी प्रोसेस नहीं नहीं किए जाएंगे, पैन निष्क्रिय होने से लंबित रिफंड भी जारी नहीं किया जा सकेगा। एक बार पैन निष्क्रिय होने के बाद दोषपूर्ण रिटर्न के मामले में लंबित कार्यवाही भी पूरी नहीं की जा सकेगी साथ ही करदाता से उच्च दर पर आयकर की वसूली की जाएगी। परिपत्र में कहा गया है, 'इसके अलावा, करदाता को बैंकों और अन्य वित्तीय पोर्टलों से संबंधित कई अन्य जगहों पर भी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि पैन सभी प्रकार के वित्तीय लेनदेन के लिए महत्वपूर्ण केवाईसी मानदंडों में से एक है। सीबीडीटी आयकर विभाग के लिए नीति बनाता है।

आधार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की ओर से भारत के निवासी को जारी किया जाता है। वहीं, पैन एक 10 अंकों का अल्फान्यूमेरिक नंबर है जो आईटी विभाग की ओर से किसी व्यक्ति, फर्म या संस्था को आवंटित किया जाता है।

# जयंत वर्मा ने विकास दर उम्मीद से कम रहने की जताई आशंका

## बोले- बेहद नाजुक हालत में अर्थव्यवस्था



नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा का कहना है कि अर्थव्यवस्था अत्यंत नाजुक स्थिति में है। विकास दर उम्मीद से कम रह सकती है, इसलिए अर्थव्यवस्था को अभी पूरा समर्थन देने की जरूरत है। पिछली एमपीसी बैठक में ब्याज दर बढ़ाने के खिलाफ मतदान करने वाले वर्मा ने शुक्रवार को कहा, देश की आर्थिक वृद्धि इसलिए कमजोर बनी हुई है क्योंकि निजी खपत और पूंजी निवेश ने रफ्तार नहीं पकड़ी है।इसके अलावा, भारत के साथ जनसांख्यिकीय लाभ है। ऐसे में युवाओं को रोजगार देने के लिए ऊंची वृद्धि की जरूरत है। मुझे इस बात की आशंका नहीं है कि भारत बाकी दुनिया से धीमी गति से बढ़ेगा। आशंका यह है कि हम अपनी आकांक्षाओं के हिसाब से वृद्धि हासिल नहीं कर पाएंगे। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर अनुमान को 7% से घटाकर 6.8% कर दिया है।वर्मा ने कहा, अर्थव्यवथा को आगे बढ़ाने के चार इंजन निर्यात, सरकारी खर्च, पूंजी निवेश और निजी खपत हैं। इनमें दो इंजन निर्यात व सरकारी खर्च ने महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने में मदद की। लेकिन, दो इंजन पूंजी निवेश और निजी खपत की रफ्तार सुस्त है। इसलिए सरकार को इन इंजनों के 'बैटन' अपने हाथ में लेने की जरूरत है।

अर्थव्यवस्था में सुस्ती से निर्यात वृद्धि का मुख्य कारक नहीं रह सकता। सरकारी खर्च भी राजकोषीय दिक्कतों की वजह से सीमित है।वर्मा ने कहा, भविष्य की वृद्धि को लेकर चिंता से पूंजी निवेश प्रभावित हो रहा है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या आगामी महीनों में दबी मांग ठंडी पड़ने के बाद चौथे इंजन यानी निजी खपत की तेजी जारी रहेगी। अन्य देशों की तरह भारत में मंदी का जोखिम नहीं है क्योंकि हमारा प्रदर्शन बड़े देशों से बेहतर है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | में |
| चंद्र- | मकर | में |
| मंगल | वृष | में |
| बुध- | धनु | में |
| गुरु- | मीन | में |
| शुक्र- | धनु | में |
| शनि- | मकर | में |
| राहु- | मेष | में |
| केतु- | तुला | में |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| धनु--- | 06-10 | बजे |
| मकर- | 08-10 | बजे |
| कुंभ - | 10-11 | बजे |
| मीन... | 11-39 | बजे |
| मेष-- | 13-14 | बजे |
| वृष-- | 15-00 | बजे |
| मिथुन. | 17-01 | बजे |
| कर्क... | 19-12 | बजे |
| सिंह... | 21-25 | बजे |
| कन्या.. | 22-35 | बजे |
| तुला | 01-41 | बजे |
| वृश्चिक | 03-52 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-उत्तरायणे
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-शिशिरदिशाशूल- पश्चिम -पान खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया - **08 -25** तक उपरान्त तृतीया
मास - पौष शुक्ल पक्ष , रविवार **Dec 25**
नक्षत्र - उ.षाढा - **19 -21** - तक उपरान्त श्रवण
योग - व्याघात - **00 -58** - तक उप हर्षण
करण- कौलव - **08 - 25** - तक उप- तैतिल
विशेष:- सर्वार्थ सिद्ध योग-**07-25** से
व्रत -त्योहार - मदनमोहन मालवीय ज.

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:25 से 17:48 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:47 - 08:07 | अशुभ | शुभ | 17:48 - 19:25 | शुभ |
| चंचल | 08:07 - 09:30 | शुभ | अमृत | 19:25 - 21:02 | शुभ |
| लाभ | 09:30 - 10:53 | शुभ | चंचल | 21:02 - 22:39 | शुभ |
| अमृत | 10:53 - 12:16 | शुभ | रोग | 22:39 - 00:16 | अशुभ |
| काल. | 12:16 - 13:39 | अशुभ | काल. | 00:16 - 01:54 | अशुभ |
| शुभ. | 13:39 - 15:02 | शुभ | लाभ | 01:54 - 03:31 | शुभ |
| रोग | 15:02 - 16:25 | अशुभ | उत्पात | 03:31 - 05:08 | अशुभ |
| उत्पात | 16:25 - 17:45 | अशुभ | शुभ. | 05:08 - 06:47 | शुभ |

# मेघालय के कर्मचारियों को मिला न्यू ईयर गिफ्ट

## डीए में हुई 4 फीसदी बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मेघालय सरकार ने अपने कर्मचारियों को नए साल के मौके पर बड़ी खुशखबरी दी है। दरअसल, मेघालय सरकार ने कर्मचारियों के डीए को बढ़ा दिया है। सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ते यानी डीए में 4 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। मेघालय सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप ही सूबे के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। महंगाई भत्ते में यह इजाफा जुलाई 2022 से प्रभावी होगा। इसके साथ जुलाई 2022 से डीए 28 फीसदी की मौजूदा दर से बढ़कर 32 फीसदी हो गया है। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने 29 सितंबर 2022 को 4 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाने को मंजूरी दी थी। अब 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 62 लाख पेंशनर्स को 38 फीसदी का डीए मिल रहा है। डीए की बढ़ी हुई रकम इस साल जुलाई से ही लागू होगी। इसके लिए कर्मचारियों को पिछले महीनों का एरियर भी दिया जाएगा। गौरतलब है कि अभी केंद्रीय कर्मचारियों को 34 फीसदी डीए मिल रहा था, जो अब बढ़कर 38 फीसदी हो गया है। केंद्र सरकार के अलावा झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, यूपी, कर्नाटक, पंजाब, असम आदि राज्यों की सरकारें भी अपने कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी की घोषणा कर चुकी है।

# एपल के बाद वनप्लस भी भारत में बना सकती है मोबाइल

## विनिर्माण निवेश में तलाश रही संभावना



नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन की मोबाइल बनाने वाली कंपनी वनप्लस ने कहा है कि वह भारत में नए विनिर्माण निवेश की संभावनाएं तलाश करेगी, क्योंकि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में विस्तार के बावजूद उसका प्रमुख फोकस भारत पर है। हमारी वैश्विक उपस्थिति हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनी हुई है। वनप्लस के संस्थापक पीट लाउ ने कहा, ब्रांड के साथ-साथ हमारे उत्पाद की लॉन्चिंग के लिए भारत एक प्रमुख बाजार बना रहेगा। हम सभी मौजूदा बाजारों को प्राथमिकता देते हैं। कंपनी मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी के साथ भारत में फ्लैगशिप डिवाइस बना रही है। वनप्लस भारतीय बाजार में रिटेल को और बढ़ाएगा। चीनी कंपनी ने इस साल की शुरुआत में भारत में दुनिया के सबसे बड़े वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर वनप्लस बुलेवार्ड को लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य वनप्लस के प्रीमियम ब्रांड अनुभव को रिटेल ग्राहकों तक पहुंचाना था।चीन में राजनीतिक और स्वास्थ्य चुनौतियों के कारण एपल की सप्लायर कंपनियां भारत और वियतनाम को अपना पसंदीदा विनिर्माण केंद्र बना रही हैं। फॉक्सकॉन और ताइवानी असेंबलर पेगाट्रॉन कॉर्प जैसी कंपनियां असेंबली और पैकेजिंग के लिए चीन के बाहर अपना पांव पसार रही हैं। फॉक्सकॉन विनिर्माण क्षमता का 30 फीसदी हिस्सा ब्राजील और अन्य एशियाई देशों में ले जाना चाहती है। इन कंपनियों ने पहले ही कारखानों, उत्पादन लाइनों, उन्नत विनिर्माण प्रक्रियाओं में भारत में कर्मियों के प्रशिक्षण में निवेश किया है।चेन्नई के पास ताइवानी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन करीब 20 एकड़ की जमीन पर मेगा हॉस्टल का निर्माण तेजी से कर रही है। इसमें कई बड़े छात्रावास ब्लॉक होंगे। मौजूदा समय में फॉक्सकॉन के श्रीपेरंबदूर में इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरिडोर में 15 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। इसमें से अधिकांश महिलाएं हैं। भारत में निर्मित स्मार्टफोन इस साल की दूसरी तिमाही में 16 फीसदी की वृद्धि के साथ 4.4 करोड़ यूनिट से अधिक तक पहुंच गए।

# क्रेडिट कार्ड, बैंक लॉकर व जीएसटी के नए नियम लागू होंगे




नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। वर्ष 2022 के अब आखिरी कुछ दिन ही शेष बचे हैं। जनवरी महीने की शुरुआत के साथ ही वर्ष 2023 का आगाज होने वाला है। हर नया महीना अपने साथ कुछ नए बदलाव लेकर आतें हैं, जो आम आदमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इन बदलावों का सीधा असर हम सबकी जिंदगी पर पड़ता है। कुछ बदलाव तो सीधे हमारी जेब पर असर डालते हैं। 1 जनवरी 2023 से भी कुछ जरूरी नियम बदलने वाले हैं। इनमें क्रेडिट कार्ड, बैंक लॉकर, जीएसटी ई-इन्वॉयसिंग, सीएनजी-पीएनजी के भाव और गाड़ियों की कीमतों से जुड़े बदलाव शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बैंक लॉकर से संबंधित नए निर्देश जारी किए हैं। ये नियम 1 जनवरी 2023 से लागू हो जाएंगे। इन नियमों के प्रभाव में आने के बाद लॉकर के मुद्दे पर बैंक अब ग्राहकों के साथ मनमानी नहीं कर पाएंगे। इन नियमों के लागू होने के बाद अगर बैंक लॉकर में रखे सामान को कोई नुकसान पहुंचता है तो इसके लिए बैंक की जवाबदेही तय की जाएगी। बैंक और ग्राहको के बीच एग्रीमेंट साइन किया जाएगा। यह 31 दिसंबर तक के लिए वैध रहेगा। बैंकों को ग्राहकों को लॉकर से जुड़े नियमों में बदलाव के बारे में सभी जानकारी एमएमएस और अन्य माध्यमों से देनी पड़ेगी। क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने वालों के लिए भी 1 जनवरी 2023 से नियमों में बदलाव हो जाएगा। यह बदलाव क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान करने पर मिलने वाले रिवार्ड प्वॉइंट से संबंधित है। नए साल की शुरुआत से एचडीएफसी बैंक अपने क्रेडिट कार्ड से भुगतान पर मिलने वाले रिवॉर्ड sप्वाइंट्स में बदवाल करने जा रहा है। ऐसे में ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे अपने क्रेडिट कार्ड में बचे सभी रिवॉर्ड प्वाइंट का भुगतान 31 दिसंबर 2022 से पहले ही कर लें। 1 जनवरी 2023 नए नियमों के तहत रिवॉर्ड प्वाइंट की सुविधाएं दी जाएंगी। हर महीने की शुरुआत के साथ पेट्रोलियम कंपनियां पेट्रोल और डीजल की दरें तय करती हैं। पिछले कुछ समय से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रही हैं। ऐसे में दिसंबर महीने के आखिरी दिन जब तेल कंपनियां पेट्रोल व डीजल की कीमतों का पुर्ननिर्धारण करेंगे तो इनकी कीमतों में कुछ बदलाव का फैसला लिया जा सकता है। हालांकि ये बदलाव होंगे या नहीं यह पहली जनवरी की सुबह ही साफ हो पाएगा। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ-साथ एलपीजी के घरेलू और कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में भी बदलाव की घोषणा हो सकती है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव के साथ ही वाहनों में इस्तेमाल होने वाले सीएनजी और घरों की रसोई में इस्तेमाल होने वाली पीएनजी गैस की कीमतों में भी बदलाव हो सकता है। बीते कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों जैसे नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में बड़ा इजाफा देखने को मिला है। ऐसे में इस महीने के अंत तक गैस कंपनियां इनकी कीमतों में एक बार फिर रिविजन कर सकती हैं। दिल्ली और गुरुग्राम में सीएनजी की कीमतों में लगभग आठ रुपये का अंतर है। पिछले एक वर्षों के दौरान देश की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सीएनजी की कीमतों में 70% से अधिक का इजाफा हो गया है। वहीं दूसरी ओर, अक्तूबर महीने में आईजीएल ने घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की दर दिल्ली में 50.59 रुपये प्रति एससीएम से बढ़ाकर 53.59 रुपये प्रति मानक क्यूबिक मीटर कर दी थी। अगस्त 2021 के बाद से पीएनजी दरों में यह 10वीं वृद्धि थी।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — आज आपके लिए अच्छा दिन है।आपका सुंदर व्यक्तित्व दूसरों को आकर्षित करेगा।आज आप कुछ भी करें,सफलता मिलेगी।आप काफी लोकप्रिय हैं।आप सृजनात्मक भी हैं और नम्र भी आपके इन्ही गुणों ने आपको इस मुकाम पर पहुंचाया है। चालाकी और अभिमान को आने दिये बिना इसी रास्ते पर चलते रहें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आप आज थोड़ी सी गंभीर मानसिक स्थिति में रहेंगे। आपको आज जीवन के व्यावहारिक मुद्दों पर ध्यान देना होगा। लेकिन आप विश्वास और आशावादिता से भरपूर हैं और गहरे भावनात्मक स्तर पर भी मौके लेने के लिए तैयार हैं। आपका कोई करीबी आपके लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए अपनी चिंता जाहिर करेगा।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आपका व्यक्तित्व प्रतिभाशाली और प्रभावी है ,जो आज आपके हितेषियों तथा विरोधियों सहित सबके सामने आएगा। अपने शुभचिन्तकों की बातों पर ध्यान दें और बाकी सब बातों की उपेक्षा कर दें। आपके बड़े आपका साथ देंगे और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ध्यान फोकस करने में आपकी मदद करेंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आज आप खुद की जरुरत से अधिक आलोचना करने के मूड में हैं।आपको भी पता है कि आपकी अधिकतर चिंताएं निरर्थक हैं,फिर भी आप चिंता करते रहते हैं।इसका एकमात्र समाधान यह है कि अपने किसी ऐसे करीबी से सा अपनी चिंताओं के बारे में बात करें जो आपको सहारा दे सके।इससे पहले कि आप विकर्षित अनुभव करें।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आप किसी करीबी को कोई सलाह देंगे और वह इसे बहुत कृतज्ञता के साथ स्वीकार करेगा। आप आज बहुत अच्छे और नरम मूड में हैं ,आज का दिन अपने पुराने दोस्तों से सम्पर्क स्थापित करने के लिए बहुत अच्छा है। अपने किसी पुराने स्कूल के दोस्त से फोन पर बाते क्र लें,आपको बहुत अच्छा लगेगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज आपकी किस्मत चमकने का दिन है। सितारे कहते हैं कि आज आपको कोई विशेष काम करना पड़ सकता है।आज अपने किसी नजदीकी व्यक्ति को खुश कर दें,आपकी किस्मत का ताला खुल जाएगा। फिर भी आज किसी को उधार ना दें ,वापस नही मिल पायेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कतें आज नही होंगी।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — जब भी कोई फैसला लेना होता है,आप दिल और दिमाग के बीच उलझ जाते हैं।यही उलझान है,अपने मन की आवाज सुनें ,इससे आप सही फैसले ले पायेंगे।आपके परिजनों और करीबियों को आपके साथ की जरुरत है।उनके साथ अच्छा समय बिताएं। यात्रा की योजना बनाने के लिए अच्छा समय है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आज आपके भावनाओं में बहने की उम्मीद थोड़ी ज्यादा है।किसी छोटी सी बात पर भी आप उदास हो जायेंगे या पुराने बेह्तर समय को याद करने लगेंगे।किसी पुराने दोस्त से संपर्क साधने की कोशिश कर सकते हैं। आज आप अपनी वर्त्तमान समस्या को सुलझाने के लिए कोई संतोषजनक समाधान खोजे।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आपको समय फिलहाल रेंगता हुआ महसूस हो रहा है।लेकिन धीरज रखें और अपनी उत्सुकता भी बनाये रखें। हालाँकि आपको अपने किसी वादे या किसी निजी सम्बन्ध की खातिर कुछ समय के लिए अपने लक्ष्यों को एक तरफ करना पड़ सकता है। अपने साथी के साथ विवादों और गलतफहमियों से बचें।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज का दिन सृजनात्मक प्रवृति के लोगों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा। आपके हुनर और कार्यों दोनों की ही प्रशंसा होगी।अपने कार्य के लिए धन प्राप्ति भी संभव है। अगर आप विद्यार्थी हैं तो आपके लिए समय अच्छा है और परीक्षा से डरने के स्थान पर उसका सामना करना बेहतर होगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आप पिछले कुछ समय से उपेक्षित महसूस कर रहे हैं लेकिन आज आप पर सबका ध्यान आएगा। लाइमलाइट आप पर रहेगी और आप आसानी से इस अवसर का लाभ उठाकर खुद को साबित कर पायेंगे। यह किसी नए दोस्त के मिलने,पुराने के सामने आने या कार्यस्थल की किसी स्थिति से सम्बंधित भी हो सकता है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा और आपको किसी अप्रत्याशित घटना के लिए तैयार रहना है।आपको कई दिशायों में सक्रिय रहना पड़ेगा लेकिन सकारात्मक बने रहेंगे।आप नयी उर्जा एवं वास्तविकता से परिपूर्ण सार्थक योजनायें पेश करेंगे।अपनों को भी इनमे शामिल करें।आज किसी ख़ास व्यक्ति से मुलाक़ात होगी।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# भारतीय मूल के रिचर्ड आर वर्मा को अमेरिका में बड़ी जिम्मेदारी

## राष्ट्रपति बाइडेन ने शीर्ष राजनयिक पद के लिए किया नामित



वॉशिंगटन, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। दुनिया के शीर्ष महाशक्ति देश अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की धूम है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को भारतीय अमेरिकी रिचर्ड आर वर्मा को विदेश विभाग में शीर्ष राजनयिक पद पर नामित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय व्हाइट हाउस की एक विज्ञप्ति के अनुसार, बाइडन ने वर्मा को विदेश विभाग में प्रबंधन और संसाधन के डिप्टी सेक्रेटरी के रूप में नामित करने की घोषणा की।

**भारत में राजदूत के रूप में कर चुके हैं काम**

इस समय रिचर्ड आर वर्मा मास्टरकार्ड में मुख्य कानूनी अधिकारी और वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख हैं। वह बराक ओबामा प्रशासन के दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत और विधायी मामलों के राज्य के सहायक सचिव के पद पर भी काम कर चुके हैं। इससे पहले उन्होंने अमेरिका के सीनेटर हैरी रीड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम किया है। इसके साथ ही रिचर्ड अमेरिकी वायुसेना में भी काम कर चुके हैं। वहां उन्होंने जज एडवोकेट के रूप में सक्रिय ड्यूटी पर कार्य किया था।

**विवेक मालिक को मिसौरी राज्य का पहला गैर-श्वेत कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया**

वहीं इससे पहले अमेरिका में भारतीय मूल के 45 वर्षीय विवेक मलिक को मिसौरी राज्य का पहला गैर-श्वेत कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। मिसौरी के गवर्नर माइक पार्सन ने बुधवार को इसकी घोषणा की थी। पार्सन ने एक ट्वीट में कहा, मैं विवेक मलिक को मिसौरी का अगला कोषाध्यक्ष नियुक्त कर रहा हूं। विवेक मिसौरी स्टेट ऑडिटर चुने गए स्कॉट फिट्ज़पैट्रिक की जगह लेंगे। उन्होंने अपने ट्वीट में विवेक की कार्यशैली की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जनता का पैसा अब विवेक के हाथ में है। वह मिसौरी के लोगों की सेवा करने की अविश्वसनीय जिम्मेदारी और विशेषाधिकार को समझते हैं। वह सच्ची सार्वजनिक सेवा में विश्वास करते हैं।

# दो बार तख्तापलट करने वाले सित्विनी राबुका बने फिजी के नए प्रधानमंत्री

**फ्रैंक बैनिमारामा का शासन खत्म**



सुवा, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। सित्विनी राबुका को फिजी का नया प्रधानमंत्री चुना गया है। 16 साल बाद फिजी अपने नए प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी कर रहा है। त्रिशंकु संसद के चुनाव के बाद राबुका की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। राबुका 2021 में गठित फिजी में एक राजनीतिक दल पीपुल्स एलायंस के नेता हैं। फिजी की सोशल डेमोक्रेटिक लिबरल पार्टी (सोडेलपा) ने शुक्रवार को राबुका के पीपुल्स एलायंस और नेशनल फेडरेशन पार्टी के साथ गठबंधन बनाने के लिए मतदान किया। प्रधानमंत्री के लिए गुप्त संसदीय वोट में, राबुका को 28 वोट मिले, जबकि संसद के 27 सदस्यों ने फिजी नेता वोरके बैनिमारामा के लिए मतदान किया।

**राबुका ने 1987 में सेना के प्रमुख के रूप में दो तख्तापलट का नेतृत्व किया था**

राबुका ने 1987 में सेना के प्रमुख के रूप में दो बार तख्तापलट किया था और 1999 में चुनावों में हटाए जाने से पहले 1992 में प्रधान मंत्री बने थे। 16 वर्षों में यह पहली बार है कि गठबंधन सरकार बनाने के लिए तीन दल शामिल हुए हैं। 9 लाख की आबादी वाले इस प्रशांत द्वीपीय देश में 2013 में संवैधानिक सुधार से पहले सैन्य तख्तापलट का इतिहास रहा है।

# भारतीय ड्राइवर को चुकाना होगा 18 लाख का ब्लड मनी

**सड़क हादसे में 2 महिलाओं की मौत के बाद दुबई कोर्ट का आदेश**

रियाद, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब में सड़क दुर्घटना में 2 महिलाओं की मौत के बाद भारतीय मूल के एक ड्राइवर पर जुर्माना लगाया गया है. दुबई की एक अदालत ने एक भारतीय मूल के व्यक्ति को इस साल जून में एक कार दुर्घटना में मारी गई सऊदी अरब की दो महिलाओं के परिवार को 80,000 दिरहाम यानी करीब 18 लाख रुपये ब्लड मनी देने का आदेश दिया है. भारतीय मूल के ड्राइवर पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया गया है. 3 जून को रिहायशी शहर अल बरशा में एक सड़क हादसे में दो महिलाओं की जान चली गई थी. सऊदी की दो महिलाओं की मौत दुबई ट्रैफिक कोर्ट को बताया गया कि 48 वर्षीय भारतीय मूल के एक शख्स ने 3 जून को रिहायशी शहर अल बरशा में लापरवाही से अपनी कार चलाई, जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए. 'द नेशनल' की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय शख्स मुख्य सड़क पर खड़ी कार को नहीं देख पाया और उससे अपनी कार टकरा दी. दोनों कारों ने फिर एक तीसरी कार को टक्कर मार दी, जिसमें सऊदी अरब का एक परिवार था. हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई. दुबई कोर्ट ने भारतीय और बांग्लादेशी मूल के दो लोगों को 3 जुलाई को अल-बरशा इलाके में एक कार दुर्घटना में मारे गए पड़ितों के परिवार को अलग-अलग ब्लड मनी के तौर पर देने का आदेश दिया.

# ट्रंप को नहीं मिलनी चाहिए राष्ट्रपति चुनाव की इजाजत

## जांच कमेटी ने की कानून बनाने की मांग



वाशिंगटन, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। यूएस कैपिटल हिल हिंसा की जांच कर रहे पैनल ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आगामी राष्ट्रपति चुनाव में शामिल होने की अनुमति कभी नहीं मिलनी चाहिए। 854 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आपराधिक रूप से 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के वैध परिणाम पलटने की एक व्यापक साजिश रची और वह अपने समर्थकों को कैपिटल पर हमला करने से रोकने में भी नाकाम रहे।

**ट्रंप व अन्य जैसों के खिलाफ कानून बनाने की मांग**

हिंसा की जांच कर रहे पैनल के अध्यक्ष थॉम्पसन ने कहा, हमारा देश एक हारे हुए राष्ट्रपति को लोकतांत्रिक संस्थानों में हिंसा भड़काकर खुद को एक सफल अत्याचारी में बदलने की अनुमति देने से बहुत दूर आ गया है। पैनल की रिपोर्ट में सांसदों द्वारा एक कानून बनाने की भी मांग की गई है, जिससे ट्रम्प व अन्य लोग जो विद्रोह में शामिल हुए, उन्हें संघीय, राज्य या सैन्य पद को धारण करने से रोका जा सके।

**1000 गवाहों से की गई पूछताछ**

समिति ने पूर्व राष्ट्रपति की गतिविधियों और करीब दो साल पहले हुए हिंसक विद्रोह की 18 महीने तक जांच करने के बाद यह रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट के लिए 1,000 से अधिक गवाहों से पूछताछ की गई और लाखों पन्नों के दस्तावेज खंगाले गए। ट्रंप के कई करीबी सहयोगियों से लेकर कानून प्रवर्तन के कुछ अधिकारी, कुछ दंगाइयों से पूछताछ की गई। रिपोर्ट में कहा गया, ट्रंप की पहल के बगैर छह जनवरी की कोई घटना नहीं होती। नौ सदस्यीय समिति ने कहा, विद्रोह ने लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा खड़ा किया और अमेरिकी सांसदों के जीवन को भी खतरे में डाला।

**चार आरोपों के तहत ट्रंप पर मुकदमे का आग्रह**

हाउस जनवरी छह समिति में सात डेमोक्रेटिक पार्टी के और दो रिपब्लिकन पार्टी के सांसद शामिल हैं। समिति ने जिन चार आरोपों के तहत ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने का आग्रह किया था वे आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालना, अमेरिका को धोखा देने की साजिश रचना, झूठे बयान देना और किसी विद्रोह को भड़काना या उसमें मदद करना हैं।

### हवा में फ्लाइट के रास्ते गिरी आकाशीय बिजली, विमान की आपात लैंडिंग, यात्री सुरक्षित

वॉशिंगटन, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में स्पिरिट एयरलाइंस के विमान की आकाशीय बिजली गिरने के बाद आपात लैंडिंग करानी पड़ी। विमान ने फिलाडेल्फिया से टेकऑफ किया था और यह कैनकन की ओर जा रहा था। इस दौरान चालक दल ने विमान के समीप दो बार बिजली गिरने की घटना को देखा। इसके तुरंत बाद विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि फ्लाइट कैनकन जा रही थी। इस दौरान चालक दल ने आकाशीय बिजली गिरने की सूचना के बाद विमान को फिलाडेल्फिया इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वापस सुरक्षित उतारा। बयान में कहा गया है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और हम अपने यात्रियों की सुविधा के लिए काम कर रहे हैं।

# ईरान 'खाड़ी देशों' पर हमले की बड़ी योजना बना रहा रूस

**रूस से मांगे सबसे खतरनाक हथियार**



तेहरान, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। ईरान खाड़ी देशों पर नए सिरे से हमले की योजना बना रहा है. इसके लिए वह रूस से बेहतरीन हथियारों की आपूर्ति बढ़ाने की मांग कर रहा है. इजरायल के जासूस प्रमुख ने यह दावा शुक्रवार को किया है. मोसाद खुफिया एजेंसी के प्रमुख डेविड बर्निया ने कहा कि तेहरान शासन अपने परमाणु कार्यक्रम को अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा रहा है. बार्निया ने कहा, हम ईरान के भविष्य के इरादों के खिलाफ चेतावनी देते हैं. वो रूस को उन्नत हथियारों की आपूर्ति करने के लिए कह रहा है. यूरेनियम संवर्धन परियोजना का विस्तार कर रहा है और अरब क्षेत्र में मुस्लिम देशों के खिलाफ अपने हमलों को तेज करने की प्लानिंग कर रहा है. जासूस प्रमुख ने ईरानी शासन को निर्लज्ज बताया और कहा, ईरान एक तरफ राजनयिकों को बातचीत के लिए वियना भेजता है, तो दूसरी तरफ दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मारने के लिए ईरानी आतंकवादियों को भेजता है. बता दें कि सऊदी अरब ने 2019 में तेल के बुनियादी ढांचे पर एक बड़े हमले के लिए ईरान को दोषी ठहराया था. हूती विद्रोहियों ने इस साल जनवरी में अबू धाबी पर भी ड्रोन से हमला किया था. वहीं ईरान के विदेश मंत्रालय ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह रूस के साथ संबंधों का विस्तार करने के लिए किसी से अनुमति नहीं लेगा.

### 20 लाख रुपये की मांगी रंगदारी, पुलिस मुठभेड़ में गैंगस्टर जख्मी, एक पुलिसकर्मी को भी लगी गोली

अमृतसर (पंजाब), 24 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर के बसंत नगर के रिंकू पहलवान को 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले गैंगस्टरों का देर रात पुलिस के साथ एयरपोर्ट रोड पर मुकाबला हो गया। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक गैंगस्टर जख्मी हो गया। पुलिस ने पकड़ने के बाद सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया है। जवाबी फायरिंग के बीच एक मुलाजिम जख्मी हो गया जबकि दूसरा गैंगस्टर फरार होने में कामयाब हो गया। घायल गैंगस्टर से पुलिस के अधिकारी अस्पताल में ही जानकारी जुटाने में लगे हैं। मजीठा रोड स्थित बसंत नगर के रिंकू पहलवान को 20 दिसंबर की रात 8:30 बजे 20 लाख रुपये की रंगदारी की कॉल आई। कॉल के दो घंटे के बाद ही बाइक सवार दो युवकों ने रिंकू के घर के सामने हवाई फायरिंग कर दी। शिकायत के बाद से पुलिस नंबर को ट्रैक कर रही थी और रात मोबाइल नंबर की लोकेशन एयरपोर्ट रोड पर मिली तो पुलिस ने उन्हें घेर लिया।

# तालिबानी हुकूमत के खिलाफ महिलाओं का आक्रोश

## विश्वविद्यालय बैन के बाद काबुल में प्रदर्शन



नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में तालिबान शासन के बाद से महिलाओं को कई तरह के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। अब तालिबानी हुकूमत ने उनके लिए उच्च शिक्षा पर रोक लगा दी है। इसके बाद से यहां की महिलाओं में आक्रोश है। सरकार के फैसले के खिलाफ बड़े स्तर पर महिलाएं काबुल में विश्वविद्यालय के बाहर इकट्ठा हुईं और तालिबानी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय छात्रा अमिनी का कहना है कि हम सभी पिंजरे में बंद पंक्षियों की तरह महसूस कर रहे हैं। हम एक दूसरे को गले लगाते हुए रो रहे हैं और कह रहे हैं कि हमारे साथ ही ऐसा क्यों हो रहा है। अमिनी अपनी तीन बहनों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं थीं। इनमें से दो पर माध्यमिक शिक्षा के लिए प्रतिबंध है। बता दें, तालिबानी सरकार ने महिलाओं के अधिकारों पर नकेल कसते हुए मंगलवार को एक फरमान जारी किया था। कहा गया था कि निजी व सार्वजानिक विश्वविद्यालयों में महिला छात्रों का प्रवेश तत्काल प्रभाव से रोका जाता है। यह आदेश अगली सूचना तक जारी रहेगा।

**लाइब्रेरी में प्रवेश भी हुआ वर्जित**

अफगानिस्तान में शीतकालीन अवकाश के चलते विश्वविद्यालय पहले से ही बंद थे। हालांकि, अभी तक छात्र एवं छात्राएं लाइब्रेरी में जाकर पढ़ सकते थे, लेकिन इस आदेश के बाद महिलाओं पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग गया है।

**आदेश के खिलाफ पुरुष छात्र भी उतरे**

महिलाओं के अधिकारों को लेकर तालिबानी हुकूमत के नए आदेश के खिलाफ पुरुष छात्र भी उतर आए हैं। जलालाबाद के पूर्वी शहर में, कुछ पुरुष छात्रों ने फैसले के विरोध में अपनी परीक्षा छोड़ दी। वहीं, काबुल में एक पुरुष छात्र का कहना है कि मेरी बहन कंप्यूटर विज्ञान की छात्रा है। मैंने इस आदेश के बारे में उसे सूचिति नहीं किया था क्योंकि, मुझे पता था कि इस आदेश से उसे गहरा धक्का लगेगा।

**पांच महिलाओं को किया गया गिरफ्तार**

वहीं, काबुल में विरोध प्रदर्शन में भाग ले रहीं पांच छात्राओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। खबर है कि इस मामले में तीन पत्रकारों को भी हिरासत में लिया गया है। बता दें, सत्ता में उनकी



वापसी के बाद तालिबान ने महिला अधिकारों की वकालत की थी।

# यूक्रेन में रूस चला रहा बुलडोजर

### मारियुपोल थिएटर में पहले बम दागकर ली 600 जान, अब अपराध छुपाने के लिए उसे तोड़ रहा

कीव, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। रूस का प्रशासन यूक्रेन में किए अपने वॉर क्राइम यानी युद्ध अपराधों को छुपाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल कर रहा है। यूक्रेन ने आरोप लगाया है कि मार्च में मारियुपोल थिएटर पर हवाई हमला कर रूस ने 600 लोगों की जान ली थी। अब उसकी जांच से बचने के लिए उसे बुलडोजर से पूरी तरह ध्वस्त किया जा रहा है, ताकि उसका कोई सबूत न बच सके। कई रूसी और युक्रेनी वेबसाइट ने मरियुपोल थिएटर तोड़े जाने के वीडियो रिलीज किए हैं। इसमें भारी भरकम मशीनों के साथ वहां का रूसी प्रशासन थिएटर को तोड़ता हुआ देखा जा सकता है। यूक्रेन के कल्चर मिनिस्टर अलेक्जेंडर कचेंको ने फेसबुक पर इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बुलडोजर चलते हुए फोटो शेयर की और लिखा मारियुपोल थिएटर अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। यूक्रेन के मेयर एंड्रयूस्केंको ने रूस पर आरोप लगाया है कि वो कई सौ लोगों की लाशों पर अब नया थिएटर बनाने की तैयारी कर रहा है। मारियुपोल थिएटर के सिर्फ मेन गेट को पहले के जैसा रखा जाएगा। बाकी का नया ढांचा रूस अपने मुताबिक खड़ा करेगा। पिछले महीने ही रूस ने मलबे के चारों और एक दीवार खड़ी कर दी थी। जिस पर रूस के कलाकारों की तस्वीरें लगाई गई थीं।

**सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद बनाया गया था मारियुपोल ड्रामा थिएटर**

यूक्रेन के डोंटेस्क इलाके में जिस मारियुपोल ड्रामा थिएटर को रूस तोड़ रहा है उसे सोवियत यूनियन के समय ही बनाया गया था। यूक्रेनियन इस्टिट्यूट के मुताबिक यह साल 1956 से 1960 के बीच बना था। मारियुपोल के बड़े ऑडिटोरियम में 800 लोगों के बैठने की जगह थी। इसे सोवियत यूनियन के समय बनी बड़ी इमारतों में गिना जाता था। इसी महीने न्यूज ने सैटेलाइट के जरिए पता किया था कि रूस के हमले के बाद मारियुपोल में 10,300 से ज्यादा कब्र खोदी जा चुकी हैं। एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें बताया गया था कि रूस मारियुपोल की तबाह हो चुकी इमारतों से मरे हुए यूक्रेनी लोगों के शव निकालकर उन्हें दफना रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जब रूस की सेना मारियुपोल में घुसी तो लोगों ने हवाई हमलों से बचने के लिए थिएटर में शरण ली थी, इनमें कई बच्चे भी शामिल थे। रूस की सेना उस पर हमला न करे इसके लिए दोनों तरफ रूसी भाषा में 'बच्चे' लिख दिया गया। फिर भी रूस ने थिएटर पर 16 मार्च 2022 को करीब 10 बजे 500 किलो के दो बम दाग दिए। इस दौरान थिएटर में 1200 के करीब लोग थे।

# अंडमान के पास टूटी बोट में फंसे 150 रोहिंग्या

### 20 ने भूख-प्यास से तड़पकर दम तोड़ा, कई देशों से रेस्क्यू करने की मांग की




पोर्ट ब्लेयर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के अंडमान आईलैंड के पास एक टूटी हुई बोट में लगभग 150 रोहिंग्या फंसे हुए हैं। यूनाइटेड नेशंस के मुताबिक, इनमें से करीब 20 लोग भूख-प्यास और पानी में डूबने की वजह से दम भी तोड़ चुके हैं। ये बोट बांग्लादेश से करीब हजार मील दूर इंडोनेशिया या मलेशिया जाने के लिए निकली थी, लेकिन 4 दिसंबर को बोट का इंजन फेल हो गया जिसके बाद से बोट समुद्र में फंसी हुई है। यूनाइटेड नेशंस हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजी ने भारत, इंडोनेशिया, थाईलैंड और मलेशिया से रेस्क्यू मिशन भेजकर इन लोगों को बचाने की मांग की है, लेकिन अभी तक फंसे हुए लोगों को कोई मदद नहीं मिली है।

**पिछले हफ्ते श्रीलंका की नेवी ने रोहिंग्याओं की मदद की थी**

एशिया पेसिफिक रिफ्यूजी राइट्स नेटवर्क के रोहिंग्या वर्किंग ग्रुप ने कहा- 150 लोगों का यह समूह दो हफ्तों से बिना खाने-पीने के समुद्र में भटक रहा है। इस ग्रुप के अध्यक्ष लिलिएन फैन ने कहा- हम उम्मीद कर रहे हैं कि भारतीय नेवी या कोस्ट गार्ड जल्दी ही उन्हें रेस्क्यू कर लेगें। पिछले हफ्ते ही श्रीलंका की नेवी ने एक नाव का रेस्क्यू किया था जिसमें सैकड़ों रोहिंग्या सवार थे।

**शरणार्थी बांग्लादेश के रिफ्यूजी कैंप छोड़ रहे हैं**

लाखों की संख्या में रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश के कॉक्स बाजार शहर में बने रिफ्यूजी कैंपों में रहते हैं, लेकिन वहां उन्हें उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए नौकरी करने की अनुमति नहीं है। इनके आने-जाने पर भी सख्त नियंत्रण होता है। इसलिए कई रोहिंग्या समुद्र के रास्ते अवैध तरीके से दक्षिण पूर्व एशिया में जाने की कोशिश करते हैं। पिछले महीनों में ऐसे रोहिंग्याओं की संख्या बढ़ी है।

**कोई भी देश रोहिंग्याओं को नहीं रखना चाहता**

शरणार्थियों के लिए काम करने वाले आजादी प्रोजेक्ट की फाउंडर प्रियाली सूर कहती हैं- सच्चाई यह है कि कोई भी देश इन्हें अपने यहां नहीं रखना चाहता। ऐसा हम पहले भी होता देख चुके हैं। वहीं रोहिंग्याओं का सहयोग करने वाले अरकान प्रोजेक्ट के डायरेक्टर क्रिस लीवा कहते हैं- यह बेहद भयानक और बुरा है। भूख-प्यास की वजह से लोग जान गंवा रहे हैं।

**भागकर बांग्लादेश आ गए थे 7 लाख रोहिंग्या**

म्यांमार में 2018 में रोहिंग्याओं पर बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई हुई थी। उनकी सामूहिक रूप से हत्या की गई थी और रेप हुए थे। इसके बाद 7 लाख से ज्यादा रोहिंग्या जान बचाकर पड़ोसी देश बांग्लादेश में चले गए थे। जहां उन्हें गंदे रिफ्यूजी कैंपों में रहना पड़ता है। अभी भी हर साल कई मुस्लिम अल्पसंख्यक रोहिंग्या अपनी जान खतरे में डालकर म्यांमार छोड़ने की कोशिश करते हैं। ये लोग जर्जर नावों में बैठकर समुद्र के रास्ते दूसरे देशों में जाने की कोशिश करते हैं।

# चीन में कोरोना से संक्रमित हो रहे करोड़ों लोग

### लेकिन चीनी सरकार मानने को नहीं राजी, सरकारी आंकड़े और वास्तविक संख्या में बहुत बड़ा अंतर



बीजिंग, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। कोरोना की वजह से चीन में हाहाकार मचा हुआ है। हर तरफ तबाही ही तबाही है। कोरोना वायरस से संक्रमितों और मृतकों का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले 3 वर्षों में कोरोना की वजह इस बार चीन के हालात बहुत ही बुरे हैं। अस्पतालों में बेड और दवाओं की भारी किल्लत है। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद हालात काबू में नहीं आ पा रहे हैं।

**असल आंकड़ों से बहुत कम आंकड़े दे रही सरकार**

कुछ मीडिया में रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चीन में कोरोना से 54 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं और लाखन लोगों की इससे मौत भी हो चुकी है लेकिन वहां की सरकार यह सब छुपा रही है। चीन की सरकार ने 22 दिसंबर को जो आंकड़ा पेश किया उससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने शुक्रवार को कहा कि चीन में 22 दिसंबर को कोई मौत नहीं हुई है और संक्रमितों की संख्या केवल 3,761 है। लेकिन इस समय में चीन में जो हालात हैं उस हिसाब से यह अनाकड़े और सरकार के दावे कहीं नहीं टिकते।

**20 दिसंबर को संक्रमित हुए 3 करोड़ लोग, सरकार के अनुसार संक्रमितों की संख्या मात्र 3 हजार**

वहीं 20 दिसंबर को कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मंगलवार को देश में 3.7 करोड़ से भी ज्यादा लोग संक्रमित हुए लेकिन सरकारी आंकड़े के अनुसार 20 दिसम्बर को केवल 3 हजार लोग ही संक्रमित हुए। इसके साथ ही एक भी मौत नहीं हुई है। सरकारी आंकड़ों में चीन में बीते पांच दिनों में कोरोना वायरस से किसी की मौत नहीं हुई है। सरकारी आंकड़ों में 2019 से अभी तक मरने वालों की संख्या महज 5,241 है।

# जिंदगी का हर किस्सा सिनेमा की तरह याद है

## अपनी जड़ों से मुझे सादगी मिलती है, इसीलिए कभी असफलता का ख्याल नहीं आता

एक्सक्लूसिव डेस्क, 24 दिसंबर। पंकज त्रिपाठी, ये नाम किसी पहचान का मोहताज नहीं है। 60 से ज्यादा फिल्में और कई टीवी शोज़ के जरिये वे हर घर में अपनी पैठ बना चुके हैं। चाहे 'मिर्जापुर' के 'कालीन भइया' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के 'सुल्तान खान' जैसे नेगेटिव रोल हों या 'बरेली की बर्फी' का सौम्य-सरल पिता उनका हर किरदार लोगों को पसंद आता है। सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, वास्तविक जीवन में उनका किरदार ऐसा है जो हर किसी के मन में बस जाता है। अपनी सादगी की वजह से उन्होंने एक अलग पहचान बनाई है। आज वो बात कर रहे हैं अपने जीवन में इसी सादगी की। वो बता रहे हैं कि कैसे जड़ों से जुड़ाव आपको हमेशा सही रास्ते पर रखता है। पंकज ने बताया लोग अक्सर मुझसे पूछते हैं कि ऐसा क्या है जो आपको अपनी जड़ों से जोड़े रखता है मेरे लिए सवाल बड़ा अजीब है। क्योंकि जड़ों से जुड़ने की कोशिश उसे करनी होती है जो जड़ों से दूर हुआ हो। मैं तो कभी अपनी जड़ों से दूर हुआ ही नहीं।

मेरी परवरिश ही वो मूल तत्व है जिससे मैं बना हूं। मेरी नींव मेरा बचपन है जो अब दिखता नहीं है। अभी इमारत दिख रही है पंकज त्रिपाठी अभिनेता दिख रहा है। लेकिन ये पंकज त्रिपाठी उस परवरिश का ही नतीजा है।

हर व्यक्ति अपने सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक माहौल में पल-बढ़कर किसी मुकाम तक पहुंचता है। जैसा खाद-पानी, हवा और मौसम मिलेगा, वैसे ही फल-फूल लगेंगे।

हर पौधे की एक तासीर होती है, एक मूल तत्व होता है। मेरी परवरिश की यही तासीर थी सादगी। जो अब छूट नहीं सकती। मैं सफल होता या नहीं होताऐसा ही रहता। आपके रहन-सहन, खान-पान में आपकी परवरिश ही झलकती है।

मैं आज भी ज्यादातर कपड़े हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट और खादी के पहनता हूं। मुझे अच्छा लगता है, किसी बुनकर के हाथों से निकला कपड़ा। इसीलिए यही मंगाता हूं कभी कर्नाटक से, कभी कच्छ से। हर किसी की अपनी बनावट होती है, अपना मूल तत्व होता है मेरी ही तरह।


पत्नी के साथ ये तस्वीर पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर शेयर की थी।

मैं जो भी हूं, उसमें मेरे अनुभवों का योगदान है। कई किताबों, शिक्षकों, अखबार के संपादकीय पन्नों, उपन्यास, कविताओं और कहानियों का योगदान है। मेरा मानना है कि जड़ों से जुड़ाव खत्म हो जाएगा तो आदमी टूट जाएगा। बिल्कुल वैसे ही जैसे पौधा जड़ से कट जाता है तो सूख जाता है। मैं जड़ से उखड़ा नहीं हूं, आज भी जुड़ा हूं। मैं अपने घर जाता रहता हूं, रोज के किस्से-खबर मुझ तक पहुंचते रहते हैं।

अपना हर अनुभवजीवन का हर किस्सा मुझे याद रहता है, किसी सिनेमा की तरह। बहुत सारे किस्से हैंमैं तो वैसे भी किस्सागो हूं। यही किस्से मुझे आज भी प्रेरणा देते हैं, मैं आज भी इनसे सीखता हूं। मैं जीवन की कोई भी बात भूला नहीं हूं। हाल ही में मैं शूटिंग कर रहा था तो मुझे जोगी भाई मिले, वो कास्टिंग डायरेक्टर हैं। मैंने उनसे पूछा कि जोगी भाई याद है जब मैं 2004 में मुंबई आया था तो आपने ही पहला मौका दिया था?

इसी जुड़ाव की वजह से मुझे हमेशा से बहुत स्पष्ट रहा है कि मैं क्या करना चाहता हूं। मेरे मन में ये कभी नहीं आया कि एक्टिंग के अलावा कोई और काम करूं। मुझे पूरी उम्मीद थी कि एक दिन मैं इसी काम से अपनी जीविका चलाऊंगा। संघर्ष के दौर में पत्नी कमा रही थी। बेसिक जरूरतें पूरी हो जाती थीं।

लेकिन कभी भी ये सोचा ही नहीं कि सफल नहीं हुए तो क्या होगा। दरअसल, सफलता-असफलता की बात कभी दिमाग में आई ही नहीं। मुझे लगता है कि ये सिर्फ नजरिये का फर्क है। आज हम सभी पैसा कमाने की दौड़ में लगे हैं। इसी पर सफलता-असफलता आंकते हैं। मगर कोई सफल आदमी भी दुखी हो सकता हैऔर कोई असफल व्यक्ति भी बहुत खुश रह सकता है।

मैं जीवन को कभी इतना प्लान करके नहीं चलता सिर्फ आनंद लेता हूं। मैं जानता हूं कि मुझे क्या करना है। इसलिए कभी दिमाग में ये विचार ही नहीं आया कि अब क्या होगामैं अब क्या करूं। एक्टिंग मेरा पैशन हैमगर मैं जानता हूं कि सिर्फ पैशन काफी नहीं होता। स्किल भी जरूरी है। पैशन मुझमें था, मैं अपना स्किल बढ़ाने पर काम करता रहा। कभी तनाव होता भी था तो रनिंग करता या फिर योग करता।

सही कहूं तो तनाव लेने के लिए मेरे पास समय ही नहीं होता। मुझे दुनिया की तमाम चीजों में रुचि है। इसीलिए मैं कभी बोर नहीं होता। जीवन रोज रिपीट होता है। डेली नहाना है, खाना है, सोना है, काम पर जाना है। तो जीवन ही बोलता है कि कभी एक चीज से बोर नहीं होना है, उसमें नया तलाशना है।

मुझे कभी भी नेगेटिव विचार नहीं आते कि मैं क्या करूंगा। जब आजकल लोग ये सवाल करते हैं कि मैं हौसला हारा तो क्या करूंगाये सुनकर लगता है कि ओह, ये भी जीवन का हिस्सा है क्या? मैं समझ नहीं पाता कि क्या उत्तर दूं।

मैं तो यही कह सकता हूं कि अपना नजरिया बदलिए। आप सफल हैं या असफलये पैमाना आप ही तय करते हैं। हमेशा याद रखिए कि आपने कहां से शुरू किया थाऔर क्यों शुरू किया था। अगर आप अपनी इन जड़ों से जुड़े रहे तो कभी यह सवाल जेहन में आएगा ही नहीं किअब मेरा क्या होगा।

# कार में धोखे का कॉल सेंटर

## लोन का दिया झांसा, फिर क्राइम ब्रांच का अफसर बनकर ठगे 45 लाख, दिल्ली से 3 गिरफ्तार



राजनांदगांव, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नवगठित जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पुलिस ने दिल्ली से तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी दिल्ली की सड़कों पर ही कार में धोखाधड़ी का कॉल सेंटर चला रहे थे। उन्होंने जिले के एक युवक को पहले बैंक कर्मचारी बनकर लोन का झांसा देकर ठगी की। फिर उन्हीं रुपयों की वसूली के नाम पर खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर करीब 45 लाख रुपये वसूल लिए थे।

जानकारी के मुताबिक, खैरागढ़ के इतवारी बाजार निवासी मोहम्मद जियाउल हक के मोबाइल पर 14 जनवरी 2021 को कॉल आई। कॉल करने वाले ने उन्हें इंडिया बुल्स का कर्मचारी बताया और एक करोड़ का लोन दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद प्रोसेसिंग में उनसे रुपये ले लिए। काफी समय बीतने के बाद भी न तो उनको लोन मिला और न उनके रुपये ही मिले। इस बीच उनके पास एक और कॉल आया।

इस बार कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अफसर बताया और धोखाधड़ी करने वाले इस गैंग से रुपये दिलाने की बात कही। इसके बाद झांसा देकर अलग-अलग खातों में रुपये ट्रांसफर करा लिए। इस तरह से जियाउल हक दोनों बार में करीब 44 लाख 56 हजार रुपये की ठगी के शिकार हो गए। काफी परेशान होकर उन्होंने इस बार खैरागढ़ थाने में शातिर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया।

पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर ठगों को ट्रेस किया और दिल्ली तक जा पहुंची। वहां दिल्ली पुलिस के सहयोग से यूपी के प्रतापगढ़ निवासी शिव बहादुर पाल, अफरोज अहमद और दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को लेकर पुलिस राजनांदगांव पहुंची। पुलिस ने आरोपियों से 12 मोबाइल, बलेनो कार, पांच प्रॉपर्टी के कागजात, सोने की चेन जब्त की है। इसके अलावा उनके बैंक खातों को भी फ्रीज करा दिया है।

# सुराना परिवार के साथ 140 करोड़ की धोखाधड़ी

## शेयर्स के जरिए कोठारी बंधुओं ने किया घोटाला, कोर्ट ने मामला दर्ज करने का दिया आदेश

भिलाई, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। दुर्ग के सुराना परिवार के साथ सीए व आयकर अधिवक्ता ने मिलकर 140 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। सुराना परिवार ने पुलिस में मामले की शिकायत की। जब पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की तो उन्होंने कोर्ट में मामला दर्ज किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग पायल टोपनो ने दुर्ग कोतवाली पुलिस को कोठारी बंधुओं के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया है।

शिकायतकर्ता रजत सुराना ने बताया कि दुर्ग के कोठारी बंधुओं ने उनके व उनकी मां और चाचा के साथ 140 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। उन्होंने बताया कि वो महावीर आवास योजना प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर है। दुर्ग निवासी और पेशे से आयकर अधिवक्ता सुरेश कोठारी, सीए श्रीपाल कोठारी ने अपने परिवार के कुसुम कोठारी, सिद्धार्थ कोठारी और ममता कोठारी के साथ मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने बताया कि सुरेश कोठारी उनके पिता के बचपन के



मित्र थे। साल 2018 तक वो उनकी कंपनी महावीर आवास योजना और रजत विल्डकॉन के डायरेक्टर थे। कंपनी का पूरा काम सुरेश कोठारी और सीए श्रीपाल कोठारी मिलकर देखते थे। इन लोगों ने कंपनी के दस्तावेजों से कूटरचना करके फर्जी दस्तावेज तैयार किया और कम्पनी के शेयर को अपने सहयोगी अन्य व्यक्तियों के साथ मिल कर अपने नाम पर चढ़ा लिया है। रजत सुराना ने बताया कि उन्होंने अपने अधिवक्ता अभिषेक वैष्णव के माध्यम से न्यायालय में 156 (3) की याचिका प्रस्तुत की थी। इस पर सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस को आरोपी सुरेश कोठारी, सिद्धार्थ कोठारी, कुसुम कोठारी, ममता कोठारी और सीए श्रीपाल कोठारी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 406, 120 बी, 34 के तहत अपराध दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने 28 जनवरी 2023 तक मामले की रिपोर्ट देने पुलिस को निर्देशित किया है। रजत सुराना ने बताया कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता अंतर्गत बरतला थाने में भी सुरेश कोठारी, सिद्धार्थ कोठारी और सीए श्रीपाल कोठारी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 406, 120 बी, के तहत अपराध दर्ज है। इन लोगों ने उनके चाचा प्रकाश जायसवाल के 54 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर की धोखाधड़ी से अपने नाम चढ़ा लिया था। इस मामले में तीनों आरोपी आज तक कोलकाता पुलिस की नजर में फरार हैं। रजत बिल्डकॉन इंडिया प्रा0लि0 दुर्ग जमीन के कारोबार से जुड़ी कंपनी है। इस कम्पनी के 97125 शेयर महावीर आवास योजना प्रा0लि0 दुर्ग ने साल 2010-11 में खरीदे थे। इन शेयर्स में से 62125 शेयर सुरेश कोठारी, सीए श्रीपाल कोठारी एवं अन्य व्यक्तियो ने एक राय होकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर सुरेश कोठारी के नाम पर कर लिया। साथ ही साथ रजत बिल्डकान इंडिया प्रा0 लिमि0 दुर्ग के वार्षिक विवरण एवं तुलन पत्र में सुरेश कोठारी के नाम पर भी इस दर्ज कर दिया।

# एक डॉक्टर की वजह से गई 78 जान

### जहरीली शराब बनाने में होम्योपैथिक दवा का हुआ था इस्तेमाल, डॉक्टर समेत 5 गिरफ्तार

छपरा, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के सारण में जहरीली शराब से 78 लोगों की जान गई। शुरुआती जांच में स्प्रिट से मौत का कारण बताया गया। एसआईटी ने 9 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को इस कांड में बड़ा खुलासा किया गया।

प्रेसवार्ता में सारण एसपी संतोष कुमार ने बताया कि जहरीली शराब बनाने में होम्योपैथिक दवा का उपयोग किया गया। एक प्रैक्टिशनर डॉक्टर ने दवा सप्लाई की है। पुलिस ने डॉक्टर समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार अब तक इस कांड में 38 ही लोगों की मौत हुई है। जिनका विसरा जांच के लिए भेजा गया है। सारण में जहरीली शराब कांड मामले में मास्टरमाइंड डॉक्टर की संलिप्तता सामने आई है, जोकि होम्योपैथिक दवाओं से शराब बनाता था और उसे सहयोगी और वेंडरों के माध्यम से जिले के कोने-कोने तक पहुंचाता था।

# ईडी के हाथ लगा एक और कारोबारी

## 2 महीने से छिप रहे कारोबारी ने किया सरेंडर, अफसर उगलवा रहे अवैध व्यापार के राज

रायपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में जारी ईड़ी की कार्रवाई में एक नया मोड़ आया है। अब इस पूरे मामले में शामिल एक और कारोबारी ने ईडी के सामने सरेंडर किया। करीब 2 महीने से यह कारोबारी ईडी से बचता फिर रहा था। मगर आखिरकार यह ईडी के हाथ लग गया है।

कारोबारी तक पहुंचने के लिए ईडी ने भी अपनी कार्रवाई का अनोखा जाल बुना । रायपुर स्थित एक कॉलोनी में ईडी की टीम ने छापेमारी करते हुए कारोबारी के घर में दबिश दी। घर वालों को भी पूछताछ में शामिल करने लगे, इसकी खबर मिलते ही हड़बड़ा कर शनिवार की सुबह कारोबारी ने ईडी के दफ्तर जाकर सरेंडर कर दिया । इस कारोबारी का नाम निखिल चंद्राकर बताया जा रहा है। पहले ही इस मामले में जेल में बंद कारोबारी सूर्यकांत तिवारी का यह खास है। फिलहाल इससे पूछताछ जारी है जल्द ही इसे अदालत में पेश भी किया जा सकता है।

इससे पहले मनी लॉनड्रिंग केस



में फंसी राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने बीते सोमवार को उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विशेष अदालत में पेश किया। वहां एजेंसी के आवेदन पर उन्हें दो जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में ही रखे जाने का आदेश हुआ है। इस बीच सरकार ने सौम्या चौरसिया को निलंबित कर दिया था।

ईडी की ओर से एक आवेदन देकर कहा गया कि चौरसिया के बाहर निकलने से सबूतों से छेड़छाड़ का खतरा होगा। दलीलों को सुनने के बाद विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत की अवधि 2 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी। सौम्या को ईडी ने दो दिसम्बर को गिरफ्तार किया था। पहले उनको 6 दिसम्बर तक ईडी की हिरासत में भेजा गया था। उसके बाद 10 दिसम्बर तक फिर 14 दिसम्बर तक के लिए ईडी को कस्टडी मिली। इस तरह ईडी ने सौम्या से हिरासत में 14 दिनों तक पूछताछ की है।

14 दिसम्बर को उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। तबसे वे जेल में ही बंद हैं।इस मामले में दूसरे आरोपी निलंबित आईएएस समीर विश्नोई, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल को 13 जनवरी को अदालत में पेश किया जाना है।

# दोस्त ने किया सिक्योरिटी गार्ड का मर्डर

कानपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। ईंट से कूचकर हुई सिक्योरिटी गार्ड की हत्या अपार्टमेंट में काम करने वाले उसके दोस्त ने ही की थी। शनिवार को पुलिस ने मर्डर केस का खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच शराब पीने के दौरान बड़ा पैग बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोस्त ने ईंट से कूचकर गार्ड को मार डाला। मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि गोविंद नगर टी-ब्लॉक में श्याम कृपा अपार्टमेंट है। 22 दिसंबर को सिक्योरिटी गार्ड नौबस्ता संजय गांधी नगर के रहने वाले चंद्र प्रकाश (55) की हत्या कर दी गई थी। सुबह अपार्टमेंट में काम करने वाले लोग पहुंचे तो खून से लथपथ शव मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर कूचकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी।

# रॉड से पीट-पीटकर महिला टीचर की हत्या

## शिक्षक पति ने शराब के नशे में पहले झगड़ा किया, फिर मार डाला और बोला-मुझे कोई अफसोस नहीं

गरियाबंद, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। गरियाबंद जिले के मजरकट्टा में एक शिक्षक ने अपनी पत्नी की रॉड मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। दोनों पति-पत्नी सरकारी स्कूल में टीचर थे। हत्या के बाद आरोपी पति ने कोतवाली थाने पहुंचकर सरेंडर भी कर दिया। उसने बताया कि उसे अपने किए का कोई पछतावा नहीं है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गरियाबंद थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम मजरकट्टा निवासी डोमनकांत ध्रुव इंडागांव में शिक्षक था। वो मूल रूप से छुरा के पीपरछेड़ी का रहने वाला था। वहीं उसकी पत्नी मीना ध्रुव गंजईपुरी स्कूल में टीचर थी। उसका मायका धमतरी के मोहंदी में था। दोनों पति-पत्नी ने मजरकट्टा में अपना मकान बनाया था और वहां से अपने-अपने स्कूल आना-जाना करते थे। अभी जाड़े की छुट्टी होने पर दोनों बच्चे



नाना-नानी के घर गए हुए हैं। दोनों को एक 10 साल का बेटा और 3 साल की बेटी है। वहीं दोनों पति-पत्नी की भी छुट्टियां लग गई हैं, तो वे भी शुक्रवार को स्कूल नहीं गए थे। पति डोमनकांत को शराब पीने की लत थी। शुक्रवार भी वो शराब पीकर घर आया और पत्नी मीना के साथ विवाद करने लगा। पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ा कि डोमनकांत ने मीना पर रॉड से हमला कर दिया। इससे पत्नी मीना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पूरे घर में खून बिखर गया। लहूलुहान लाश को कमरे में ही छोड़कर आरोपी कोतवाली थाने पहुंचा और पत्नी की हत्या की बात कबूल की।

जानकारी मिलते ही पुलिस देर रात मौके पर पहुंची और घर को सीलबंद कर दिया। आज शनिवार को फिर से पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के परिजनों को बुलाकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मायकेवालों का आरोप है कि पति डोमनकांत नशे का आदी था और उनकी बेटी को प्रताड़ित करता था। बहरहाल पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

9 दिन पहले रायपुर के अंबेडकर चौक स्थित घर से एक महिला की लाश संदिग्ध हालत में मिली थी। महिला के घर वालों का कहना था कि उसके पति ने ही उसकी हत्या की है। दोनों के बीच शादी के बाद से घरेलू बातों को लेकर विवाद भी हुआ करता था। महिला के घर वालों ने गुढ़ियारी थाने में पति के खिलाफ शिकायत की है। जिस महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई, उसका नाम कीर्ति जंघेल था। इसके पति का नाम रविंद्र है।

# पर्यावरण मंत्रालय ने झारखंड सरकार को लिखी चिट्ठी

## कहा- जैन समुदाय की आपत्ति पर विचार करें

रांची, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। जैन समाज के पवित्र तीर्थ स्थल सम्सेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाए जाने के फैसले पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन जारी है। जैन समुदाय के लोग झारखंड सरकार के खिलाफ नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। इस बीच केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने हेमंत सोरेन सरकार को पत्र लिखा है। पत्र में सरकार से जैन समुदाय की आपत्ति पर विचार करने को कहा गया है।

पर्यावरण मंत्रालय ने कहा है कि उन्हें जैन समुदाय की ओर से कई अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि पारसनाथ अभ्यारण्य के इर्द-गिर्द ईको-सेंसिटिव जोन की अधिसूचना में संशोधन कर ईको-टूरिज्म गतिविधियों को इससे बाहर रखा जाए। झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को वन महानिदेशक सीपी गोयल की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि जैन समुदाय के अभ्यावेदन में उल्लेख किया गया है कि पारसनाथ अभयारण्य जैन आध्यात्मिकता का गर्भगृह है। ऐसे में ईकोटूरिज्म गतिविधियों से संबंधित गतिविधियों के फैसले ने



उनकी भावनाओं को आहत किया है।

बता दें, झारखंड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ियों पर स्थित सम्मेद शिखरजी जैन समुदाय का सबसे बड़ा तीर्थ है। समुदाय के सदस्य पारसनाथ हिल्स में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के राज्य सरकार के कदम का विरोध कर रहे हैं। जैन समुदाय के लोगों का कहना है कि सम्सेद शिखरजी को पर्यटन क्षेत्र बनाए जाने से वहां मांस व शराब का भी सेवन किया जाएगा। जबकि, जैन समाज में ऐसे कार्य वर्जित हैं।

# सीएम सोरेन के मीडिया सलाहकार ने ईडी ऑफिस की कराई थी जासूसी

रांची, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड हाईकोर्ट को बताया है कि मनी लॉनड्रिंग से संबंधित केस में उसकी जांच को बाधित करने के लिए मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू और महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से उसके अंचल कार्यालय की जासूसी कराई गई। इसमें दोनों के बीच ईडी के अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखने पर बात हुई है।

ईडी ने अदालत को बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता पंकज मिश्रा की 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में गिरफ्तारी के बाद यह योजना बनाई गई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि अभिषेक प्रसाद की कॉल को 'कानूनी तौर पर इंटरसेप्शन' के तहत रखा गया था। इसने हाईकोर्ट के साथ इंटरसेप्टेड कॉल्स के ट्रांसक्रिप्ट भी साझा किए। उनकी कॉल को इंटरसेप्ट किया गया था जो उनके नंबर 94**41 के माध्यम से दूसरे नंबर 94**32 (राजीव रंजन, एडवोकेट जनरल) पर किया गया था। अभिषेक प्रसाद आरोपी पंकज मिश्रा के लिए एक सरकारी वकील की व्यवस्था करने का प्रयास कर रहे थे।

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## सीएम सोरेन का आरोप- रेलवे कर रहा है अवैध खनन

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। पांच दिनों तक चले सत्र के दौरान आठ विधेयक पारित किए गए और और 8,533.79 करोड़ रुपये के पूरक बजट को मंजूरी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि सत्र के दौरान सदस्यों से कुल 326 प्रश्न मिले और इनमें से 230 को मंजूरी दी गई। जबकि 192 प्रश्नों के उत्तर दिए गए। वहीं, इससे पहले, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को सदन में कहा कि रेलवे भी अवैध खनन कर रहा है। उन्होंने घोषणा कि एक विशेष जांच दल (एसआईटी) राज्य से रेलवे द्वारा अवैध रूप से खनन किए गए खनिजों के कथित परिवहन की जांच करेगा।

विधानसभा में बोलते हुए सोरेन



ने कहा कि रेलवे द्वारा राज्य से कितने खनिज का परिवहन किया गया और अवैध परिवहन की सीमा की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, पत्थर, रेत और कोयले के अवैध परिवहन के लिए ट्रकों और ट्रैक्टरों को दोषी ठहराया जाता है। लेकिन, यह ट्रेनों के माध्यम से भी बड़े पैमाने पर होता है। राज्य सरकार का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। 14 दिसंबर को सोरेन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अवैध रूप से खनन खनिजों के परिवहन में रेलवे अधिकारियों की कथित संलिप्तता की ओर उनका ध्यान आकर्षित करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने उन्हें इसकी उच्चस्तरीय जांच के आदेश देने के राज्य सरकार के फैसले के बारे में भी बताया।

भाजपा पर सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सोरेन ने कहा, भाजपा सरकार के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के सामने घुटने टेक देते हैं ताकि वह अपनी राजनीति कर सकें। सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध खनन मामले की जांच के सिलसिले में 17 नवंबर को साढ़े नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।



# फोटो के लिए 3 नेता बने 1 बच्चे के पिता

## किस मंत्री को अपने साथ प्लेन में ले गए राहुल



जयपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। सियासत में मन की बात कोई नहीं बताता, जो यह दावा करें तो समझो गड़बड़ है। इसके पीछे वजह भी है, क्योंकि असलियत बताने से सियासी रिश्ते बिगड़ने का डर रहता है और सामने वाला आपका हाईकमान हो तो वह भारी नुकसान भी कर सकता है।

इस वजह से नेता हाईकमान को मन की बात की जगह कर्णप्रिय बात कहने में ही भलाई समझते हैं। पिछले दिनों सत्ताधारी पार्टी के पावरफुल नेताजी ने यात्रा के दौरान नेताओं का मन टटोला। सबसे पावरफुल नेता ने प्रदेश के पावरफुल नेता से यात्रा और अपने बारे में फीडबैक मांगा। पहले तो पावरफुल नेता ने कर्णप्रिय फॉर्मूला अपनाया, लेकिन सबसे पावरफुल नेता मन की बात सुनने पर अड़ ही गए। सबसे पावरफुल नेता को बताया गया कि बहुत ज्यादा जिद्दी और अनिश्चित मूड ये दो कमजोरियां हैं, जिन्हें ठीक किया जाना चाहिए। बात आई गई हो गई, अब देखते हैं दोनों बातों पर कितना गौर होता है?

**मंत्री की लोकसभा चुनाव लड़ने की तमन्ना**

सत्ता से जुड़े नेताओं के अपने अपने समीकरण हैं। हर नेता की अपनी सियासी ताकत और कमजोरियां हैं। अगले चुनावों को लेकर कई चिंता में हैं, लेकिन एक मंत्रीजी का कॉन्फिडेंस देखने लायक है। अपने बयानों की वजह से चर्चा में रहने वाले मंत्रीजी विधानसभा चुनावों की चिंता छोड़ लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। भारत जोड़ो यात्रा में मंत्रीजी ने इसका ऐलान भी कर दिया। मंत्रीजी को यात्रा का चीफ भी बना रखा है। सबसे पावरफुल नेता से बातचीत में भी मंत्रीजी ने इच्छा बता दी कि लोकसभा का टिकट दे देंगे तो केंद्रीय मंत्री को हरा दूंगा। अभी लोकसभा चुनाव में डेढ़ साल बाकी है। कोई मंत्री इतने समय पहले अगर कॉन्फिडेंट होकर लोकसभा का टिकट मांगे तो कोई तो बात होगी। अब रिजल्ट और रियलिटी का तो पता नहीं लेकिन मंत्रीजी के कॉन्फिडेंस की सत्ताधारी पार्टी में सब जगह खूब चर्चा है।

**राहुल एक मंत्री को प्लेन में साथ दिल्ली ले गए और लाए**

सियासत में कौन कब पावरफुल हो जाए और कौन पावरलेस...कोई नहीं कह सकता। डेयरी की राजनीति पर पकड़ रखने वाले एक मंत्री की दिल्ली कमजोर मानी जाती थी। हाईकमान से सीधा संपर्क तो सपने से कम नहीं था, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा ने नए समीकरण बना दिए।

डेयरी की राजनीति वाले मंत्री को यात्रा के मैनेजमेंट का काम मिला और यह एक अवसर बन गया। ठेठ देसी वेशभूषा वाले मंत्री से जब सबसे पावरफुल नेताजी की बात हुई तो डेयरी पॉलिटिक्स के मंत्री मन को भा गए। सबसे पावरफुल नेता को डेयरी पॉलिटिक्स का मंत्र ऐसा पसंद आया कि पहले तो मंत्री के नंबर सेव किए।

यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राजधानी में कल्चरल नाइट के बाद सबसे पावरफुल नेता रात में दिल्ली ले गए। कहानी यही से घूमती है। सबसे पावरफुल नेता जब दिल्ली गए तो चार्टर प्लेन में मंत्री को भी साथ ले लिया, रास्ते में खूब बातें हुई।

### मंत्री पुत्र की शादी में पावर गेदरिंग को किसने रोका?

सत्ताधारी पार्टी के राष्ट्रीय नेता की यात्रा को लेकर नेताओं के अपने अपने गणित हैं। एक महिला मंत्री के लिए पावरफुल नेता की यात्रा असुविधा का कारण जरूर बन गई। जिस समय यात्रा की राजस्थान से शुरुआत हुई, उसी समय मंत्री पुत्र की शादी थी। मंत्री ने मुख्यमंत्री और कैबिनेट के साथियों को न्यौते भेज रखे थे लेकिन कोई नहीं पहुंचा। अब पार्टी के सबसे पावरफुल नेता को नाराज करके साथी मंत्री के बेटे के रिसेप्शन में जाने का रिस्क कौन समझदार नेता उठाएगा? इसी वजह से मंत्री पुत्र की शादी पावर गेदरिंग बनने से रह गई, अगर टाइमिंग सही होती तो मंत्री-विधायकों की लाइन लग जाती।

# राजस्थान टीचर भर्ती का जीके पेपर लीक, एग्जाम कैंसिल

## चलती बस में सॉल्व कर रहे थे 40 छात्र, 7 लड़कियां भीं; 10-10 लाख में डील



अजमेर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में शनिवार को सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा होनी थी। लेकिन एग्जाम शुरू होने से पहले ही परीक्षा का पेपर लीक हो गया। उदयपुर में 40 स्टूडेंट्स बस में पेपर सॉल्व करते पकड़े गए। इसे लेकर अजमेर, उदयपुर, अलवर समेत राज्यभर में छात्रों ने हंगामा और प्रदर्शन किया। इसके बाद आनन-फानन में सुबह नौ बजे एग्जाम शुरू होने से ठीक पहले पेपर कैंसिल कर दिया गया। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने साफ किया कि आज दूसरी पारी में होने वाली परीक्षा होगी। सिर्फ सुबह की पारी में होने वाला GK का पेपर स्थगित किया गया है। इस पेपर को चार लाख छात्र देने वाले थे। अब ये एग्जाम कब होगा। इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

**अब जानते हैं पुलिस को कब और कैसे मिला इनपुट**

उदयपुर एसपी विकास शर्मा ने बताया कि पेपर लीक होने की जानकारी देर रात मिली। इसके बाद हमने टीम को एक्टिव कर दिया था। बेकरिया थाने के बाहर एक बस को देखा। बाद संदिग्ध लगने पर छानबीन की। बस में बैठे लोगों के पास कुछ पेपर थे, जो ओरिजनल पेपर के सवालों से मिलते-जुलते थे।

**10 लाख रुपए में बेचा पेपर, मास्टरमाइंड अरेस्ट**

पुलिस ने पूछताछ के बाद बताया कि यह पेपर 10 लाख में बेचा गया। हमने जो 40 लोग पकड़े, उनमें 7 लड़कियां हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पेपर लीक का मास्टरमाइंड सरकारी टीचर सुरेश विश्नोई है। वह जोधपुर का रहने वाला है। बताया जा रहा है विश्नोई ने पूरा प्लान बनाया था और बस किराए पर ली थी। विश्नोई के साथ पकड़ा गया उसका एक साथी भजनलाल डॉक्टर है।

**1193 परीक्षा केंद्रों पर होना था एग्जाम**

आज ग्रुप सी की परीक्षा थी। इसके तहत सुबह पहली पारी की परीक्षा 1193 परीक्षा केंद्रों पर होनी थी। इसमें करीब 3.74 लाख छात्र रजिस्टर्ड थे। दोपहर 2 से 4.30 बजे तक दूसरी पारी के विज्ञान विषय की परीक्षा 461 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। सालासर चुरू की रहने वाली छगनी ने बताया कि आकर बैठे और दस मिनट बाद ही बताया कि पेपर लीक हो गया है। बड़ी मुश्किल से दो दिन से परेशान होकर पहुंचे और पेपर नहीं हो पाता तो परेशान होते हैं। पहले ही सावधानी रखनी चाहिए। सरकार सावधानी नहीं रखती।

# राजस्थान में फिर गैंगवार, दौसा में बीच सड़क पर भिड़े हिस्ट्रीशीटर

## भाजपा ने गहलोत सरकार को घेरा

दौसा, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के दौसा में गैंगवार का मामला सामने आया है। मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में लंगड़ा बालाजी के पास दो अपराधी गिरोहों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। इस गैंगवार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इनमें एक गैंग हिस्ट्रीशीटर बदमाश निरंजन मीणा का है। निरंजन गुरुवार को अपनी जीप में सवार होकर कहीं जा रहा था, इसी दौरान करीब 8-10 वहां आ गए और उसे घेर लिया। बदमाशों ने पहले निरंजन मीणा की जीप को अपनी गाड़ी से टक्कर मारी। फिर उन्होंने निरंजन की गाड़ी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें



निरंजन मीणा घायल हो गया। हिस्ट्रीशीटर निरंजन मीणा ने स्थानीय पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों को पकड़ने में जुट गई है।

**भाजपा ने सरकार को घेरा**

जोधपुर के बाद अब दौसा में हुए गैंगवार को लेकर भाजपा ने गहलोत सरकार पर जुबानी हमला बोला है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। इसका एक और सबूत सामने आया है। दौसा में, दिनदहाड़े खुलेआम गैंगवार चल रहा है। अभी कुछ दिन पहले हमने राजस्थान के मुख्यमंत्री के गृह जिले जोधपुर में ऐसा ही गैंगवार का वीडियो देखा था।' उन्होंने कहा कि राजस्थान देश भर में महिला अत्याचारों में राजस्थान नंबर 1 राज्य बन गया है। राजस्थान में गहलोत सरकार केवल 'अपराधियों, 'बलात्कारी' और दंगई' (गुंडागर्दी) को प्राथमिकता देती है।

### राजस्थान के तीन जवान शहीद

**बेटी से पहली बार पापा सुनने की ख्वाहिश लिए अलविदा कह गए मनोज**

जयपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को आर्मी का ट्रक खाई में गिर गया था। हादसे में सेना के 16 जवान शहीद हो गए। ट्रक में सवार राजस्थान के तीन जवान भी शहीद हो गए। वहीं चार जवान घायल हो गए। हादसे की सूचना से राजस्थान में शोक की लहर है।

तीनों शहीद जोधपुर, जैसलमेर और झुंझुनू के रहने वाले थे। सिक्किम में आर्मी का एक ट्रक एक मोड़ पर फिसलकर खाई में जा गिरा। हादसे में 16 जवान शहीद हो गए। जिनमें राजस्थान के जैसलमेर के जोगा गांव के रहने वाले सूबेदार गुमान सिंह सोलंकी, जोधपुर के सिपाही सूखाराम और झुंझुनूं के लांस नायक मनोज कुमार की जान चली गई।

# 50 पाकिस्तानी वापस जाने के लिए तैयार नहीं

## बोले-वहां लोग अत्याचार कर रहे, घर से बाहर निकलना भी मुश्किल था

बीकानेर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिन्दूओं पर होने वाले अत्याचार से परेशान पचास से ज्यादा लोग इन दिनों भारत में शरण लेने की कोशिश में है। ये सभी लोग पाकिस्तान से धार्मिक वीजा पर भारत आए हैं लेकिन अब वापस जाने के लिए तैयार नहीं है। बीकानेर में घूमते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा के प्रतिबंधित एरिया में पहुंच गए, जहां पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल है।

दरअसल, शुक्रवार को बज्जू पुलिस को सूचना मिली थी कि पाकिस्तानी नागरिक क्षेत्र में घूम रहे हैं। इस पर पुलिस ने एक ट्रक से इन सभी को हिरासत में लिया। थाने में पूछताछ के दौरान सभी का वीजा दिखाया गया। बाद में इन्हें बज्जू एरिया में अनाधिकृत तौर पर घूमने पर गिरफ्तार किया गया,



पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

पुलिस के अनुसार पाकिस्तान के पचास नागरिक गुरुवार सुबह अटारी बार्डर पर पहुंचे वहां से एक किराए के ट्रक में बैठकर जोधपुर जा रहे थे। ये सभी बज्जू से निकल रहे थे। बज्जू विदेशी नागरिकों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र है। पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने रोक लिया व पूछताछ की इन सभी के पास पाकिस्तान की नागरिकता व पांच साल का धार्मिक वीजा के प्रमाण पत्र मिले। इस ट्रक में पचास लोग सवार थे जिसमे अठारह पुरुष व अठारह महिलाएं तथा चौदह बच्चे शामिल थे।

**पाकिस्तान में पीड़ित हैं**

पाक के रहमियार खां जिले के नागरिक गोरधनराम भील ने पुलिस को बताया हम लोग पाकिस्तान में काफी पीड़ित थे। पाक सरकार की तरफ से कोई सुविधा नहीं मिल रही है। दिहाड़ी मजदूरी के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे थे, वहां के लोग हमारे साथ अत्याचार कर रहे हैं। जिसके चलते हम लोग हिंदुस्तान पहुंचे हमारे रिश्तेदार पहले से जैसलमेर जिले में रह रहे हैं हम लोग उनके पास रहेंगे। भील का कहना है कि हमें भारत पर भरोसा है लेकिन पाकिस्तान पर नहीं।

पाक नागरिक दानाराम ने बताया की हम लोग पाकिस्तान में इतने पीड़ित थे कि रात को घर से बाहर निकलना मुश्किल था। हम किसी तरह से सुरक्षित नहीं थे। उधर, सीओ खाजूवाला अरविन्द कड़वासरा ने बताया कि शुक्रवार सुबह एक ट्रक में सवार पचास पाक नागरिक बज्जू क्षेत्र में पहुंचे इन सभी के पास वीजा पासपोर्ट थे इनसे सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जानकारी ले ली गई , गलत रास्ते से बज्जू प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे इनको एफ आर ओ ऑफिस जोधपुर जाना था।

# आरसीए में वैभव गहलोत की वापसी

## पहली बार निर्विरोध सीपी जोशी गुट के 6 पदाधिकारी संभालेंगे पदभार, बैकफुट पर नांदू गुट

जयपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार आरसीए में निर्विरोध पदाधिकारियों का निर्वाचन होगा। नांदू गुट द्वारा नाम वापसी के बाद सीपी जोशी गुट के सभी 6 प्रत्याशियों ने चुनाव में क्लीनस्वीप कर लिया है। जिसके बाद आज आरसीए की एजीएम में दोपहर 1 बजे वैभव गहलोत लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए कार्यभार संभालेंगे। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए शक्ति सिंह, सचिव पद पर भवानी समोता, कोषाध्यक्ष पद पर रामपाल शर्मा, संयुक्त सचिव पद पर राजेश भड़ाना और कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर फारूक अहमद भी पदभार ग्रहण करेंगे।

आरसीए का लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद वैभव गहलोत ने कहा- 3 साल पहले हमने राजस्थान क्रिकेट के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने की शुरुआत की थी। इसके तहत जयपुर में जहां इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम निर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है। वहीं, जोधपुर में बरकतुल्लाह खा क्रिकेट स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही उदयपुर में यूआईटी से नए क्रिकेट स्टेडियम के लिए जमीन मिल चुकी है। जहां अगले कुछ दिनों में स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। हमारा लक्ष्य राजस्थान के खिलाड़ियों और क्रिकेट को और बेहतर बनाने का रहेगा।



**सीपी जोशी से बातचीत के बाद बदले समीकरण**

राजेंद्र सिंह नांदू गुट के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुकेश शाह ने कहा कि आज हमारी विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी से बातचीत हुई थी। उन्होंने हमारी सभी मांगों को पूरा करने के साथ बिना किसी भेदभाव के क्रिकेट के विकास का वादा किया है। ऐसे में हमने जोशी से बातचीत के बाद अपना नामांकन वापस लेने का फैसला किया है। हम चाहते हैं कि राजस्थान के क्रिकेट की प्रथा बदले और बिना विवाद के हर बार इसी तरह निर्विरोध अध्यक्ष और कार्यकारिणी का चुनाव किया जाए।

**इस बात पर बनी सहमति**

नागौर, श्रीगंगानगर, अलवर, भरतपुर और धौलपुर को डिस क्वालीफाई किया गया था। जिसकी वजह से इन जिलों खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पा रहा था। बातचीत में जोशी ने कहा कि सभी जिला संघों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा।

### जयपुर में चचेरे भाई-बहन ने किया सुसाइड

जयपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर में रात को चचेरे भाई-बहन ने सुसाइड कर लिया। शनिवार सुबह दोनों के शव पेड़ पर फंदे से लटके मिले। देर शाम से लापता दोनों भाई-बहन को परिजन तलाश कर रहे थे। बिंदायका थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए है। कावंटिया हॉस्पिटल में दोनों शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस सुसाइड के पीछे के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। एसएचओ भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह मुंडियारामसर गांव में एक पेड़ से लड़का-लड़की का शव लटका मिला।

### राजस्थान में शीतलहर, कोहरे का अलर्ट

**पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा, 2 डिग्री तक गिरा तापमान; रेगिस्तान में भी ठंड बढ़ी**

जयपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। पहाड़ों से आ रही बफीर्ली हवाओं ने राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो गया है। शेखावाटी के चूरू, सीकर, झुंझुनूं जिलों में तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। पिलानी, बाड़मेर, बीकानेर में तो सीजन का सबसे कम पारा रिकॉर्ड किया गया। मौसम एक्सपर्ट्स का मानना है कि प्रदेश में अब शीतलहर और कोहरा का असर दिखेगा। इधर, हिल स्टेशन माउंट आबू में आज लगातार तीसरे दिन पारा जमाव बिंदु पर रहा। उत्तरी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। इससे कई जगहों पर दोपहर तक सूरज देखने को नहीं मिला। उत्तर भारत में इस सर्दी के सीजन में कोई बड़ा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आया, लेकिन इस बीच नॉर्दन विंड के चलने सर्दी तेज हो गई। सर्द हवाओं से गलन-ठिठुरन बढ़ी है। इससे प्रदेश के अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है।

सर्द हवाओं का असर सरहदी जिलों में सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। बीकानेर में आज न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बीकानेर में इस सीजन का यह सबसे कम तापमान है। 22 दिसंबर को यहां का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया था।

### लड़की ने परेशान किया...इसलिए नीट स्टूडेंट ने सुसाइड किया

कोटा, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। 'मै मेंटली बहुत डिस्टर्ब था। इस लड़की ने बहुत परेशान किया। मैं सहन करने की क्षमता नहीं रखता। उसके बाद भी इस लड़की ने मेरी फीलिंग के साथ खिलवाड़ किया। मुझे इतना डिस्टर्ब कर दिया कि नीट का मेंटल प्रेशर और इसका प्रेशर सब हद से ज्यादा हो गया। अब सहन नहीं होता। ये बातें कोटा में नीट की तैयारी कर रहे अनिकेत कुमार (17) ने अपने सुसाइड नोट में लिखीं। अनिकेत ने शुक्रवार को पीजी के कमरे में फांसी के फंदे पर लटककर सुसाइड कर लिया था। अब इस मामले में अनिकेत का सुसाइड नोट सामने आया है।

# फरवरी तक टल सकता है राजस्थान पर निर्णय

## कांग्रेस छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय अधिवेशन करेगी, सीडब्ल्यूसी-एआईसीसी की कमेटियां बनेंगी

जयपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान कांग्रेस को लेकर अब तक कयास लगाए जा रहे थे कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद नेतृत्व को लेकर कोई फैसला होगा लेकिन अब नेतृत्व पर निर्णय कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन तक खिसक सकता है। कांग्रेस का अगला राष्ट्रीय अधिवेशन फरवरी में छत्तीसगढ़ में होना है। इस अधिवेशन में कांग्रेस से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। यह माना जा रहा है कि नए अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस की नई वर्किंग कमेटी इसी अधिवेशन में बनेगी। ऐसे में राजस्थान सहित जिन भी प्रदेशों में पार्टी का नेतृत्व बदलना होगा, वह भी इसके बाद ही बदला जाएगा।

कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि फरवरी के तीसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। इसमें पार्टी से जुड़े कई महत्वपूर्ण और नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे। नया कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला अधिवेशन है। ऐसे में अधिवेशन में उन राज्यों पर भी प्रमुखता से फोकस होगा जहां 2023 में चुनाव होने हैं। राजस्थान में 2020 में हुई बगावत के बाद से प्रदेश की पूरी कार्यकारिणी भंग कर दी गई। प्रदेश स्तर पर कुछ नियुक्तियां और कुछ जिलों में जिलाध्यक्ष बाद में नियुक्त हुए थे। मगर बड़ी संख्या में जिलाध्यक्षों सहित ब्लॉक अध्यक्ष और पूरी कार्यकारिणी अब भी तय होनी शेष है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव जब हुए तो कहा गया कि नाम तय कर चुनाव प्राधिकरण को भेज दिए गए हैं। मगर राजस्थान में सियासी संकट के चलते ये नाम अबतक घोषित नहीं हो पाए।

**एआईसीसी सदस्य चुनेंगे वर्किंग कमेटी**

सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन से पहले एआईसीसी सदस्य चुने जाएंगे। उसके बाद अगर चुनाव होता है तो ये सभी सदस्य मिलकर अधिवेशन के दौरान कांग्रेस वर्किंग कमेटी के 12 सदस्यों का चुनाव करेंगे। इसके बाद 11 आमंत्रित सदस्य चुने जाएंगे। इसी के बाद एआईसीसी के महासचिव, सचिव, प्रदेश प्रभारी सहित पूरी बॉडी चैंज होगी। बता दें कि नया कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद फिलहाल कांग्रेस ने स्टीयरिंग कमेटी बनाई हुई है। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद राजस्थान में स्थितियां सामान्य हो गई है। प्रदेश सरकार अब राजस्थान के अगले बजट की तैयारियों में जुट गई है। माना जा रहा है कि इस बार का बजट जनवरी या फरवरी के शुरुआती दिनों में आ सकता है। ऐसे में तबतक



कुछ भी उठापटक होना मुश्किल है। ऐसे में फरवरी में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन से ही राजस्थान में आगे की स्थितियां तय होंगी।

## रोमांचक मोड़ पर दूसरा टेस्ट

# 145 रन के टारगेट के जवाब में भारत का स्कोर 45/4

## राहुल, गिल, पुजारा और कोहली आउट



मीरपुर, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। मीरपुर टेस्ट में बांग्लादेश ने भारत को जीत के लिए 145 रनों का टारगेट दिया है। जवाब में टीम इंडिया ने तीसरे दिन स्टंप्स तक 45 रन पर 4 विकेट गंवा दिए हैं। अक्षर पटेल (26 रन) और नाइट वाचमैच जयदेव उनादकट (3 रन) नाबाद हैं। शनिवार को स्टंप्स से कुछ देर पहले विराट कोहली 1 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मेहदी हसन मिराज ने मोमिनुल हक के हाथों कैच कराया। मेहदी को तीसरी सफलता मिली। उन्होंने ओपनर शुभमन गिल (7) और अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (6) का विकेट भी लिया। भारतीय कप्तान केएल राहुल (2 रन) का विकेट बांग्लादेशी कप्तान शाकिब अल हसन ने लिया।

इससे पहले बांग्लादेश की टीम अपनी दूसरी पारी में 231 रन पर ऑलआउट हो गई। लिटन दास (73) और जाकिर हसन (51) ने अर्धशतक जमाए। नुरुल हसन और तस्कीन अहमद ने 31-31 रन बनाए। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने 3 विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को 2-2 विकेट मिले। उमेश यादव और जयदेव उनादकट के हिस्से एक-एक विकेट आया। भारत की पहली पारी 314 रन पर समाप्त हुई थी जबकि बांग्लादेश ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे। इस तरह भारत को पहली पारी में 87 रनों की बढ़त मिली थी।

**लिटन दास का 15वां अर्धशतक, जाकिर हसन की पहली फिफ्टी**

बांग्लादेश की दूसरी पारी में लिटन दास (73) ने अर्धशतक जमाया। यह उनका 15वां टेस्ट अर्धशतक है। उन्होंने नुरुल हसन के साथ 46 और तस्कीन अहमद के साथ 60 रनों की पार्टनरशिप की। इन पार्टनरशिप की बदौलत टीम ने 231 रन का स्कोर बनाया। एक समय टीम ने 102 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। लिटन से पहले जाकिर हसन (51) ने अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। हसन ने पिछले मुकाबले में डेब्यू किया था। उस मुकाबले में उनके बल्ले से शतक आया था।

## आईपीएल नीलामी के बाद कैमरन ग्रीन ने कहा, मुंबई इंडियंस के साथ जुड़कर खुश हूं

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। कोच्चि में हुई आईपीएल 2023 मिनी-नीलामी में पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को 17.5 करोड़ रुपये में खरीदा, जिससे वह दूसरे नंबर पर आ गए। आईपीएल के इतिहास में ग्रीन दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में ऊभरे। ग्रीन को खरीदने के लिए सभी टीमों ने दिलचस्पी दिखाई, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस शामिल है, लेकिन मुंबई ने उन्हें आईपीएल 2023 सीजन के लिए अपनी टीम में चुना। ग्रीन अपने लगातार और गेम-चेंजिंग प्रदर्शन के साथ क्रिकेट हलकों में सबसे अधिक चर्चित युवाओं में से एक हैं। उन्होंने इस साल अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 टीम में डेब्यू किया था।

# घर-खाना नहीं मिलने से 10 साल की खिलाड़ी की मौत

## *हाई कोर्ट ने खेल निकायों को जिम्मेदार बताया*





कोच्चि, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। केरल उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर केरल की 10 वर्षीय खिलाड़ी की नागपुर में विषाक्त भोजन से हुई मौत के लिए नेशनल फेडरेशन और केरल की एक साइकिल पोलो एसोसिएशन को जिम्मेदार ठहराया गया है। खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने नागपुर गई थी।

'केरल साइकिल पोलो एसोसिएशन' ने अपनी दलील में दावा किया कि उच्च न्यायालय ने उसकी टीम को महाराष्ट्र के नागपुर में खेल प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति दी थी, लेकिन जब 10 वर्षीय फातिमा निदा शहाबुद्दीन समेत उसके खिलाड़ी आयोजन स्थल पर पहुंचे तो, उन्हें 'साइकिल पोलो फेडरेशन ऑफ इंडिया' द्वारा भोजन या आवास प्रदान नहीं किया गया। याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने अधिवक्ता संथन वी. नायर के माध्यम से दायर अपनी अवमानना याचिका में कहा कि परिणामस्वरूप, खिलाड़ियों को एक स्थानीय छात्रावास में ठहराना पड़ा और युवा खिलाड़ी विषाक्त भोजन खाने से बीमार पड़ गई, जिसकी गुरुवार सुबह मौत हो गई। याचिकाकर्ता (केरल साइकिल पोलो एसोसिएशन) ने अवमानना याचिका में कहा कि प्रतिवादी (साइकिल पोलो फेडरेशन ऑफ इंडिया और साइकिल पोलो एसोसिएशन ऑफ केरल) खिलाड़ी की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के 15 दिसंबर के उस आदेश के कथित उल्लंघन के लिए दोनों खेल निकायों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया, जिसमें टीम या खिलाड़ियों को नागपुर में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। इसमें दावा किया गया है कि जब ये आयोजन स्थल पर पहुंचे तो फेडरेशन के अधिकारियों ने शुरू में उन्हें भाग लेने की इजाजत देने से इंकार कर दिया और खेल मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद याचिकाकर्ता द्वारा चयनित खिलाड़ियों को भाग लेने की इजाजत दी गई। याचिका में दावा किया गया है कि इसके साथ ही अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे उन्हें भोजन और आवास मुहैया नहीं कराएंगे।

## टीम इंडिया पर बोझ बना खिलाड़ी, बांग्लादेश के खिलाफ बुरी तरह से हुआ फ्लॉप



नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम का बांग्लादेश के दौरा कई मायने में अलग रहा. टीम को वनडे सीरीज में हारा मिली तो वहीं टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखने उतरी टीम को जीत मिली. पहला मैच जीतने के बाद टीम इंडिया ने दूसरे मैच पर शिकंजा कसा. इस सीरीज के दौरान एक खिलाड़ी ऐसा रहा जिससे काफी उम्मीदें थी और उसे बड़ी जिम्मेदारी भी दी गई लेकिन वो बुरी तरह से फ्लॉप रहा।

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला मीरपुर में खेला जा रहा है. वनडे सीरीज में चोटिल होने की वजह से कप्तान रोहित शर्मा दोनों ही मैच से बाहर हो गए. ऐसे में टीम की कप्तानी का जिम्मा केएल राहुल को दिया गया लेकिन वो बुरे फॉर्म से उबरने में कामयाब नहीं हुए. पारी की शुरुआत करते हुए दो टेस्ट की चारो पारी में वो रन बनाने को तरसे. उनके बल्ले से जो सबसे बड़ी पारी निकली वो 23 रन की थी।

टेस्ट मैच में पारी की शुरुआत करते हुए केएल राहुल के पास बड़ी पारी खेलकर फॉर्म हासिल करने का अच्छा मौका था. बांग्लादेश के खिलाफ भी वो ऐसा नहीं कर पाए. चटगांव टेस्ट में पहली पारी में 22 तो दूसरी में उनके बल्ले से 23 रन निकले. मीरपुर टेस्ट में राहुल ने पहली पारी में 10 जबकि दूसरी पारी में तो महज 2 रन ही बन पाए. 2 मैच की 4 पारियों में 14.25 की औसत से उन्होंने 57 रन बनाए।

## अर्जेंटीना के साथ एंजेल डि मारिया की अभी बने रहने की संभावना



ब्यूनस आयर्स, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। फीफा विश्व कप फाइनल में फ्रांस पर अर्जेंटीना की पेनल्टी शूटआउट जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद एंजेल डी मारिया अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। टीवाईसी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कहा कि 34 वर्षीय जुवेंटस विंगर ने पहले घोषणा की थी कि वह कतर में फुटबॉल के शोपीस इवेंट के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन ने उन्हें फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार डि मारिया, जिन्हें 2008 में अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से एल्बिकेलस्टे के लिए 129 बार कैप किया गया है, ने 2022 विश्व कप के बाद के चरणों में फिटनेस के लिए संघर्ष किया। लेकिन उन्होंने पिछले रविवार के फाइनल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, पेनल्टी अर्जित की, जिसे लियोनेल मेसी ने अपनी टीम के दूसरे गोल के रूप में परिवर्तित किया क्योंकि अल्बिसेलेस्टे ने लुसैल में 2-0 की बढ़त बना ली।

डि मारिया की तरह ही अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी भी विश्व कप जीतने के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर पुनर्विचार कर रहे हैं। मेसी ने घोषणा की थी कि कतर 2022 अर्जेंटीना के लिए उनका आखिरी कार्यक्रम होगा, लेकिन इस आयोजन के बाद उन्होंने कहा कि वह विश्व कप विजेता के रूप में अर्जेंटीना के लिए और अधिक खेलना चाहेंगे।

## विकेटकीपर मैथ्यू वेड पर गाली देने का आरोप, एक मैच का प्रतिबंध

मेलबर्न, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी विकेटकीपर मैथ्यू वेड पर बिग बैश लीग (बीबीएल12) के मौजूदा सीजन 12 से मैच के दौरान गाली देने के लिए पर एक मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया है। वेड इस सीजन में घर में टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया व्हाइट-बॉल टीम का हिस्सा हैं, बीबीएल 12 में होबार्ट हरिकेंस के कप्तान हैं और मेलबर्न में मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ क्रिसमस की पूर्व संध्या पर होने वाले मुकाबले में नहीं खेलेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि पिछले 18 महीनों के भीतर आचार संहिता के तीन स्तर 1 के उल्लंघन के बाद वेड को एक निलंबन अंक दिया गया था। बयान में कहा गया है, उस अवधि के आरोप श्रव्य अश्लीलता के उपयोग के दो उदाहरणों और क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग के एक उदाहरण से संबंधित हैं। वेड के निलंबन ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन के लिए टीम में वापसी का मौका खोल दिया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेन मैकडरमोट की उपस्थिति के बावजूद मैच के लिए तूफान ने पेन को टीम में शामिल किया, जो वेड की अनुपस्थिति में दस्ताने और कप्तानी दोनों के लिए मुख्य दावेदार लगता है।

# पानीपत के राघव का आईपीएल में सिलेक्शन

## *पिता ने कहा-हाथ में बॉल पकड़कर सोता था, शेन वॉर्न-राशिद खान आइडल*





पानीपत, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के पानीपत शहर की गीता कॉलोनी के रहने वाले 21 वर्षीय राघव गोयल का आईपीएल में चयन हुआ है। राघव को मुंबई इंडियंस ने बेस प्राइज 20 लाख रुपए में खरीदा है। वह पानीपत के इतिहास में आईपीएल में जाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। बातचीत के दौरान राघव गोयल ने कहा कि उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है कि उनका चयन हो गया है। बचपन से उनका गोल था कि वे आईपीएल खेले। आखिरकार अब वह सपना साकार होता नजर आ रहा है।

राघव ने कहा कि आईपीएल में वे अपना 'द बेस्ट' देंगे। क्योंकि यहां के बाद उनका अगला सपना इंडिया के लिए खेलना है।

राघव ने कहा कि सबसे पहले स्टेट के मैच हुए थे। जिनमें सिलेक्टर आए हुए थे। वहां मेरी गेंदबाजी देखने के बाद सिलेक्टरों ने उन्हें आईपीएल ट्रायल के लिए बुलाया। जहां जहीर खान, राहुल द्रविड़, किरण, रोहित शर्मा, पार्थिव पटेल जैसे बड़े दिग्गज थे। वहां करीब 3 बार ट्रायल लिया गया। ट्रायल भी काफी अच्छा था। हालांकि ट्रायल काफी टफ था। सब कुछ मेरे फेवर में हुआ, मुझे काफी अच्छा लग रहा है।

**मां-पिता और भाई का सहयोग**

मैं स्पिन बॉलिंग करता हूं। मैं लेफ्ट हैंड बॉलर हूं। मेरा आइडल शेन वॉर्न और राशिद खान हैं। जिनकी बॉलिंग के जादू में हर कोई फंसता है। मुझे यहां तक पहुंचानें में मम्मी-पापा का बहुत सहयोग रहा है। पापा ने खूब भाग-दौड़ की है। मां हमेशा पॉजिटिव बातें कर मुझ में सकारात्मक ऊर्जा भरती है। भइया भी बहुत सपोर्ट करते हैं।

**पिता बोले-हाथ में बॉल पकड़ कर सोता था राघव**

पिता दिनेश गोयल ने कहा कि उनका कॉर्टन वेस्ट का काम है। बेटे ने न केवल पानीपत, बल्कि हरियाणा का नाम रोशन किया है। बोली के दौरान आत्मा से आवाज आ रही थी कि बेटे का आईपीएल का सिलेक्शन होगा। दोपहर 1 बजे से चल रही बोली के दौरान शाम 6 बजे बेटे राघव का बोली में नाम आया। जो बच्चे किसी भी क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं, वह हिम्मत न हारें। क्योंकि राघव ने भी बहुत मेहनत की है। वह अकसर हाथ में बॉल पकड़ कर ही सोता था।

**मां बोली-इतनी जल्दी करेगा अचीव, उम्मीद नहीं थी**

मां दीपिका गोयल ने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि राघव इतनी जल्दी इतना अचीव कर लेगा। राघव ने खूब मेहनत की। उसका सलेक्शन हो गया है। इससे बड़ी मेरे लिए कोई खुशखबरी नहीं है। हम दोनों का ही विश्वास

# शाहिद अफरीदी को पाकिस्तान क्रिकेट में मिली बड़ी जिम्मेदारी

## *चयन पैनल में अब्दुल रज्जाक भी शामिल*



नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। शाहिद अफरीदी को पाकिस्तान मेंस क्रिकेट टीम का अंतरिम मुख्य चयनकर्ता बनाया गया है। तीन सदस्यीय चयन समितिमें उनके एक बार के साथी खिलाड़ी अब्दुल रज्जाक और राव इफ्तिखार अंजुम भी हिस्सा हैं।

फिलहाल नियुक्ति केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के लिए है। इसके अलावा समिति को हटाए जाने से पहले मोहम्मद वसीम के नेतृत्व वाले पैनल ने इंग्लैंड के खिलाफ जो टेस्ट टीम घोषित की थी उसकी समीक्षा करने का काम सौंपा गया है। इंग्लैंड के खिलाफ टीम 3-0 से टेस्ट सीरीज हारी थी। नजम सेठी का शाहिद अफरीदी को लेकर बयान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है नई समिति साहसिक फैसला लेगी। उन्होंने एक बयान में कहा, "शाहिद अफरीदी एक आक्रामक क्रिकेटर रहे हैं, जिन्होंने हमेशा क्रिकेट बिना किसी डर के खेला। उनके पास लगभग 20 साल का क्रिकेट अनुभव है और उन्हें हर प्रारूप में सफलता मिली है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने हमेशा युवाओं की मदद की है। इसलिए हमारी समझ से मॉर्डन डे क्रिकेट की चुनौतियों को समझने में उनसे बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है।"

नई पीसीबी प्रबंधन समिति ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उसने चयन समिति सहित 2019 के संविधान के तहत गठित सभी समितियों को शुक्रवार को भंग कर दिया। शाहिद अफरीदी को शुरुआत में प्रबंधन समिति में शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे छोड़ दिया कि वह इस काम के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। वह अपनी चैरिटवल फाउंडेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। हालांकि, वह शुक्रवार को नई प्रबंधन समिति की पहली बैठक में वीडियो लिंक से शामिल हुए।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन की हुई वापसी

### एसआरएच के गेंदबाज ने 30 रन देकर चटकाए 3 विकेट



नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन की ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश लीग में वापसी हो रही है। बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस के कप्तान मैथ्यू वेड पर एक मैच का बैन लगा है। टिम पेन 5 महीने के बाद वापसी करने जा रहे हैं। उनके जगह टिम पेन शामिल हुए और होबार्ट हरिकेंस ने इस मुकाबले को 8 रनों से जीत लिया। 5 महीने बाद टीम के शामिल होने वाले टिम पेन ने 10 रनों की पारी खेली। एसआरएच के अकील हुसैन ने 3 विकेट चटकाए।

होबार्ट हरिकेंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए। जिम्मी नीशम ने 28, शादाब खान ने 14, नाथन एलिस ने 21, जोएल पेरिस ने 12 और टिम पेन ने 10 रन बनाए। मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए एकील हुसैन ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा डेविड मूडी ने 3, रसेल ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरे मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से आरोन फिंच ने 13, अकील हुसैन ने 11 और विल सदरलैंड ने 40 रन बनाए। इसके अलावा जोनाथन वेल्स ने 26 रन बनाए। मेलबेर्न के लिए जोएल पेरिस ने 2, रिले मेरेडिथ ने 3, शादाब खान ने 2 विकेट चटकाए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान जारी करके कहा कि पिछले 18 महीनों के भीतर आचार संहिता के तीन स्तर 1 के उल्लंघन के बाद मैथ्यू वेड को एक निलंबन अंक दिया गया था। दरअसल, वेड हाल में ही पर्थ स्कॉर्चर्स के स्टार फाफ डु प्लेसिस के शॉट खेलने से ठीक पहले जोर से बोल्ड चिलाया, जिसके बाद वो निशाने पर आ गए। जिसके बाद फाफ डु प्लेसिस आउट हो गए और वो बहुत गुस्से में दिखे। हरिकेंस की टीम के लिए पेन ने अपना आखिरी मैच 4 फरवरी 2018 को खेला था। उस मैच में होबार्ट हरिकेंस ने एडिलेड स्ट्राइकर्स का सामना किया था। टिम पेन पर एक सहकर्मा से जुड़े सेक्सटिंग स्कैंडल के बाद 2021 में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान के रूप में इस्तीफे की घोषणा कर दी।

## बेन स्टोक्स को सीएसके का कप्तान बनाने पर एमएस धोनी लेंगे फैसला

**काइल जेमीसन को खरीदने में स्टीफन फ्लेमिंग की रही अहम भूमिका**

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा। फ्रेंचाइजी के सीईओ काशी विश्वनाथन ने बताया कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने बेन स्टोक्स को खरीदने पर खुश हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्टोक्स के कप्तान बनाने पर धोनी फैसला लेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि टीम के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने बताया कि न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जेमीसन फिट हैं और यही कारण है कि उनपर फ्रेंचाइजी ने दांव लगाया।

आईपीएल 2023 मिनी ऑक्शन के बाद काशी विश्वनाथन ने कहा, "स्टोक्स को पाकर बहुत उत्साहित हैं और हम भाग्यशाली रहे क्योंकि वह आखिर में आए। हम एक ऑलराउंडर चाहते थे और महेंद्र सिंह धोनी बहुत खुश हैं कि हमें स्टोक्स मिले। कप्तानी का विकल्प हैं, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी को समय के साथ इस पर फैसला करना है। काशी विश्वनाथन ने आगे कहा, काइल जेमीसन के घायल होने के कारण अन्य फ्रेंचाइजियों ने उनकी ओर नहीं देखा। हमें स्टीफन फ्लेमिंग से जानकारी मिली थी कि वह फिट हो गए हैं और खेलने को तैयार हैं। मुझे उम्मीद है कि हम इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हम हमेशा प्रक्रिया पर ध्यान देते हैं और इससे हमें अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

## आईपीएल 2023 : गुजरात टाइटंस के लिए खेलने को उत्साहित हैं जोशुआ लिटिल



नई दिल्ली, 24 दिसंबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2023 के लिए जोशुआ लिटिल गुजरात टाइटंस के तरफ से खेलते दिखेंगे। गुजरात टाइटंस के टीम के साथ वो खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या और मुख्य कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस को आईपीएल नीलामी में जोशुआ लिटिल को चार करोड़ 40 लाख रुपए में खरीदा था।

**गुजरात टाइटंस ने 4 करोड़ 40 लाख में किया खरीदा**

जोशुआ लिटिल ने क्रिकेट आयरलैंड के बयान में कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मुझे गुजरात टाइटंस ने अपने टीम में शामिल किया। मैं इस टीम के साथ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हूं। गुजरात टाइटंस ने हार्दिक पंड्या की अगुवाई में पहले सीजन ही खिताब पर कब्जा जमाया था। उन्होंने कहा,'' मैं कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं और टाइटंस के प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया।'' बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने अभी तक 22 वनडे और 53 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं। लिटिल ने कहा कि आयरलैंड के लिए इंटरनेशल क्रिकटे खेलना हमेशा से प्राथमिकता रहेगी, लेकिन आईपीएल में खेलना और वहां से सीखना मेरे लिए अविश्वसनीय अवसर होगा। क्रिकेट आयरलैंड को मेरा समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। जोशुआ लिटिल ने पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स में नेट्स गेंदबाज की भूमिका निभाई थी। उसके बाद उन्होंने टी20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया।

# हंगामे के बीच जीएचएमसी का बजट पारित

## 6,224 करोड़ रुपये के वार्षिक बजट को मंजूरी, भाजपा के विरोध के बीच बैठक समाप्त





हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) परिषद ने शनिवार को यहां बैठक कर 6,224 करोड़ रुपये के अपने वार्षिक बजट को मंजूरी दे दी, लेकिन सूचीबद्ध एजेंडे पर चर्चा किए बिना अचानक बैठक समाप्त हो गया। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को बजट पारित करने के बाद हंगामे के बीच समाप्त हो गई क्योंकि विपक्षी भाजपा के नगरसेवकों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यवाही रोक दी। भाजपा पार्षदों ने महापौर को कार्यवाही करने की अनुमति नहीं दी तो वहां अफरा-तफरी मच गई। वे अपने संभागों में धन जारी करने और नागरिक कार्यों सहित अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगा रहे थे।

बैठक शुरू होते ही विपक्षी पार्षदों ने महापौर के आसन का घेराव कर मांग की कि उनकी मांगों पर चर्चा की जाए। उनके हाथों में तख्तियां भी थीं। महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी की बार-बार सदस्यों से कुर्सी पर बैठने की अपील का कोई असर नहीं हुआ। विरोध करने वाले नगरसेवकों को बार-बार चेतावनी देने के बाद, उन्होंने उनके निलंबन की घोषणा की। जीएचएमसी का 2023-24 का बजट बगैर चर्चा के अनुमोदन के लिए पेश किए जाने पर भाजपा और कांग्रेस के नगरसेवकों ने भी आपत्ति जताई। इसके तुरंत बाद बैठक स्थगित कर दी गई। कांग्रेस पार्टी के नगरसेवकों ने भी जीएचएमसी के सामने धरना दिया और अपने डिवीजनों के लिए धन जारी करने की मांग की। उन्होंने बजट पर व्यापक बहस की मांग करते हुए नारे भी लगाए। विपक्षी दलों के विरोध को देखते हुए जीएचएमसी कार्यालय के आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

बैठक की अध्यक्षता करने वाली जीएचएमसी की महापौर जी. विजया लक्ष्मी ने बार-बार भाजपा सदस्यों को अपने-अपने वार्डों में मुद्दों पर बोलने के लिए कहा, इसके बावजूद वे अपने विरोध पर कायम रहे। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए महापौर ने कहा कि भाजपा के नगरसेवक बैठक में बिना तैयारी के आए और जानबूझकर ऐसी स्थिति पैदा की जहां स्वस्थ चर्चा की कोई गुंजाइश नहीं थी।

]एजेंडा और बैठक के सभी विवरण सदस्यों को अग्रिम रूप से भेजे गए थे। एजेंडे और अन्य विवरणों पर चर्चा और बहस करने के बजाय, उन्होंने परिषद में सिर्फ हंगामा किया।

# हैदराबाद में रात के तापमान में गिरावट



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में रात के तापमान में तेजी से गिरावट हो रही है। जबकि हैदराबाद में दिन के तापमान में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। दिन में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन रात के तापमान में गिरावट जारी है। शनिवार को सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में, तापमान गिर गया, राजेंद्रनगर में 12.1 डिग्री सेल्सियस, इसके बाद अलवाल (14 डिग्री सेल्सियस), कारवां (14.1 डिग्री सेल्सियस), सिकंदराबाद (14.2 डिग्री सेल्सियस) और एलबी नगर (14.2 डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया। 14.8 डिग्री सेल्सियस) है। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग-हैदराबाद के अनुसार, शहर में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी, जो अगले तीन दिनों के दौरान 18 से 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास हो सकता है। रीडिंग के मुताबिक, शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे शहर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सबसे अधिक तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस अमीरपेट में रिकॉर्ड किया गया। अगले तीन दिनों के दौरान भी कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने आंशिक रूप से बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान लगाया है।

# साइबराबाद में अपराध दर में 12 प्रतिशत की गिरावट : स्टीफन रवींद्र



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वर्ष 2022 में साइबराबाद में कुल अपराध दर में 12 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले वर्ष 30,954 के मुकाबले कुल 27,322 मामले दर्ज किए गए थे। 2022 में साइबराबाद में अपराध दर में 12 प्रतिशत की गिरावट आई है।

संपत्ति अपराधों में 28 प्रतिशत की कमी आई जबकि संपत्ति अपराधों का पता लगाने में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महिलाओं के खिलाफ अपराध में 8.34 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है। सड़क हादसों में करीब 19 फीसदी की कमी आई है। हालांकि साइबर क्राइम के मामलों में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त स्टीफन रवींद्र ने कहा कि राज्य सरकार और साइबराबाद पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। पुलिस के प्रयासों और उचित रणनीति अपनाने से अपराध दर में कमी आई है। उन्होंने कहा कि अपराध दर में कमी पिछले दस वर्षों में सबसे अधिक है

# रेल कोच फैक्ट्री के बारे में झूठ बोल रही है बीजेपी : बीआरएस

## रेलमंत्री और केन्द्र पर गुमराह करने का आरोप



वारंगल, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल पश्चिम के विधायक दस्यम विनय भास्कर ने मांग की है कि केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी वारंगल के भद्रकाली मंदिर में शपथ लें ताकि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में तेलंगाना को दिए गए कोच कारखाने से संबंधित तथ्यों को बताया जा सके। शनिवार को यहां एक प्रेस मीट को संबोधित करते हुए, उन्होंने काजीपेट में रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की टिप्पणियों की निंदा की। उन्होंने स्पष्ट किया, "बीआरएस पार्टी समान विचारधारा वाले दलों और संघों के साथ चरणबद्ध तरीके से कोच फैक्ट्री स्थापित करने के लिए संघर्ष करेगी।" केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी की कोच फैक्ट्री नहीं लगवाने की आलोचना करते हुए विनय भास्कर ने कहा, किशन रेड्डी केंद्रीय मंत्री बनने के लायक नहीं हैं। उनमें तेलंगाना के हितों के खिलाफ काम करने वाले केंद्र का विरोध करने की हिम्मत नहीं है। बीजेपी पर कोच फैक्ट्री के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए विधायक ने किशन रेड्डी को देवी की शपथ लेकर कोच फैक्ट्री पर सच बोलने के लिए भद्रकाली मंदिर आने को कहा। उन्होंने पहले कहा था कि बयाराम स्टील फैक्ट्री की स्थापना संभव नहीं थी। अब वे कह रहे हैं कि कोच फैक्टरी लगाने के बारे में नहीं सोच रहे थे। सांसद दयाकर ने कहा कि तेलंगाना से किए गए वादों के खिलाफ जाकर भाजपा सरकार संविधान का मजाक बना रही है। पूर्व सांसद ए सीताराम नाइक ने कहा कि राज्य सरकार ने वास्तव में मुलुगु शहर के पास जनजातीय विश्वविद्यालय के लिए लगभग 340 एकड़ भूमि आवंटित की थी, लेकिन केंद्र इसे स्थापित करने में विफल रहा। कुडा के अध्यक्ष सुंदर राज यादव, डॉ बोल्लिकोंडा वीरेंद्र और अन्य उपस्थित थे।

# पत्नी और दो रिश्तेदारों पर चाकू से हमला

## एक की मौत

हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी जिले में अमीनपुर थाना क्षेत्र के वाणी नगर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो रिश्तेदारों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में एक की मौत हो हई। पठानचेरू डीएसपी एस. भीम रेड्डी के मुताबिक, हैदराबाद के चिंतल निवासी आरोपी श्रीनिवास का अपनी पत्नी सुनीता (40) से कुछ गंभीर विवाद चल रहा था। सुनीता कुछ महीने पहले अपनी बड़ी बहन सुजाता के घर रहने चली गई थी। तब से सुनीता एक निजी कंपनी में सुजाता के साथ पैकेजिंग वर्कर के रूप में काम कर रही थी। श्रीनिवास शनिवार सुबह वाणी नगर आया और सुनीता से उसकी जमकर कहा-सुनी हो गई। सुजाता ने बीच-बचाव किया तो उसने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। श्रीनिवास ने सुजाता के बेटे साईं किरण को भी रोकने की कोशिश की तो उसे चाकू मार दिया। सुजाता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुनीता और साईकिरण गंभीर रूप से घायल हो गए। श्रीनिवास मौके से फरार हो गया। उसे पकड़ने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं।

# तेलंगाना ने हरिता हरम के लक्ष्य को पार किया

## 20.25 करोड़ पौधे लगाए गये



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इस साल भी अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखते हुए, राज्य के वन विभाग ने तेलंगाना कु हरिता हराम के तहत 19.54 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 20.25 करोड़ पौधे लगाए हैं। इस वर्ष लक्ष्य को पार करने के साथ, विभाग का लक्ष्य अब अगले वर्ष 20.02 करोड़ पौधे लगाने का है। इस आशय के लिए, अग्रिम योजना और प्रभावी ढंग से वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए जिला-वार लक्ष्यों को पहले ही जिला प्रशासन के साथ साझा किया जा चुका है। आम तौर पर, नवंबर-दिसंबर तक अभ्यास पूरा करने के लिए वृक्षारोपण अभियान की योजना बनाई गई थी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक आरएम डोबरियाल ने बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी विभाग ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक सफलतापूर्वक पौधे रोपे हैं। फरवरी में, यदि आवश्यक हो, तो अधिकारी प्रमुख सड़कों के किनारे और मध्यमार्ग पर चिन्हित स्थानों पर वृक्षारोपण करते हैं। लेकिन इस दौरान नियमित सिंचाई पर काफी जोर दिया जाता है। वृक्षारोपण अभियान की सफलता के लिए गुणवत्तापूर्ण पौध की उपलब्धता और सोर्सिंग महत्वपूर्ण हैं। वन विभाग द्वारा अनुरक्षित 500 नर्सरियों के अलावा, राज्य भर में 15,000 हैं, जिनमें से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक है। इनका रखरखाव पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जाता है। सभी पौधरोपण के लिए दो माह पूर्व ही पौधरोपण व वितरण की व्यवस्था कर दी जाती है। वृक्षारोपण अभियान के अलावा, पौधों के जीवित रहने पर समान ध्यान दिया जाता है। वन एवं पंचायत राज तथा ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी अपनी-अपनी सीमा में लगाए गए पौधों का भौतिक निरीक्षण करते हैं और उन्हें जियो टैग किया जाता है।

वृक्षारोपण के संदर्भ में डेटा प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के अलावा, यह अभ्यास पेड़ों की अनधिकृत कटाई को रोकने में भी सहायता करता है। डोबरियाल ने कहा कि भौतिक निरीक्षण के बाद विभाग के कर्मी डाटा को ऑनलाइन अपलोड करते हैं। पौधों के जीवित रहने के बारे में उन्होंने कहा कि लक्ष्य 85 प्रतिशत जीवित रहने को सुनिश्चित करना है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में तेलंगाना तेजी से प्रगति कर रहा है : वकाती अरूणा

## एफटीसीसीआई में 'बेहतर कल के लिए स्वस्थ हृदय' पर सम्मेलन आयोजित



हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार की सचिव, स्कूल शिक्षा निदेशक और पूर्व आयुक्त, स्वास्थ्य, चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग, तेलंगाना वकाती करुणा ने कहा कि तेलंगाना राज्य ने 2014 में अपने गठन के बाद से सभी क्षेत्रों में विशेष रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। नीति आयोग के स्वास्थ्य सूचकांक में तेलंगाना को स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीसरा सबसे अच्छा राज्य बताया गया है। वे एफटीसीसीआई द्वारा आयोजित 'बेहतर कल के लिए स्वस्थ हृदय' विषय पर आयोजित सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थीं। तेलंगाना ने सार्वजनिक स्वास्थ्य को अपना प्राथमिक विषय बनाया। इसके गठन के पिछले 8 वर्षों में हमने मृत्यु दर में भारी कमी देखी है, संक्रामक रोग नियंत्रण में हैं। मलेरिया के मामलों में कमी, टीबी के मामलों में भारी कमी आई है। तेलंगाना उन गिने चुने राज्यों में से एक है जो चिकित्सा को सस्ता और सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है। यह भारत के कुछ राज्यों में से एक है, जिसके पास तृतीयक अस्पतालों के साथ समर्पित कैंसर देखभाल नेटवर्क है। एफटीसीसीआई के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य उन गतिविधियों को उजागर करना है जो व्यक्ति हृदय रोगों को रोकने और नियंत्रित करने के लिए कर सकते हैं। इसका उद्देश्य लोगों को शिक्षित करना और जोखिम कारकों को नियंत्रित करने की दिशा में कार्रवाई करना है। यदि कुछ क्रियाओं पर नियंत्रण रखा जाए तो हृदय संबंधी रोगों से होने वाली असामयिक मौतों में से अधिकांश को टाला जा सकता है। हेल्थकेयर हमारे देश के लिए एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। हालांकि, बड़ी आबादी वाली विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के मामले में स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की चुनौतियां गंभीर हैं। डॉक्टरों की जिम्मेदारी है कि वे आम जनता के बीच रोकथाम और उपचार के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए काम करें। सीएडी और दिल के दौरे का सबसे आम कारण गलत जीवनशैली विकल्प हैं। इसलिए, हृदय रोगों के खिलाफ लड़ाई में एहतियाती रणनीतियों को केंद्र में रखना होगा। पद्मश्री डॉ. ए.जी.के. गोखले, प्रसिद्ध भारतीय कार्डियक सर्जन ने कहा, हमें अपने अद्वितीय मानव शरीर की सराहना करने की आवश्यकता है।हमारी जीवन शैली और हम क्या खाते हैं यह स्वास्थ्य का निर्धारण करते हैं। खुश रहने के लिए हमें अपनी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तंदुरुस्ती का ध्यान रखना होगा। स्वस्थ रहने का फैसला हमारे हाथ में ही है। एएससीआई के महानिदेशक (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. निर्माल्य बागची ने कहा, एफटीसीसीआई सार्वजनिक मुद्दों को संबोधित करने में हमेशा सबसे आगे रहा है। हमने कोविड के समय में सक्रिय रूप से संयुक्त रूप से सहयोग किया है। लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन सहयोग और पुष्टि करके स्वास्थ्य को सभी के लिए सुलभ बनाने में हम सभी को एक साथ आने की आवश्यकता है। प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल के अधीक्षक डॉ. भवानी ने कहा कि योग और प्राकृतिक चिकित्सा के आसान विकल्प के बावजूद दुनिया भर में हृदय रोग बढ़ रहे हैं। नेचुरोपैथी का उद्देश्य हृदय रोग का समग्र रूप से इलाज और रोकथाम करना है।

# मेडचल नगर निगम कर्मियों को तेज रफ्तार कारने कुचला, दो की मौत

हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो नगर निगम कर्मियों की कुचलकर मौत हो गयी, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गये। दिल दहला देने वाली घटना शनिवार को मेदक में हुई। घटना सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। मृतकों की पहचान नरसम्मा और यदम्मा के रूप में हुई है और यह घटना तब हुई जब नगर निगम के कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। फुटेज में, नगरपालिका कर्मचारियों के एक समूह को अपने कर्तव्यों में भाग लेने के लिए सड़क के किनारे चलते देखा गया। तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया और नगर निगम के कर्मचारियों ने मृतक परिवारों के लिए न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# न्यू पिदुगुराल्ला-सावल्यपुरम के बीच नई रेलवे लाइन विद्युतीकरण पूरा




हैदराबाद, 24 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मिशन विद्युतीकरण के हिस्से के रूप में, दमरे अपने नेटवर्क में मौजूदा रेलवे लाइनों के विद्युतीकरण का काम पूरा कर रहा है। इसे आगे बढ़ाते हुए, न्यू पिडीगुराल्ला - सांवल्यपुरम के बीच 46 किलोमीटर की दूरी के लिए नई रेलवे लाइन का विद्युतीकरण पूरा कर लिया गया है और ट्रेन संचालन के लिए चालू कर दिया गया है। यह नई रेलवे लाइन आंध्र प्रदेश राज्य में नादिकुडे-श्रीकालहस्ती नई रेलवे लाइन परियोजना का एक हिस्सा है। नादिकुडे-श्रीकालहस्ती नई रेलवे लाइन परियोजना आंध्र प्रदेश राज्य में दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा गुंटूर, प्रकाशम और नेल्लोर जिलों के आंतरिक क्षेत्रों को रेल मानचित्र पर जोड़ने वाली महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित परियोजनाओं में से एक है। न्यू पिदुगुराल्ला-सावल्यपुरम के बीच नई लाइन नल्लापाडु जंक्शन को बायपास करते हुए न्यू पिदुगुराल्ला के माध्यम से सिकंदराबाद से डोन दिशा तक सीधे यातायात की आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगी। रेल लाइनों का विद्युतीकरण कर्षण शक्ति में परिवर्तन से बचकर ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही प्रदान करने में मदद करता है। यह कोचिंग और मालगाड़ियों दोनों के रास्ते में अवरोधन को भी कम करता है जिससे ट्रेनों की औसत गति में सुधार होता है। इस नई रेल लाइन का विद्युतीकरण एंड-टू-एंड आधार पर इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के साथ ट्रेन सेवाओं के संचालन में मदद करता है। विद्युतीकरण ईंधन की लागत बचाने में भी मदद करता है और पर्यावरण के अनुकूल भी है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.